रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹75800 10 ग्राम

₹95000 01 किलो

| सेंसेक्स | डॉलर |
| --- | --- |
| 76,532.96 | 86.628 |
| +631.55 | +0.044 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

माघ शुक्ल पक्ष 01, संवत 2081 | रांची, गुरुवार, 30 जनवरी 2025, वर्ष-25, अंक- 355, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-12 अमेरिका जाएंगे नेतन्याहू, गाजा...

प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ की घटना अत्यंत दुखद है। मैं हताहत हुए श्रद्धालुओं के परिवारजनों के प्रति शोक-संवेदना व्यक्त करती हूं और ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि घायल हुए सभी श्रद्धालु शीघ्र ही स्वस्थ हों।

**द्रौपदी मुर्मू,** राष्ट्रपति, राष्ट्रपति कार्यालय सोशल मीडिया 'एक्स' पर।

प्रयागराज महाकुंभ में हुआ हादसा अत्यंत दुखद है। इसमें जिन श्रद्धालुओं ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा हुआ है। इस सिलसिले में मैंने मुख्यमंत्री योगी जी से बातचीत की है और मैं लगातार राज्य सरकार के संपर्क में हूं।

**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री, सोशल मीडिया 'एक्स' पर।

### हादसे की जांच करेगा न्यायिक आयोग, मृतक के आश्रितों को मिलेगा 25-25 लाख मुआवजा

# महाकुंभ में भगदड़, 30 की मौत, 60 घायल

**महाकुंभनगर (हि.स.)**

मौनी अमावस्या स्नान के अवसर पर मंगलवार की रात संगम नोज पर हुई भगदड़ में 90 श्रद्धालु घायल हो गए, जिनमें से 30 की मौत हो गई। इस हादसे की जांच के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने पूर्व न्यायाधीश हर्ष कुमार की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग का गठन किया है। पुलिस भी हादसे की जांच करेगी। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक गुरुवार को घटना स्थल का दौरा करेंगे। वहीं, प्रदेश सरकार मृतकों के आश्रितों को 25-25 लाख रुपए की आर्थिक मदद देगी। महाकुंभ भगदड़ में 30 लोगों की मौत पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, घटना अत्यंत दुखद है। मृतकों के प्रति मेरी विनम्र श्रद्धांजलि है। जिन्होंने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। इस घटना की पूरी जांच करवा करके हम इसकी तह में जाएंगे। इसके अलावा, पुलिस के स्तर पर भी हम लोग इसकी अलग से जांच करवाएंगे कि ये घटना किन कारणों की वजह से हुई है। मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

शेष पेज 11 पर

**मेला प्रशासन का हेल्पलाइन नंबर 1920**



### पलामू की महिला की भी मौत

**रांची।** प्रयागराज में लगे महाकुंभ मेले में मची भगदड़ में पलामू की एक महिला की भी मौत हो गई और उनकी बहन घायल हो गइ़। इधर, रांची के कुछ लोगों के परिवार के सदस्य भी महाकुंभ में गए हुए हैं। उन्होंने बताया कि रात में लोग रास्ते में चटाई बिछाकर सो गए थे। वे हटाने पर भी नहीं हट रहे थे। इससे यह हादसा हो गया। वहीं, जानकारी के अनुसार, महाकुंभ हादसे की शिकार महिला रेहला थाना क्षेत्र के तोलरा गांव की निवासी थीं। उनकी पहचान 60 वर्षीया गायत्री देवी (पति अमरेश पांडेय) के रूप में हुई है। मृत महिला की बहन गंभीर रूप से जख्मी हो गई हैं। मृत महिला का एक बेटा सीआरपीएफ में है और वह प्रयागराज क्षेत्र में ही ड्यूटी पर तैनात है। महिला के शव को पलामू लाया जा रहा है।

प्रयागराज महाकुंभ में हुई दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना का समाचार अत्यंत दुखद है। इस हादसे में अपने प्रियजनों को खोने वाले शोकाकुल परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

**संतोष कुमार गंगवार,** राज्यपाल, सोशल मीडिया 'एक्स' पर।

इस भदगड़ की खबर से मन व्यथित है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त तीर्थयात्री परिवारों के साथ हैं। इस दुखद घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। पूर्ण आशा है कि भारत सरकार इस घटना की पूरी तरह से जांच करेगी और ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी। हम सभी को मिलकर ऐसी त्रासदियों से सबक लेना चाहिए और भविष्य में सुरक्षा के उचित इंतजाम सुनिश्चित करने चाहिए ताकि ऐसी घटना दुबारा ना हो।

**हेमंत सोरेन,** मुख्यमंत्री, सोशल मीडिया 'एक्स' पर।

**रांची का तापमान**

| कांके | | रांची | |
| --- | --- | --- | --- |
| अधिक. | 24.0° | अधिक. | 27.5° |
| न्यून. | 07.0° | न्यून. | 09.4° |

### झारखंड समेत विभिन्न राज्यों को 3027.86 करोड़ रुपए की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति ने बुधवार को विभिन्न राज्यों में आपदा शमन के लिए 3027.86 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। उच्च स्तरीय समिति ने सबसे अधिक सूखा प्रभावित 12 राज्यों को उत्प्रेरक सहायता के लिए 2022.16 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय वाली परियोजना को मंजूरी दी है, जिसमें केंद्र सरकार का हिस्सा 1200 करोड़ रुपए होगा। इन 12 राज्यों में झारखंड व बिहार भी शामिल हैं। समिति ने 10 राज्यों में कुल 186.78 करोड़ रुपए की लागत से बिजली सुरक्षा पर शमन परियोजना को भी मंजूरी दी है। इन 10 राज्यों में झारखंड का नाम भी है। केंद्रीय गृह मंत्री ने 19 राज्यों के उच्च प्राथमिकता वाले 144 जिलों में 818.92 करोड़ रुपए के कुल व्यय के वन अग्नि प्रबंधन के लिए शमन परियोजना को भी मंजूरी दी है। जिन राज्यों के लिए मंजूरी दी गई है, उनमें झारखंड भी शामिल है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूरा किया अपना वादा

# सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को सौंपे भूखंड आवंटन के कागजात

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को हॉकी में राज्य और देश का नाम रोशन करने वाली ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे एवं निक्की प्रधान के सपने को हकीकत में बदल दिया। मुख्यमंत्री ने झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में सलीमा और निक्की को रांची के हरमू स्थित आवासीय कॉलोनी में 3750 वर्ग फीट भूखंड आवंटन का कागजात सौंपा। मुख्यमंत्री ने इन दोनों स्टार हॉकी खिलाड़ियों को हरमू आवासीय कॉलोनी के प्लॉट नंबर - 10 (बी) तथा 10 (ए) में 3750-3750 वर्ग फीट भूखंड आवंटन की हस्तगत प्रतियां आवास निर्माण के लिए उन्हें प्रदान की। इस तरह, राज्य सरकार ने आज झारखंड की दो बेहतरीन महिला हॉकी खिलाड़ियों की खेल उपलब्धियों को मान्यता देते हुए रांची में उनका अपना घर होने के सपने को आखिरकार पूरा कर दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि आज उत्साह का दिन है। राज्य की दो होनहार हॉकी खिलाड़ी बेटियों का सम्मानित किया जा रहा है।

हमारी बेटियों ने अपने हुनर और काबिलियत से सिर्फ राज्य का ही नहीं, बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कई दशकों से झारखंड की बेटियों ने अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर देश और दुनिया में अलग पहचान बनाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने प्रदर्शन की बदौलत कई बार हमारी बेटियों ने लोगों को आश्चर्यचकित किया है कि झारखंड जैसे पिछड़े और आदिवासी बहुल क्षेत्र में भी सीमित संसाधनों में तैयारी कर इतनी बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई ऐसे मौकों पर देखने को मिला कि राज्य के खिलाड़ियों ने देश और दुनिया में अपनी प्रतिभाओं का लोहा मनवाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने खेल पर फोकस करते हुए नई रास्ता तलाशने का काम किया है, जिससे यहां के युवाओं को अपनी प्रतिभा को निखारने का मौका मिल रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार ने रांची में हॉकी के अंतरराष्ट्रीय

शेष पेज 11 पर



**घर** बनाने के लिए सरकार खेल नीति के तहत 35-35 लाख रुपए भी देगी

**दोनों** ओलंपियन हॉकी खिलाड़ियों को पूरा हुआ रांची में अपने घर का सपना

**सलीमा-निक्की ने सीएम के प्रति जताया आभार**

सलीमा टेटे ने कहा कि आज बहुत अच्छा लग रहा है। मुख्यमंत्री ने जो वादा किया था, आज उन्होंने पूरा किया। सलीमा टेटे ने कहा कि कोई भी काम दिल से करने पर मंजिल एक दिन जरूर मिलती है। हाल के दिनों में रांची में महिला हॉकी इंडिया लीग का सफल आयोजन हुआ था। मुख्यमंत्री भी मैच देखने के लिए पधारे थे और काफी खुश थे। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री आप इसी तरह हमेशा मुस्कुराते रहिए और हम जैसे खिलाड़ियों को सपोर्ट करते रहिए। आपका धन्यवाद। मौके पर निक्की प्रधान ने कहा कि वर्ष 2021 में मेरा पहला ओलंपिक पार्टिसिपेशन के बाद जब हम रांची पहुंचे थे, तब मुख्यमंत्री ने इसी सभागार में जमीन देने का वादा किया था। आज उन्होंने अपना वादा पूरा किया। अब मेरा रांची में अपना घर होने का सपना पूरा हो रहा है। मुख्यमंत्री को तहे दिल से धन्यवाद।

**राज्य कैबिनेट का फैसला**

## सीएनटी एक्ट उल्लंघन के मामले में अधिकारी बर्खास्त

- **झारखंड राज्य उच्चतर शिक्षा पुरस्कार योजना को मिली मंजूरी**

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को राज्य कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें छह प्रस्ताव पारित किए गए। झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और तत्कालीन विशेष विनियमन पदाधिकारी रांची मतियस विजय टोप्पो को सेवा से बर्खास्त करने की मंजूरी दी गई है। उनके खिलाफ आरोप है कि उन्होंने छोटानागपुर टेनेंसी एक्ट (सीएनटी एक्ट) की धारा 71ए का उल्लंघन करते हुए वर्ष 1969 के पहले की भूमि को बिना जांचे नियमित किया। 30 वर्ष के टाइम बांड के नियम का भी उन्होंने उल्लंघन किया। टोप्पो अभी निदेशक डीआरडीए हजारीबाग के पद पर कार्यरत हैं।

कैबिनेट बैठक के बाद अपर सचिव राजीव रंजन ने बताया कि झारखंड हाईकोर्ट के तहत दायर वाद संख्या डब्लूपीएस नंबर 777/2023, राज कुमार राम बनाम झारखंड सरकार एवं अन्य तथा उक्त से उद्भूत अवमानना वाद संख्या 190/2024 राज कुमार राम बनाम झारखंड सरकार एवं अन्य के क्रम में राज कुमार राम, सेवानिवृत्त पदचर की सेवा नियमित एवं संपुष्ट किए जाने एवं अनुमान्य वित्तीय लाभ दिए जाने की स्वीकृति दी गई।

उन्होंने बताया कि झारखंड हाईकोर्ट में दायर वाद डब्लूपीएस नंबर 7081/2023 विजय कुमार ठाकुर बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य के आलोक में विजय कुमार ठाकुर, सेवानिवृत्त को वरीय अनुदेशक (तदर्थ रूप से नियुक्त), हस्तशिल्प संसाधन-सह-विकास केंद्र, जमशेदपुर की सेवा नियमित करते हुए पेंशनादि लाभों की मंजूरी दी गई। इसी प्रकार, निर्माण कार्य श्रेणी की गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) दर में वृद्धि (12.00 प्रतिशत के स्थान पर 18.00 प्रतिशत) के परिप्रेक्ष्य में नगर विकास एवं आवास विभाग के तहत कार्य संविदाओं में भुगतान-अंतर राशि देयता के लिए प्रक्रिया निर्धारण की स्वीकृति दी गई। अपर सचिव राजीव रंजन ने बताया कि राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षकों, छात्रों, प्रशासकों एवं संस्थानों को सम्मानित करने के उद्देश्य से 'झारखंड राज्य उच्चतर शिक्षा पुरस्कार' योजना लागू करने की मंजूरी दी।

शेष पेज 11 पर

### अंतरिक्ष नेविगेशन में नई ऊंचाइयों पर पहुंचा भारत

## इसरो का 100वां मिशन सफल, बनाया कीर्तिमान

- **यह नई पीढ़ी के नेविगेशन उपग्रहों में से दूसरा है**

**श्रीहरिकोटा (हि.स.)**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का ऐतिहासिक 100वां प्रक्षेपण सफल रहा। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में बुधवार की सुबह 06:23 बजे पर एनवीएस-02 को ले जाने वाले जीएसएलवी-एफ15 को सफलतापूर्वक लांच किया गया। इसरो ने इस कामयाबी को लेकर कहा कि भारत अंतरिक्ष नेविगेशन में नई



ऊंचाइयों पर पहुंच गया। एनवीएस-02 उपग्रह को इसरो वैज्ञानिकों ने विकसित किया है। यह स्वदेशी नेविगेशन उपग्रह प्रणाली है। इसका वजन 2,250 किलोग्राम है।

शेष पेज 11 पर

*ऐतिहासिक 100वें प्रक्षेपण पर इसरो को बधाई! यह अविश्वसनीय उपलब्धि हमारे वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की दूरदर्शिता, समर्पण और प्रतिबद्धता को दर्शाती है। प्राइवेट सेक्टर के साथ मिलकर काम करने से भारत की अंतरिक्ष यात्रा नई ऊंचाइयों को छूती रहेगी।*

***नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री, सोशल मीडिया 'एक्स' पर।*

### जेपीसी ने वक्फ पर विधेयक के संशोधित प्रारूप को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन विधेयक पर गठित संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) ने बुधवार को इससे जुड़ी रिपोर्ट और मसौदा विधेयक के संशोधित प्रारूप को बहुमत के वोट के आधार पर मंजूरी प्रदान कर दी। समिति ने 15 बनाम 11 मतों से इसे स्वीकार किया है। समिति की ओर से विधेयक में 14 खंडों में संशोधनों को अपनाया गया है। समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने बुधवार को जेपीसी की बैठक के बाद पत्रकारों को इसकी जानकारी दी।

### सोनुवा में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़

## जेडसीए विनय गंझू और 1 महिला नक्सली ढेर

- **दो इंसास राइफल समेत विस्फोटक व अन्य सामान बरामद**

**नवीन मेल डेस्क**

**चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)।** पश्चिमी सिंहभूम पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिला मुख्यालय चाईबासा के सोनुवा में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच बुधवार को हुई मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए। घटनास्थल से दो इंसास राइफल समेत विस्फोटक व अन्य सामान बरामद किए गए हैं। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, सोनुवा थाना के विलायती टोला के समीप जंगली, पहाड़ी क्षेत्र में प्रतिबंधित संगठन भाकपा माओवादी के नक्सलियों की ओर से सुरक्षाबलों को देखकर गोलाबारी प्रारंभ कर दी गई।



शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

# कुंभ में संगम स्नान को बड़े क्षेत्रफल में करने से रुकेगी भगदड़

भारत में कहावत है कुंभ में बिछुड़े भाई बीस साल मिले । कुंभ में हर धर्मपरायण भारतीय स्नान करना चाहता है और इस बार 144 बाद के महाकुंभ में रिकॉर्ड भीड़ और दुर्घटना का बड़ा कारण सोशल मीडिया है जिसमें पक्ष और विपक्ष व्यवस्था और बम विस्फोट तक की खबरें बेरोकटोक चल रही हैं । वैसे मौनी अमावस्या के दिन दुर्घटना का इतिहास है । 3 फरवरी 1954 सुबह लगभग 8 बजे के आसपास प्रयागराज में लगे कुंभ मेले में मौनी अमावस्या के लिए लाखों की भीड़ में अचानक कुछ अफवाहें फैलने से स्नान पर्व में भगदड़ मच गई थी और 45 मिनट तक चले मौत के तांडव में लगभग 800 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। उस कुंभ में देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू भी आए थे।इस बार भी प्रयागराज में महाकुंभ में मौनी अमावस्या के दिन ही भगदड़ मची, जिसमें कुछ लोगों की मृत्यु और गंभीर रूप से घायल होने की खबरें हैं। 144 साल बाद के महाकुंभ में इस बार की अभूतपूर्व व्यवस्था और करोड़ों की भीड़ के बीच स्थिति नियंत्रण में है। विभिन्न स्त्रोतों के अनुसार इस बार के महाकुंभ में भगदड़ रात लगभग 2 बजे हुई जब संगम पर मौनी अमावस्या के स्नान को लेकर एकाएक भीड़ बढ़ने लगी। लोग मुख्य संगम पर ही स्नान करने की जिद करने लगे। तभी बढ़ते भीड़ के दबाव के कारण संगम के रास्ते में लगी बैरिकेडिंग टूट गई। इससे अचानक मेले में भगदड़ मच गई। जब खास मुहूर्त में लोग स्नान के लिए जा रहे थे और बैरिकेडिंग के पास या रस्तों पर भी लोग सोए हुए थे जो पुलिस के बहुत समझाने पर पर भी हटे नहीं जिसके चलते लेटे हुए लोगों के पैरों में फंसकर कुछ लोग गिर गए। उनके गिरते ही पीछे से आ रही लोगों की भीड़ एक के ऊपर एक गिरती चली गई। बताया जाता है कि इसी तरह 1954 में कुंभ के दौरान ऐसी ही दुखद घटना हुई थी उस घटना के बारे में प्रयागराज में गंगा के किनारे बसे लोग बताते हैं कि 1954 में मौनी आमावस्या के उस स्नान पर्व में हुआ यह था कि उस दिन अखाड़ों के शाही स्नान के दौरान ही ये अफवाह फैल गई कि प्रधानमंत्री नेहरू का हेलीकॉप्टर मेला क्षेत्र में आ रहा है। इस अफवाह पर यकीन करके कुछ लोग उन्हें देखने के चक्कर में भागने लगे। इस अफरा-तफरी से कुछ नागा साधु गुस्से में आकर चिमटों से हमला बोल दिया। ऐसे में और अफरा-तफरी मच गई।भगदड़ यानी मौत का यह तांडव करीब 45 मिनट तक चलता रहा। इसके कुछ ही समय बाद भीड़ खुद ही नियंत्रित हो गई। दुर्घटना के बाद नेहरू ने न्यायमूर्ति कमलाकांत वर्मा की अध्यक्षता में जांच कमेटी बनाई गई। नेहरू ने नेताओं और अतिविशिष्ट लोगों से स्नान पर्वों पर कुंभ न जाने की अपील की थी। भारत के इतिहास में सबसे खराब भगदड़ के बाद गठित न्यायमूर्ति कमला कांत वर्मा न्यायिक जांच आयोग की सिफारिशें आने वाले दशकों में भविष्य के आयोजनों के बेहतर प्रबंधन का आधार बनीं। यह त्रासदी मेला योजनाकारों और जिला प्रशासकों के लिए एक गंभीर चेतावनी के रूप में मानी जाती हैं। इससे पहले 1840 और 1906 के कुभों के दौरान भी भगदड़ मची, जिसमें जान-माल का काफी नुकसान हुआ था। महाराष्ट्र के नासिक में 2003 के कुंभ मेले के दौरान 27 अगस्त को भगदड़ मच गई थी। इस भगदड़ में 39 लोगों की मौत हो गई थी। उत्तराखंड के हरिद्वार में 2010 में कुंभ मेले के दौरान 14 अप्रैल को भगदड़ मच गई थी। इसमें 7 लोगों की मौत हो गई थी। इसी तरह प्रयागराज में 2013 में भी कुंभ मेले का आयोजन हुआ था। यह घटना मौनी अमावस्या पर 10 फरवरी को अमृत स्नान के दौरान घटी थी। प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में 36 लोगों की मौत हो गई थी। महाकुंभ के झारखंडवासी यात्रियों ने भी बताया कि मेले में टेंट में रहने खाने पीने से लेकर सुरक्षा के अभूतपूर्व और शानदार इंतजाम हैं फिर चूक कहां हुई इसकी पक्की जानकारी जांच के बाद आएगी । पर एक्स,रील,और इंस्टाग्राम पर बेरोकटोक चल रही भ्रामक जानकारी ही अफवाह का आधार है जिसमें कुछ राजनीतिक पार्टियों का भी हाथ है जो अव्यवस्था से लेकर संगम में ही स्नान के महत्व जैसी बातें लगातार दिखा रहे हैं । इसमें इंटरनेट बंद करना तो उचित नहीं होगा पर ईरान जैसे देशों की तरह सोशल मीडिया पर आंशिक प्रतिबंध लगाया जा सकता है दूसरा उपाय है संगम स्थल को व्यापक और विस्तृत किया जा सकता है जिससे सभी को गुजरते हुए संगम में ही स्नान का अवसर मिल सके ऐसी कृत्रिम व्यवस्था की जा सकती है । वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को इस दिशा में शोध करना चाहिए ताकि यह पवित्र स्नान सर्वथा सुरक्षित हो सके । सबसे बड़ी बात क्षुद्र राजनीति को इससे दूर रखना चाहिए जो इंटरनेट पर गंध मचा रही है ।



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक



**केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले**

## 'नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन' को दी गई मंजूरी

- **मोलेसेस तथा गन्ने के रस की नई कीमतों को भी मिली स्वीकृति**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। मंत्रिमंडल ने 'नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन' को मंजूरी दी। साथ ही, मोलेसेस तथा गन्ने के रस की नई कीमतों को भी स्वीकृति दी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद प्रेस वार्ता में बताया, आज सबसे बड़ा फैसला किसानों के हित में लिया गया है। हम सब जानते हैं कि इथेनॉल के उपयोग से देश की इकॉनोमी को बहुत बड़ा फायदा हुआ है। यह किसानों के लिए फायदेमंद रहा है। यह विदेशी मुद्रा की बचत करता है और पर्यावरणीय स्थिरता का भी समर्थन करता है। अक्टूबर में समाप्त हुए पिछले इथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) में, इथेनॉल ने 40,000 करोड़ रुपये के लाभ में योगदान दिया।

उन्होंने कहा, आपने देखा होगा कि गन्ने से तीन चीजें निकलती हैं - जिनमें सी हैवी मोलेसेस, बी हैवी मोलेसेस और गन्ने का रस शामिल है। इन तीनों की खरीद कीमतों को आज कैबिनेट द्वारा मंजूरी दे दी गई। इसका जितना उपयोग इथेनॉल बनाने में होगा, उतना ही यह देश, किसानों और पर्यावरण के लिए फायदेमंद है, इसलिए इसे प्रमुखता से बढ़ावा दिया जा रहा है। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से आने वाली पीढ़ी

शेष पेज 11 पर

# सरकार जनजातीय संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है : चमरा लिंडा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि सरकार, झारखंड की जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। झारखंड की जनजातीय कला और संस्कृति को संजोने और जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के गौरवशाली इतिहास को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित करने के उद्देश्य से ही राज्य-स्तरीय जनजातीय चित्रकार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वह बुधवार को डॉ. राम दयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान परिसर, मोराबादी, रांची में राज्य-स्तरीय जनजातीय चित्रकार शिविर का उद्घाटन कर रहे थे। यह ऐतिहासिक आयोजन जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार एवं झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

मंत्री ने कहा कि झारखंड के जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों का संघर्ष हमारी अस्मिता और प्रेरणा का प्रतीक है। उनकी शौर्यगाथा को कला के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाना बेहद आवश्यक है। इस चित्रकार शिविर के माध्यम से हमें उन वीर सेनानियों की वीरता को पुनः जीवंत करने का अवसर मिला है।



## जनजातीय समाज कला व संस्कृति के लिए रहा है संघर्षशील

झारखंड का जनजातीय समाज हमेशा से अपनी कला, संस्कृति और संघर्षशीलता के लिए जाना जाता है। यहां के कलाकारों की प्रतिभा अद्भुत है और यह शिविर उन कलाकारों को एक मंच प्रदान करेगा जिससे, वे अपनी कला के माध्यम से इतिहास को संजो सकें। इस वर्ष धरती आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती का ऐतिहासिक उत्सव मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में झारखंड के वीर जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के चित्रांकन के लिए यह चार दिवसीय जनजातीय चित्रकार शिविर (29 जनवरी से 1 फरवरी 2025) आयोजित किया गया है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य झारखंड की वीरभूमि से जुड़े जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों जैसे बिरसा मुंडा, सिद्धू-कान्हू, चांद-भैरव, तिलका मांझी, वीर बुधु भगत, नीलांबर-पीतांबर सहित अन्य अमर योद्धाओं के संघर्ष और योगदान को चित्रों के माध्यम से जीवंत करना है।

इस शिविर में झारखंड के कोने-कोने से आए वरिष्ठ एवं युवा जनजातीय चित्रकार हिस्सा ले रहे हैं। प्रतिभागी कलाकार अपने चित्रों के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों की गाथाओं को जीवंत रूप देंगे। चित्रकला की विभिन्न शैलियों, जैसे सोहराई, कोहबर, पिठौरा, गोंड, वारली और अन्य जनजातीय कला रूपों का प्रयोग किया जाएगा, जिससे झारखंड की समृद्ध कला परंपरा को भी बल मिलेगा। शिविर के अंत में सभी चित्रों को एक विशेष प्रदर्शनी के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें झारखंड के स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े चित्रों को प्रदर्शित किया जाएगा। इन चित्रों को झारखंड के विभिन्न सरकारी कार्यालयों, संग्रहालयों और सार्वजनिक स्थलों पर स्थापित करने की योजना बनाई जा रही है, जिससे आने वाली पीढ़ियां अपने इतिहास से अवगत हो सकें।

लिंडा ने यह भी घोषणा की, कि झारखंड सरकार राज्य के जनजातीय कलाकारों को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य के जनजातीय कलाकारों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए सरकार कई योजनाओं पर कार्य कर रही है।

इस आयोजन को लेकर जनजातीय समाज में विशेष उत्साह देखने को मिला। कई समुदायों के प्रतिनिधि, कलाकार, शोधार्थी और विद्यार्थी भी इस शिविर में शामिल हुए। सभी ने इस प्रयास की सराहना की और कहा कि झारखंड की गौरवशाली परंपरा को नई पहचान देने में यह आयोजन मील का पत्थर साबित होगा। यह चार दिवसीय शिविर एक फरवरी 2025 को संपन्न होगा। समापन समारोह में सर्वश्रेष्ठ चित्रकारों को विशेष सम्मान और पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही, झारखंड सरकार के जरिये इन चित्रों को आधिकारिक रूप से संरक्षित करने की योजना भी बनाई गई है।

धरती आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित यह राज्य-स्तरीय जनजातीय चित्रकार शिविर झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों की गाथाओं को एक नई पहचान देगा। यह न केवल झारखंड की सांस्कृतिक विरासत को संजोने का कार्य करेगा, बल्कि जनजातीय चित्रकारों को भी एक नया मंच प्रदान करेगा। जनजातीय समाज की अमूल्य धरोहर को सहेजने के लिए इस तरह के आयोजन भविष्य में भी होते रहेंगे।

मौके पर मुख्य रूप से टीसीडीसी प्रबंध निदेशक नियोलसन बागे, कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा सहित अन्य मौजूद थे।

---

आचार संहिता उल्लंघन मामला

## महुआ माजी व सीपी सिंह के खिलाफ हुआ चार्जशीट दाखिल




**रांची।** राज्यसभा सांसद महुआ माजी एवं विधायक सीपी सिंह के खिलाफ दर्ज चुनाव आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़े मामले में जांच अधिकारी ने जांच पूरी करते हुए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चंदन की अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी है। दाखिल चार्जशीट पर अदालत ने उपस्थिति की तारीख निर्धारित कर दी है। अदालत ने इसके लिए 15 फरवरी की तारीख निर्धारित की है। यह प्राथमिकी संजीव कुमार गुप्ता की शिकायत पर रांची अंचल के तत्कालीन सीओ मुंशी राम (वर्तमान में जेल में बंद) ने हिंदपीढ़ी थाने में 7 नवंबर 2024 को कांड संख्या 122/24 एवं 123/24 के तहत दर्ज कराई है। सरकारी बिजली के खंभे एवं मारवाड़ी कॉलेज होते हुए तीसरी गली, बुधिया खंभों के बीचों बीच झामुमो एवं भाजपा प्रत्याशी का पोस्टर बैनर पाया गया था।

धनबाद जेल हत्याकांड

## आरोपी सतीश गांधी की जमानत पर फैसला आज



**रांची।** उत्तर प्रदेश के गैंगस्टर अमन सिंह की धनबाद जेल में हुई हत्या में जेल में बंद आरोपी सतीश कुमार उर्फ सतीश गांधी की जमानत याचिका पर सीआईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में बुधवार को सुनवाई हुई। आरोपी ने जमानत की गुहार लगाते हुए 18 जनवरी को याचिका दाखिल की है। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के पश्चात अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया है। अदालत अपना सुरक्षित आदेश 30 जनवरी को सुनाएगी। बता दें कि धनबाद जेल में बंद शूटर अमन सिंह की हत्या 3 दिसंबर 2023 को गोली मारकर कर दी गई थी। घटना की जांच सीआईडी कर रही है। अब तक मामले में 10 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। आगे अभी जांच जारी है।

## एरिया कमांडर सहित नौ आरोपी साक्ष्य के अभाव में हुए बरी

**रांची।** मधुकान प्रोजेक्ट लिमिटेड सलगाडीह कैंप (तमाड़) में खड़ी गाड़ियों को आग के हवाले करने के मामले में पीएलएफआई का एरिया कमांडर मंगल पांडेय सहित नौ आरोपितों को साक्ष्य के अभाव बरी कर दिया गया। उन्हें अपर न्यायुक्त शैलेन्द्र कुमार की अदालत से बरी किया गया। मामला चार मार्च 2016 का है। मधुकान प्रोजेक्ट लिमिटेड सलगाडीह कैंप के कर्मचारी के बयान पर तमाड़ थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। प्राथमिकी में कहा गया था कि चार मार्च 2016 की रात 11:45 बजे तीन मोटरसाइकिल में सवार होकर छह लोग और पैदल आठ लोग मधुकान प्रोजेक्ट लिमिटेड सलगाडीह कैंप के बेरियर में घुस गये थे। उसमें कुछ लोग हथियार से लैस थे। बेरियर में घुसते ही ड्यूटी में कार्यरत कर्मचारी की मोबाइल छीनकर पूछने लगे इंचार्ज कौन है। पूछताछ के दौरान ही उनमें से कुछ लोगों ने कैंप में खड़ी गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया था।

---

बंगाल के यूसुफ के बैंक अकाउंट से 95 बार मंईयां योजना के लिए आवेदन

# उपायुक्त ने दिया एफआईआर का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही मंईयां सम्मान योजना के भौतिक सत्यापन में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। बोकारो जिले की उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा योजना के लाभुकों का भौतिक सत्यापन के क्रम में यह बात सामने आई है कि एक ही बैंक खाता का नंबर दर्ज कर अलग-अलग नाम से अलग-अलग प्रखंडों से कुल 95 बार आवेदन किया गया है। जिसमें चास प्रखंड और चास नगर निगम क्षेत्र से कुल 67 बार एवं गोमिया प्रखंड से 28 बार आवेदन किया गया है। जांच के क्रम में भी यह पता चला है कि इंडसइंड बैंक में ही ऐसे ज्यादतर बैंक खाता खुला है। यह सभी आवेदन पलामू जिले के डालटेनगंज के मेदनीनगर स्थित प्रज्ञा केंद्र के संचालक सुमीत कुमार के आइडी संख्या 542316220013 से किया गया है। सत्यापन के दौरान यह बात स्पष्ट रूप से सामने आई है कि बैंक खाता संख्या 100253387047, जिसके खाता धारक का नाम यूसुफ है, पता - पतागोड़ा, बड़ाखांती, उत्तरदिनाजपुर, राज्य- पश्चिम बंगाल है। इस खाता का इस्तेमाल कुल 95 बार अलग-अलग नाम से योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया गया है। इस व्यक्ति के नाम पर दर्ज राशन कार्ड का संख्या भी फर्जी अंकित है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने जांच के क्रम में इसकी पुष्टी की है। वहीं, सभी नामों के उपनाम में किस्कू, हांसदा और मुर्मू शब्द जोड़ा गया है। 21 नवंबर 2024 को एक ही साथ कई बार आवेदन किया गया है। पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसी ने खाता धारक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है।



## मंदिर का ताला तोड़कर चोरों ने दानपेटी समेत कई सामान चुराए

**रांची।** रांची के एटीआई मोड़ स्थित हनुमान मंदिर के द्वार का ताला तोड़कर चोरों ने दानपेटी समेत अन्य चीजें चुराकर ले भागे। घटना रविवार की है। चोरी की वारदात मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई है। इस संबंध में मंदिर के विकास चौबे ने लालपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। विकास चौबे ने आवेदन में कहा कि कैमरा देखने से जानकारी मिली कि चोर मंदिर का गेट फांदकर अंदर घुसा। इसके बाद दान पेटी का ताला तोड़कर पैसे निकाल लिया। पूजा पाठ से संबंधित कांसा और पीतल के सामान चुरा लिए। अलमीरा को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

---

# राज्य में निर्माणाधीन 19 कोल्ड स्टोरेज का कार्य समय पर हो पूरा : शिल्पी नेहा तिर्की



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विभाग से जुड़े भवनों के निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर जोर देने का निर्देश दिया है। नेपाल हाउस में भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बुधवार को बैठक के दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने राज्य में निर्माणाधीन 19 कोल्ड स्टोरेज का कार्य समय सीमा के अंदर पूर्ण करने को कहा है। बैठक के दौरान इस बात पर जोर दिया गया कि नए भवन के निर्माण कार्य के साथ- साथ पहले से बन कर तैयार भवन का भी रख रखाव जरूरी है। खासकर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग से जुड़े लैंप-पैक्स के लिए ये निर्देश ज्यादा जरूरी है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि कृषि उत्पाद के स्टोरेज से जुड़े भवनों का निर्माण कार्य तय समय सीमा के अंदर होनी चाहिए। राज्य में जर्जर लैंप-पैक्स के स्थान पर नए भवन का निर्माण समय की आवश्यकता है। राज्य में निर्माणाधीन 19 कोल्ड स्टोरेज के साथ-साथ छोटे कोल्ड स्टोरेज की भी समीक्षा की गई। राज्य में पर्याप्त संख्या में कोल्ड स्टोरेज नहीं होने से कृषि उत्पाद, फल, सब्जी के रख रखाव में किसानों को परेशानी हो रही है। ऐसे कोल्ड स्टोरेज के निर्माण के क्रम में गुणवत्ता पर सबसे ज्यादा जोर देने का निर्देश दिया गया है। बैठक में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि इस बार मौसम अनुकूल रहने की वजह से धान की अच्छी पैदावार हुई है। मोटा अनाज और दलहन की भी पैदावार पहले की तुलना में बेहतर है। किसानों को समय पर बीज वितरण के लिए राज्य में स्टोरेज की बेहतर व्यवस्था होनी चाहिए। इसके लिए विभाग को भवन की जरूरत है और भवन निर्माण विभाग को इसके लिए समय सीमा के अंदर भवन उपलब्ध कराना होगा। बैठक में विभागीय सचिव अबू बक्कर सिद्धिख, भवन निर्माण विभाग के सचिव अरवा राजकमल और दूसरे विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## रेरा में अध्यक्ष व एडजुडिकेटिंग अफसर के पद रिक्त, मांगा जवाब

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) में अध्यक्ष व एडजुडिकेटिंग ऑफिसर की नियुक्ति को लेकर दायर पीआइएल पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान प्रार्थी का पक्ष सुनने के बाद राज्य सरकार को जवाब दायर करने का निर्देश दिया। खंडपीठ ने शपथ पत्र के माध्यम से दो सप्ताह में जवाब दायर करने को कहा। अगली सुनवाई के लिए खंडपीठ ने 19 मार्च की तिथि निर्धारित की। इससे पूर्व प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शैलेश पोद्दार और अधिवक्ता ट्विंकल रानी ने पक्ष रखते हुए बताया कि झारखंड रेरा में वर्तमान में किसी व्यक्ति को कार्यवाहक अध्यक्ष बनाकर काम चलाया जा रहा है। रेरा में छह जनवरी 2021 से अध्यक्ष का पद खाली पड़ा है। वही एडजुडिकेटिंग ऑफिसर का पद भी 25 नवंबर 2022 से खाली है। 66 केस लंबित पड़े हैं। प्रार्थी ने रिक्त पदों को शीघ्र भरने के लिए सरकार को आदेश देने का आग्रह किया।

---

झारखंड बनेगा मेडिको एग्रीकल्चर हब

# झारखंड उद्यम शक्ति परियोजना का खाका तैयार

*फिनलैंड की कंपनी सॉफ्टा का 24,000 करोड़ का प्रोजेक्ट*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान देने के उद्देश्य से 24,000 करोड़ रुपये की लागत वाली झारखंड उद्यम शक्ति परियोजना का खाका तैयार हो चुका है। इस परियोजना के तहत राज्य को मेडिको एग्रीकल्चर हब बनाने की तैयारी है। फिनलैंड की कंपनी सॉफ्टा के सीईओ सुनील कुमार सिंह और उनकी टीम ने झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से मुलाकात की और परियोजना पर विस्तार से चर्चा की। यह जानकारी सॉफ्टा कंपनी के सीईओ सुनील कुमार सिंह ने बुधवार को प्रेस वार्ता में दी।




उन्होंने बताया कि यह परियोजना झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में 2 लाख से अधिक रोजगार उत्पन्न करेगी। परियोजना के तहत 500 उत्पादन केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जहां पूरी तरह से कार्बन-फ्री खेती और एआई तकनीक का उपयोग होगा। इस परियोजना के माध्यम से ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को न केवल रोजगार मिलेगा बल्कि उन्हें प्रशिक्षित कर सशक्त भी किया जाएगा। इस परियोजना के लागू होने से झारखंड में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और पलायन को नियंत्रित किया जा सकेगा।

श्री सिंह ने बताया कि वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने परियोजना को झारखंड के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार परियोजना के क्रियान्वयन में हरसंभव मदद प्रदान करेगी। मंत्री ने सीईओ सुनील कुमार सिंह को यह भी आश्वस्त किया कि सरकार उनकी आवश्यकताओं और सुझावों पर सकारात्मक कदम उठाएगी।

---

## न्यूज | बॉक्स

### लिंग निर्धारण व भ्रूण हत्या पर रोक लगाई जाएगी : डॉ इरफान अंसारी



**रांची।** नामकुम स्थित लोक स्वास्थ्य संस्थान (आईपीएच) सभागार में आयोजित पीसीपीएनडीटी अधिनियम पर कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य सरकार बेटियों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। मंईयां सम्मान योजना और सावित्री बाई फूले योजना जैसे कार्यक्रम बेटियों को शिक्षा, रोजगार और समग्र विकास के अवसर प्रदान कर रहे हैं। बेटियां बोझ नहीं हैं, बल्कि वे देश की प्रगति में सहायक बन रही हैं। उन्होंने समाज में बेटियों के प्रति संकुचित मानसिकता को बदलने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पीसीपीएनडीटी (गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक) अधिनियम के अनुपालन नहीं करने पर सख्त कारवाई की जाएगी। लिंग निर्धारण और भ्रूण हत्या जैसे अपराधों पर रोक लगाई जाएगी।

### महाकुंभ में हुई मौत पर डॉ लंबोदर महतो ने दुख प्रकट किया



**रांची।** पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने महाकुंभ में भगदड़ से हुई मौतों पर दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त किया एवं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। कहा, आशा करता हूं कि इस तरह की घटना फिर नहीं होगी। व्यवस्था और दुरुस्त होगी। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को महाकुंभ को लेकर प्रशासन द्वारा तय एक्शन प्लान व स्थानीय स्तर पर बनाए गए दिशा निर्देश का पालन करना चाहिए। सबसे बड़ी बात कि अफवाहों से बचना चाहिए।

### कुंभ की घटना पर राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने जताई संवेदना



**रांची।** कुम्भ में मची भगदड़ में हुई मौत पर राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने बुधवार को संवेदना जताई। कहा कि जिन परिवारों ने अपनों को खोया है, उस परिवार के साथ उनकी पूरी सहानुभूति है। घायल श्रद्धालुओं के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने अपील की कि इस घटना पर लोगों के बीच दहशत न फैलाएं। उन्होंने कुम्भ जाने वाले भक्तों से अपील की कि शांतिपूर्वक जहां भी घाट मिले वहीं स्नान करें।

### झारखंड स्वर्णजयंती एक्सप्रेस तीन घंटे विलंब से आई

**रांची।** प्रयागराज महाकुंभ में हुई भगदड़ के कारण रांची आने वाली कई ट्रेनें बुधवार को अपने निर्धारित समय से विलंब से आई। विशेषकर झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस तीन घंटे देर से आई और गई। वहीं, झारखंड संपर्क क्रांति एक्सप्रेस भी दोपहर 2.45 बजे रवाना न होकर दोपहर 3.12 बजे रवाना हुई। इसके अलावा सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस को 18 मिनट विलंब से रवाना किया गया। जबकि, अन्य तकनीकी कारणों से हावड़ा-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस एक घंटे देर से आई।



# नागरमल मोदी सेवा सदन में शान से लहराया तिरंगा

- अध्यक्ष अरुण छावछरिया ने किया झंडोतोलन
- डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का किया गया अभिनन्दन
- सदन की वेबसाइट का हुआ लोकार्पण






**नवीन मेल संवाददाता। रांची**


गणतंत्र दिवस पर नागरमल मोदी सेवा सदन के अध्यक्ष अरुण छावछरिया ने झंडोतोलन किया। इसके उपरांत सदन की उपाध्यक्ष रेखा जैन के निर्देशन में राष्ट्र भक्ति गीत गाया गया। मौके पर सेवा सदन ने रांची के गौरव डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का अभिनन्दन किया। मेडिकल बोर्ड चेयरमैन अजय मारू ने पौधा देकर उनका स्वागत किया। उपाध्यक्ष रेखा जैन एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुनील रुंगटा ने शॉल सहित सम्मान प्रतीक देकर उनका स्वागत किया। आलोक तुलस्यान ने डॉ. मुखर्जी का परिचय देते हुए कहा कि 90 वर्ष के युवा कर्मयोगी से हम सभी प्रेरणा लें। पद्मश्री डॉ. मुखर्जी ने अपने उद्बोधन में सनातन और स्वास्थ्य पर प्रकाश डाला। महामृत्युंजय जाप करने की सीख भी दी। उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक चिकित्सक प्रतिदिन एक मरीज को निःशुल्क देखे तो समाज में बड़ा योगदान हो सकता है। सदन द्वारा डॉ. मुखर्जी पर बायोपिक फिल्म 'अपने शहर का आदमी' प्रदर्शन किया गया। बायोपिक निर्माता सुशील अंकन का आभार प्रकट किया गया। इसके अलावा पूर्व अध्यक्ष केके पोद्दार का स्वागत गोवर्द्धन प्रसाद गाड़ोदिया ने पौधा देकर तथा कमल केडिया एवं विजय साबू ने शॉल सहित सम्मान प्रतीक देकर किया। मानद सचिव आशीष मोदी ने डॉ. मुखर्जी को आमंत्रण स्वीकार ने और प्रेरक उद्बोधन के लिए आभार व्यक्त किया। पूर्व अध्यक्ष केके पोद्दार ने सदन की वेबसाइट का लोकार्पण किया। सदन के सदस्य वरूण जालान ने सविस्तार वेबसाइट का प्रदर्शन किया। वेबसाइट लोकार्पण पर मानद सचिव आशीष मोदी ने कहा कि इससे सदन की व्यापक जानकारी एवं सम्पर्क विस्तार हो सकेगा। (सदन का वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू. एनएमएसएस.को.इन) समारोह में सदन के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार केडिया, सदस्य- ललित केडिया, प्रदीप नारसरिया, राजीव मोदी, बैंकट गाड़ोदिया, गौतम मोदी, कविता मितल, राहुल मारू, रोहित अग्रवाल, प्रदीप राजगडिया, विभिन्न चिकित्सक डॉ केपी दारूका, डॉ माया नारंग, डॉ अंजु कुमार, डॉ तरूण अडुकिया, डॉ डीएम प्रसाद, डॉ अविषेक अग्रवाल, डॉ कृष्णा मुरारी तथा अन्य कई विशेष आमंत्रित उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सदन के सहायक सचिव वेद प्रकाश बागला ने किया एवं सचिव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

### त्रिशताब्दी जयंती पर बोले राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार

# लोकमाता अहिल्याबाई होलकर नारी शक्ति, न्याय और जनकल्याण की प्रतीक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर को नारी शक्ति, न्याय और जनकल्याण की अप्रतिम प्रतीक बताते हुए कहा कि वे केवल एक कुशल प्रशासिका ही नहीं, बल्कि सेवा, त्याग और परोपकार की प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने शिक्षा, कला, संस्कृति और धर्म के संरक्षण के लिए अनुकरणीय कार्य किए। उनकी शासन-व्यवस्था पूरी तरह प्रजा के हितों पर केंद्रित थी। उन्होंने समाज को नई दिशा प्रदान की। वे बुधवार को राष्ट्र सेविका समिति (रांची महानगर) एवं रांची विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राजधानी के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे।



## काशी विश्वनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण में अहम योगदान

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने काशी विश्वनाथ मंदिर एवं अन्य धार्मिक स्थलों के पुनर्निर्माण में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के ऐतिहासिक योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जब हम ह्यआत्मनिर्भर भारतह्ण और ह्यविकसित भारतह्ण की ओर अग्रसर हैं, तब अहिल्याबाई जैसी महान विभूतियों के योगदान से हमें नई प्रेरणा मिलती है।

## अहिल्याबाई का जीवन नारी सशक्तीकरण का सर्वोत्तम उदाहरण

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन न केवल प्रशासनिक दक्षता, बल्कि परोपकार और नारी सशक्तीकरण का भी सर्वोत्तम उदाहरण है। उन्होंने इस समारोह के आयोजन के लिए राष्ट्र सेविका समिति एवं रांची विश्वविद्यालय को बधाई देते हुए विश्वास प्रकट किया कि यह प्रयास लोकमाता अहिल्याबाई की प्रेरणादायी गाथा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा।

# भारत के शीर्ष 50 सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों में कोल इंडिया का नाम शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कोल इंडिया लिमिटेड को भारत के शीर्ष 50 सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों में शामिल हुआ है। नामचीन संस्था ग्रेट प्लेस टू वर्क द्वारा 2025 में विनिर्माण क्षेत्र की 347 संस्थाओं की कार्यपद्धति के व्यापक सर्वे के पश्चात कोल इंडिया लिमिटेड को इस सम्मान से नवाजा गया है। यह प्रतिष्ठित मान्यता अपने कर्मियों के लिए एक सहायक और सशक्त वातावरण प्रदान करते हुए विश्वास, गर्व और सौहार्द की संस्कृति को विकसित करने की कोल इंडिया की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। गौरतलब है कि एक समावेशी और टिकाऊ संगठन बनाने की प्रतिबद्धता के लिए कोल इंडिया को पहले ही ग्रेट प्लेस टू वर्क की मान्यता मिल चुकी है। कोल इंडिया, भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के अंतर्गत एक महारत्न कंपनी है। दुनिया की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी के रूप में कोल इंडिया भारत की 80% से अधिक घरेलू कोयला मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। परिचालन उत्कृष्टता, कर्मचारी कल्याण और पर्यावरणीय स्थिरता को मजबूती से आगे बढ़ाते हुए, कोल इंडिया भारत के ऊर्जा क्षेत्र और आर्थिक विकास में एक अग्रणी संस्थान की भूमिका निभा रही है।

## सड़क सुरक्षा जागरुकता मैराथन में प्रह्लाद और किरनाती विजेता

**रांची।** सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए मोरहाबादी मैदान में बुधवार को मैराथन दौड़ आयोजित हुई। पुरुषों में 5 किमी और महिला वर्ग में 2.5 किमी की दौड़ हुई। पुरुष वर्ग में प्रह्लाद उरांव, अनूप उरांव और ओमप्रकाश क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। महिलाओं में किरनाती कुमारी, शिवानी कुमारी और सुमन कुमारी ने पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इससे पहले परिवहन विभाग के सचिव कृपानंद झा ने सड़क पर चलने के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाकर दौड़ शुरू कराई। मौके पर उप विकास आयुक्त, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### एक्सआईपीटी के प्लेसमेंट ड्राइव में 29 छात्र-छात्राएं चयनित

**रांची।** जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटेक्निक एंड टेक्नोलॉजी (एक्सआईपीटी), बरगावां, नामकुम में बुधवार को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया गया। पुणे स्थित पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए आयोजित इस ड्राइव में लिखित परीक्षा और व्यक्तिगत साक्षात्कार के बाद 29 छात्र-छात्राओं का चयन कंपनी की ओर से किया गया। मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के विद्यार्थी ड्राइव में शामिल हुए। एक्सआईपीटी के समन्वयक डॉ अशोक सांडिल, प्राचार्य लोचन खलको, प्लेसमेंट समन्वयक डॉ जॉर्ज फ्रांसिस ओस्टा ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मौनी अमावस्या पर श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में हुई विशेष पूजा-उपासना



**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरूपति बालाजी) मंदिर में स्नान -दान की पुण्यतमा मौनी अमावस्या तिथि में आराधना शुरू हुआ। फिर महाआरती हुई। खीर, फल और मेवा का बाल भोग लगा गया । दोपहर और रात्रि राजभोग में नौ प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया । फिर भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर तथा चक्रराज सुदर्शन, पक्षीराज गरुड़ जी का क्रमबद्ध स्तवन हुआ। इसके बाद तदियाराधान- गुरुपरंपरा, गोष्ठी, तीर्थ और शठारी के बाद मासिक कुंकुम अर्चना मासिक पुष्प अर्चना का महा संकल्प करके अर्चना और आरती की गयी। फिर आम श्रद्धालु भक्तों के दर्शन पूजा के लिए मंदिर के बाहरी कपाट को खोल दिया गया। श्रद्धालु भक्त श्रीनिवासा गोविंदा श्री वेंकटेशा गोविंदा के जय घोष के साथ मंदिर में प्रवेश किया। सभी अपने-अपने नाम और गोत्र से संकल्प कराकर पूजा अर्चना कराया।

### सीएमपीडीआई में डिजिटल कांफ्रेंस हॉल का उद्घाटन



**रांची।** सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची में एक अत्याधुनिक पूर्णतः डिजिटल कांफ्रेंस हॉल का उद्घाटन किया। यह अत्याधुनिक कांफ्रेंस हॉल में एक ई-पोडियम, एक इंटरएक्टिव डिजिटल स्क्रीन, एक उन्नत हाई-टेक पीटीजेड कैमरा और निर्बाध वीडियो कांफ्रेंसिंग और प्रस्तुतियों की सुविधा के लिए अत्याधुनिक तकनीकों से सुसज्जित है। मौके पर सीएमपीडीआई निदेशक (तकनीकी/ सीआरडी), निदेशक (तकनीकी/ पीएंडडी/ आरडीएंडटी) अजय कुमार, क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची के क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रवर्ती, महाप्रबंधक (उत्खनन) कंचन सिन्हा सहित मुख्यालय एवं क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षगण, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### मौनी अमावस्या पर श्री श्याम मंदर में खाटू नरेश का हुआ महास्नान अनुष्ठान



**रांची।** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में बुधवार को मौनी अमावस्या पर खाटू नरेश का महास्नान अनुष्ठान पर्व भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। श्याम भक्तों में अमावस्या स्नान का बहुत महत्व है। सुबह 5:00 बजे मंदिर के पट खोले गए। 5:30 बजे की मंगला आरती के बाद बाबा श्याम एवं सभी देवी देवताओं के मंड के पर्दे लगाकर महास्नान अनुष्ठान मंदिर के आचार्यों द्वारा विधि विधान से प्रारंभ किया गया। खाटूनरेश को दूध, गंगाजल, शहद, घी इत्यादि से स्नान कर रूह इत्र का मसाज किया गया। महास्नान के पश्चात बाबा श्याम को नवीन पोशाक बागा एवं कोलकाता से मंगाए गए डच, गुलाब, व्हाइट स्टार मॉर्गन फुल लाल गुलाब, तुलसी दल, रजनीगंधा, केसरिया गेंदा की मोटी मोटी मालाओं से सजाया गया। तत्पश्चात बाबा श्याम को पंचमेवा का भोग लगाया गया एवं पंचदीप के विशेष श्रृंगार आरती करके भक्तों के बीच महास्नान चरणामृत एवं प्रसाद वितरित किया गया। जय जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम शरणागत हम आए आपके दर्शन हमको दे दो श्याम के भजनों को गाकर श्रृंगार आरती में भक्त भाव विभोर हो रहे थे। बाबा श्याम का श्यामल रूप देखने के लिए भक्तों में विशेष उत्साह था । हर भक्त अपनी मनोकामना इष्ट देव के आगे अर्जी लगा रहे थे।

### श्री श्याम मंदिर में बसंत पंचमी उत्सव दो को


**रांची।** खाटूधाम के श्री श्याम मंदिर की परंपरा अनुसार हरमू रोड रांची के श्री श्याम मंदिर में खाटू श्याम का बसंत पंचमी पर्व उत्सव रविवार 2 फरवरी को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। पूरे श्याम जगत में बसंत पंचमी उत्सव को लेकर विशेष उत्साह एवं उमंग रहता है। भक्त इस दिन के लिए प्रतीक्षा पूरे साल करते हैं। बसंत पंचमी उत्सव के दिन बाबा श्याम का केसरिया बागा अंग वस्त्र भक्तों के बीच प्रसाद स्वरूप वितरित किया जाता है। इस केसरिया वस्त्र की मान्यता इसलिए भी है क्योंकि पूरे वर्ष में मात्र इसी दिन यह केसरिया बागा अंग वस्त्र बदली किया जाता है। यही एक मात्र वस्त्र बाबा श्याम से पूरे वर्ष लिपटा रहता है। श्याम भक्तों में ऐसी मानना है की बड़े से बड़े संकट और विपदा भी इस केसरिया बागा को ग्रहण करने से टल जाती है। बसंत पंचमी उत्सव में बाबा श्याम को एवं सभी देवी देवता को बसंती विशेष बागा, बसंती दिव्य श्रृंगार, बसंती ही प्रसाद, पंचमेवा प्रसाद एवं अन्य विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बाबा श्याम के विशेष श्रृंगार आरती एवं दर्शन प्रातः 8:30 से भक्त कर पाएंगे। श्रृंगार आरती के बाद बाबा श्याम का अंग वस्त्र भक्तों के बीच वितरित किया जाएगा। कोलकाता एवं बेंगलुरु से विशेष रूप से बसंती कलर के फूल मंगाए जा रहे हैं।

### ब्राउन शुगर के साथ चार तस्कर गिरफ्तार



**रांची।** रांची के सुखदेवनगर थाना पुलिस ने तीन लाख रुपये के ब्राउन शुगर के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में शैलेश कुमार उर्फ गांधी, अर्जुन शर्मा, रजनीश कुमार सिंह और रितेश कुमार उर्फ मिन्नी शामिल है। चारों सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। इनके पास से 17.48 ग्राम ब्राउन शुगर, तीन मोबाइल फोन, एक स्कूटी और एक बाइक बरामद किया गया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सुखदेवनगर थाना के आनंदपुरी मछली चौक, हनुमान मंदिर के निकट और मछली दुकान के पास अवैध नशीले पदार्थों का खरीद बिक्री हो रही है। सूचना के बाद कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने छापेमारी कर चार लोगों को गिरफ्तार किया। इनके पास से 17.8 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ है जिसकी कीमत करीब तीन लाख रुपया आंकी गई है। एसपी ने बताया कि पकड़े गए युवकों ने बताया कि ब्राउन शुगर को सासाराम के रहने वाली भाभी जी उर्फ रुबी देवी के पास से लेकर रांची में विद्यानगर सुखदेवनगर, करमटोली, हरमू मैदान (अरगोड़ा), जगरनाथपुर, हिनु और रेलवे स्टेशन के अलावा अन्य क्षेत्रों में बिक्री करते हैं।

## आज / कल




# रांची में अंतरराष्ट्रीय भारत रंगमंच महोत्सव 2 से 7 फरवरी तक




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय नाट्य संस्थान के द्वारा अंतरराष्ट्रीय रंगमंच महोत्सव, भारत रंग महोत्सव के 25 वें संस्करण का आयोजन 28 जनवरी से 16 फरवरी, 2025 तक भारत, नेपाल और श्रीलंका के 13 शहरों में किया जा रहा है। इस बार का भारंगम 'वसुधैव कुटुम्बकम, बंदे भारंगम' की विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए अंतर्राष्ट्रीय सहभागिता के माध्यम से इस महोत्सव की पहुंच को और व्यापक बना रहा है। इस बार 'एक रंगः श्रेष्ठ रंग' भारत रंग महोत्सव 2025 का यह नारा रचनात्मक अभिव्यक्ति में एकता और विविधता में एकता के भाव को दर्शाने वाला है. 20 दिनों तक चलने वाले रंग महोत्सव 2025 में 09 अलग-अलग देशों की 200 से ज्यादा अनूठी प्रस्तुतियों होंगी, जिन्हें भारत और विदेशों में 13 स्थानों पर प्रदर्शित किया जा रहा है। इस महोत्सव में भाग लेने वाले अंतर्राष्ट्रीय थिएटर समूह रूस, इटली, जर्मनी, नॉर्वे, नेपाल, ताइवान, स्पेन और श्रीलंका से शामिल हैं । पहली बार, भारत रंग महोत्सव अपनी सीमाओं से परे जा रहा है। भारत में रांची, अहमदाबाद, बेंगलुरु, भटिंडा, भोपाल, गोवा, गोरखपुर, जयपुर, आदि शहरों में हो रहा है। रांची में इसका आयोजन 2-7 फरवरी, 2025 तक शौर्य सभागार में होना तय है।

# फरवरी के प्रथम सप्ताह में चैम्बर की पहली पत्रिका का होगा विमोचन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




- सभी सदस्य व्यापार जगत की गतिविधियों से रहेंगे अपडेट

झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के पत्रिका उप समिति की बैठक चैंबर भवन में हुई। बैठक में पत्रिका के प्रकाशन की तैयारी की समीक्षा के साथ ही आगामी संस्करण के प्रकाशन पर भी चर्चा हुई। उप समिति चेयरमैन मुकेश अग्रवाल ने कहा कि सदस्यों के सुझाव के अनुरूप पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। पत्रिका में चैंबर की गतिविधियों, प्रमंडलीय समस्याएं, फेडरेशन की भावी योजनाओं का सारांश और स्टेकहोल्डर्स से जुडे सरकार की नीति, पॉलिसी और नोटिसों का उल्लेख बुलेटिन में प्रमुखता से किया जायेगा। इससे हमारे सभी सदस्य व्यापार जगत की गतिविधियों से अपडेट रहेंगे। बैठक के दौरान बुलेटिन में प्रकाशन हेतु कंटेंट की समीक्षा के साथ ही विज्ञापनों की बुकिंग भी ली गई। चचार्ओं के क्रम में फरवरी के प्रथम सप्ताह में चैम्बर के इस सत्र की पहली पत्रिका का विमोचन करने का निर्णय लिया गया। स्टेकहोल्डर्स से जुड़े मुद्दों पर पत्रिका में आर्टिकल के प्रकाशन हेतु इच्छुक विशेषज्ञों से उप समिति द्वारा आर्टिकल प्रेषित करने की भी अपील की गई। मौके पर चैंबर उपाध्यक्ष ज्योति कुमारी, पत्रिका उप समिति के चेयरमेन एवं संपादक मुकेश कुमार अग्रवाल, सह संपादक प्रमोद सारस्वत, सदस्य मनोज मिश्रा, अल्तमस आलम और अन्य सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी प्रवक्ता सुनील सरावगी ने दी।

### डीसी ने किया अरगोड़ा अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण

# सरकारी जमीन की खरीद-बिक्री पर नजर रखें : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने अरगोड़ा अंचल कार्यालय से हाजिरी बनाकर गायब रहनेवाले बड़ा बाबू और लिपिक के एक दिन का वेतन काटने और शो-कॉज का निर्देश दिया है। बुधवार को संध्या समय औचक निरीक्षण के दौरान दोनों अनुपस्थित पाए गए। कार्यालय में उपस्थित कर्मियों की उपस्थिति पंजी और बायोमेट्रिक उपस्थिति की जांच के दौरान बड़ा बाबू अश्विनी कुमार श्रीवास्तव और लिपिक अनीता कुमारी की हाजिरी बनी हुई थी लेकिन दोनों गायब थे। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने इसे गंभीरता से लेते हुए दोनों के एक दिन का वेतन काटने और शो-कॉज करने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी कार्यालय समय से आएं, बायोमेट्रिक हाजिरी बनाना सुनिश्चित करें और आवेदन स्वीकृति के पश्चात ही अवकाश पर जाएं।

## बिचौलियों पर होगी सख्त कार्रवाई

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने अंचल कार्यालय के पदाधिकारियों/कर्मियों से सरकारी जमीन की खरीद-बिक्री पर पैनी नजर रखने को कहा। उपायुक्त ने राज्य या केन्द्र सरकार की जमीन की खरीद-बिक्री पर फौरन एक्शन लेने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय में बिचौलियों दिखते हैं तो फौरन नजदीकी थाना को बताएं। उपायुक्त ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि बिचौलियों की जानकारी अबुआ साथी (9430328080) पर दें, जन शिकायत हेतु जिला प्रशासन के व्हाट्सएप नंबर पर चौबीस घंटे सतत निगरानी होती है और प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई होती है। उपायुक्त ने अंचल कार्यालय परिसर का भी भ्रमण किया गया। उन्होंने अंचल अधिकारी को कार्यालय के आधारभूत संरचना को और सुदृढ़ बनाने का निर्देश दिया।



- हाजिरी बनाकर गायब रहने वाले बड़ा बाबू और लिपिक का वेतन काटने और शो-कॉज का निर्देश

## 10 डिसिमल तक के म्यूटेशन के मामलों का शत-प्रतिशत वेरिफिकेशन

उपायुक्त ने अंचल अधिकारी सुमन कुमार सौरभ से दाखिल-खारिज के लंबित मामलों की जानकारी ली। सीओ द्वारा बताया गया कि सूची अनुसार 10 डिसिमल तक के म्यूटेशन के मामलों का शत-प्रतिशत वेरिफिकेशन सीआई और कर्मचारी स्तर से हो चुका है। उपायुक्त द्वारा आगामी रविवार को कैम्प लगाकर वेरिफाइड मामलों के निष्पादन का निर्देश गया। उन्होंने परिशोधन पोर्टल के कार्य में तेजी लाने के भी निर्देश दिये।

## साफ-सफाई रखने का निर्देश

उपायुक्त ने सभी अंचल कर्मियों को दक्षता-पूर्वक और पूरी पारदर्शिता के साथ जन कर्तव्यों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि कार्यालय को अपने घर जैसा समझें और उचित साफ-सफाई रखें।

# जनजातीय व क्षेत्रीय भाषाओं से परंपराएं समृद्ध होती हैं: डॉ सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, क्षेत्रीय केंद्र, रांची और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय की ओर से बुधवार को- जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं के बीच अंतरसंबंध और विशेषता, विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के पूर्व प्राध्यापक डॉ एचएन सिंह ने अपने संबोधन में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इन भाषाओं के बीच ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अंतरसंबंध महत्वपूर्ण हैं। ये भाषाएं एक-दूसरे को शब्द, व्याकरण, साहित्य और सांस्कृतिक परंपराओं से समृद्ध करती आई हैं। उन्होंने डॉ रामदयाल मुंडा की पुस्तक- आदिवासी अस्तित्व और झारखंडी अस्मिता के सवाल, के संदर्भ में बताया कि झारखंड की जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाएं परस्पर प्रभावित होती रही हैं। आर्य भाषा परिवार की नागपुरी, खोरठा, पंचपरगनिया आदि भाषाओं ने जनजातीय भाषाओं से शब्द, अभिव्यक्तियाँ और सांस्कृतिक तत्व ग्रहण किए हैं।उन्होंने जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के लोकसाहित्य में समानता की ओर भी ध्यान आकर्षित किया। डीएसपीएमयू के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने भारत के भाषावैज्ञानिक विभाजन पर चर्चा की। कहा, जनजातीय व क्षेत्रीय भाषाओं की उपस्थिति झारखंड की सांस्कृतिक और भाषाई विविधता को दशार्ती हैं और इनके संरक्षण के लिए प्रयास आवश्यक हैं। झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ टीएन साहू ने जनजातीय भाषाओं की संरचना एवं उनकी सामाजिक भूमिका पर बात की। उन्होंने मुंडारी, हो, संथाली, खड़िया, कुड़ुख एवं मालतो जैसी भाषाओं के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य व वर्तमान स्थिति को भी बताया। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, रांची के क्षेत्रीय निदेशक डॉ कुमार संजय झा ने जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं के तुलनात्मक अध्ययन पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने भाषाओं की संरचना, व्याकरणिक विशेषताओं, ध्वन्यात्मक भिन्नताओं व शब्दावली के संदर्भ में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के बीच समानताओं और भिन्नताओं को स्पष्ट किया।

## एक नजर

### मुरी गोला पथ पर अनियंत्रित होकर ट्रक पलटा



**मुरी/सिल्ली।** मुरी गोला मुख्य मार्ग पर बुधवार की अहले सुबह लोदमु आम बगान के समीप एक ट्रक जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जे एच 02 यू /9985 सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पुलिया की रेलिंग को तोड़ते हुए पलट गई। दुर्घटना में ट्रक के चालक और खलासी बाल बाल बच गए किसी को कोई हताहत नहीं हुई। ट्रक के चालक ने बताया कि ट्रक रुंगटा कंपनी का है और चाईबासा से लोहे का छड़ लोड कर हजारीबाग जा रहा था।

### बाघवार अकादमी ने दर्ज की जीत

**रांची।** वेंचर स्किल अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट में बाघवार एकेडमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लेडी केसी राय स्कूल, रांची को 9 विकेट से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लेडी केसी राय स्कूल की टीम बाघवार अकादमी के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाई और 13.5 ओवरों में सिर्फ 52 रन बनाकर सिमट गई। समृद्ध कुमार श्रीवास्तव (10 रन) को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। लक्ष्य का पीछा करते हुए बाघवार अकादमी ने केवल 5.3 ओवरों में एक विकेट के नुकसान पर जीत दर्ज की। ओपनर कौशल कुमार ने 5 चौकों की मदद से 26 रन बनाए। बेहतरीन गेंदबाजी के लिए हर्षित नयन को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### किसानों के बीच बीज का वितरण



**मांडर।** प्रखंड के सुरसा पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र में बुधवार को किसानों के बीच गरमा फसल के कई प्रकार के बीच का वितरण किया गया। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के पहल पर यह वितरण उद्यान विभाग द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कांग्रेस पार्टी के रांची जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष समीम अख्तर की उपस्थिती में किया गया। किसानों को नेनुआ,खीरा, लौकी, टमाटर,बैंगन,सहित अन्य फसलों के बीज दर्जनों किसानों के बीच बांटे गए। कार्यक्रम में उद्यान मित्र सोमरा उरांव, मत्स्यमित्र फगु उरांव,पंचायत समिति सदस्य सरजु उराँव समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### बेड़ो के बारीडीह में सदान- संसद सह मिलन समारोह आयोजित

# परिसीमन में सदानों के हितों की रक्षा हो : राजेन्द्र प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** मूलवासी सदान और जनजातियों की भाषा संस्कृति एक जैसी है। सदान और जनजाति एक साथ रहते आए हैं। झारखण्ड की भाषा और संस्कृति के लिए साथ खड़े रहे हैं। अलग राज्य के लिए दोनों समुदायों ने शहादत दी और साथ खड़े रहे जिसका परिणाम है की झारखण्ड राज्य मिला। संवैधानिक प्रक्रिया के तहत परिसीमन होने जा रहा है परिसीमन में मूलवासी सदानों के हितों की भी रक्षा हो यह सुनिश्चित करना राज्य और केंद्र सरकार की नैतिक की जिम्मेवारी है। उक्त बातें मुख्य अतिथि मूलवासी सदान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने बेड़ों के बारीडीह पहाड़ा मैदान में मोर्चा द्वारा आयोजित सदान -संसद सह मिलन समारोह में कही। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि पेसा कानून रूढ़िवादी परंपरा के के तहत लागू किया जा रहा है, राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि हमारी भाषा और संस्कृति रहन-सहन जनजातियों की तरह ही है, इसलिए झारखंड में शीर्ष पदों पर बैठे लोगों को विचार करना चाहिए और पेसा कानून के तहत मूलवासी सदानों को भी शामिल किया जाना चाहिए। प्रसाद ने कहा कि सरकार से मूलवासी सदान आयोग बनाने की मांग की है। 65% आबादी वाले मूलवासी सदानों की अनदेखी राज्य के लिए घातक। कहा इस बात को को सरकार और राज्य के हर राजनीतिक दलों को समझना होगा। कहा कि असंवैधानिक तरीके से 112 प्रखंडों के तमाम पंचायतों के मुखिया, प्रमुख , जिला परिषद अध्यक्ष के पद को आरक्षित कर दिया गया उसमें ऐसे भी कुछ पंचायत थे जहां जनजातियों की एक भी संख्या नहीं थी,जिसके कारण उन पंचायतों में चुनाव नहीं हो सका था। प्रसाद ने कहा कि ओबीसी के आरक्षण को 27 से घटाकर 14 किया गया 7 जिलों में ओबीसी का आरक्षण शुन्य जो असंवैधानिक है।

### सड़क दुर्घटना में सीआरपीएफ का जवान सहित अन्य घायल

# गंभीर लोगों को रिम्स रेफर किया गया



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग के डिंबा निवासी और सीआरपीएफ का जवान अपनी सास के साथ चट्टी से डिंबा लौटने के क्रम में भरनो थाना क्षेत्र के भरनो चट्टी मुख्य मार्ग पर अमलिया जंगल के समीप स्कूटी सहित दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दोनों स्कूटी सहित सड़क के नीचे गिर गए। बताया गया कि चट्टी से अपने गांव डिम्बा लापुंग लौटते वक्त सीआरपीएफ के जवान अशोक लोहार एवं उनकी 50 वर्षीया सास बिगनी देवी (आमलिया,टंगराटोली निवासी) सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलने पर हमेशा की तरह डिंबा निवासी समाजसेवी उमाशंकर साहू भरनो से दुर्घटना स्थल पर अपनी कार से जाकर दोनों घायलों को उठाकर खुद अपनी कार से भरनो स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनों लाये। जहां पर दोनों का प्राथमिक उपचार करने के बाद में बिगनी देवी एवं सेना के जवान अशोक लोहरा को का बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया गया। संयोग से उमाशंकर साहु भी डिंबा गांव के ही रहने वाले पूर्व सैनिक है। उन्हें रास्ता चलते जहां भी सड़क दुर्घटना मिलती है और कोई घायल सड़क पर पड़ा होता है उसे वे हर हालत में अपनी गाड़ी पर लादकर अस्पताल पहुंचते हैं। अब तक उमाशंकर दर्जनों लोगों की जान बचा चुके हैं। पूछने पर बताते हैं कि सब ईश्वर की कृपा है। किसी भी घायल को अस्पताल पहुंचाना और उसकी जान बचाना मानवीय धर्म है।

## न्यूज | बॉक्स

### बेड़ो के पाकलमेढ़ी में पिकअप के धक्के से ढाई साल का बच्चा घायल



**बेड़ो ।** बेड़ो थाना क्षेत्र के पाकलमेडी.गांव में प्रातः लगभग साढ़े नौ बजे एक सब्जी ले जाने वाली पिकअप वाहन संख्या जे एच 01 एफ टी 9677 ने घर के पास खेल रहे एक ढाई साल बालक अंशराज को धक्का मार दिया जिससे वह दूर जाकर गिरा और घायल हो गया। इधर धक्का मारने के बाद वाहन चालक भागने लगा। इसी क्रम में वाहन चालक ने अन्य वाहन को धक्का मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। उधर भाग रहे वाहन को ग्रामीणों ने दिघिया गांव के पास पकड़ लिया। जिसके बाद उसकी लोगों ने जमकर धुनाई कर दी और चालक अमित प्रीतम व जोगेंद्र यादव को पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं बेड़ो के थानेदार नकुल साह ने घायल चालक व उसके साथी को घायलावस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए जहां सभी का इलाज डॉ भावना ने किया।

### झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक में संयोजक मंडली का हुआ गठन



**मांडर।** प्रखंड स्थित तिग्गा कॉम्प्लेक्स परिसर में बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की एक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम ने किया। इसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा से लोगों को जोड़ने के लिए सदस्यता अभियान चलाया जाए इस पर चर्चा की गई। इसके लिए संयोजक मंडली भी बनाई गई। बैठक में मांडर प्रखंड समिति के लिए संयोजक मंडली बनाई गई। जिसमें मुख्य संयोजक रोशन इमानुएल तिग्गा एवं 12 संयोजक सदस्य की गठन की गई। मौके पर बोलते हुए रोशन इमानुएल तिग्गा ने कहा कि सरकार की नीतियों को देखते हुए बहुत सारे लोग झामुमो से जुड़ने के लिए तत्पर हैं। सरकार जनहित के मुद्दों पर काम कर रही है। सभी वर्गों का ख्याल रखते हुए सरकार झारखंड को विकास की गति में आगे बढ़ा रही है। इसलिए लोग झू के प्रति अपनी रुचि दिखा रहे हैं। मुख्य संयोजक मुस्ताक आलम के साथ अश्विनी शर्मा, हेमलान मेहता, बीरू तिर्की , पवन केडिया, धर्मेन्द्र सिंह, जयवंत तिग्गा, नयनतारा उरांव, सोनु मुण्डा, अबु बाल महतो, संध्या गुड़िया तथा समनूर मंसुरी, कलाम आजाद, सुजीत कुजूर समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### बेड़ो में टाना भगत आज मनाएंगे महात्मा गांधी की शहादत दिवस



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड में अखिल भारतीय टाना विकास परिषद के तत्वावधान में टाना भगतों का समूह गुरूवार 30 जनवरी को महात्मा गांधी की शहादत दिवस मनाएंगे। इस संबंध में भारतीय टाना विकास परिषद के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक गंगा टाना भगत ने बताया कि टाना भगत महात्मा गांधी की शहादत दिवस पर पुराने प्रखंड मुख्यालय स्थित स्वतंत्रता सेनानियों के शिलालेख स्थल पर चरखा छाप तिरंगा झंडा का ध्वजारोहण किया जाएगा और पूज्य महात्मा गांधी की याद में प्रार्थना का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद टाना भगत स्वतंत्रता सेनानी स्मारक स्थल खक्शी टोली में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी।

### ठाकुरगांव में शिक्षा मंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल

**ठाकुरगांव।** प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को संघ के प्रदेश महासचिव राजेंद्र प्रसाद महतो के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री से संघ के सदस्यों को वेतनमान में बढ़ोतरी करने का मांग पत्र सौंपा। इस पर मंत्री ने आश्वस्त किया कि संघ की मांग पर विभाग द्वारा जल्द सकारात्मक पहल की जाएगी। मौके पर संघ के महासचिव दिनेश कुमार ने शिक्षा मंत्री को वित्तरहित शिक्षा नीति को समाप्त करते हुए नियमावली बनाकर सभी वित्तरहित कर्मचारियों की सेवा सरकारी संवर्ग में करने की मांग की।

### स्कूल में तीन दिवसीय खेल महोत्सव का हुआ आयोजन

**सिल्ली।** बुद्धा पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव की शुरूआत रन फॉर बीपीएस के तहत किया गया। कार्यक्रम से पूर्व बच्चों ने सिल्लीडीह से मशाल लेकर लगभग 3 किलोमीटर का दौड़ लगाते हुए बीपीएस स्कूल तक पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के निदेशक रणधीर कौशिक ने बताया कि वार्षिक खेलकूद का आयोजन केवल शारीरिक फिटनेस और प्रति स्पर्धा के बारे में नहीं है, बल्कि एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने और समुदाय और सौहार्द की भावना को बढ़ावा देने के बारे में भी है। वहीं विद्यालय के प्राचार्य वी सुधीर राव ने कहा कि इस तरह का आयोजन शैक्षणिक कार्यक्रम से एक ब्रेक प्रदान करता है और छात्रों को कुछ तनाव दूर करने और मौज मस्ती करने का मौका प्रदान करता है। महोत्सव में विभिन्न कक्षाओं के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें 100 मी दौड़,200 मी दौड़,300 मी दौड़, 400मी दौड़,800 मी दौड़,1600 मी दौड़,मेंढक दौड़, घोड़ा दौड़ और जलेबी दौड़ शामिल था साथ ही हुआ।

### डीसी ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, कहा

# दवाइयों का स्टॉक डिस्प्ले बोर्ड लगाएं

### अस्पताल में इलाजरत मरीजों से की बातचीत, दिखे संतुष्ट



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बुधवार को को देर शाम सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया उन्होंने इमरजेंसी, ओपीडी, सीसीयू, कार्डियो, कैंटीन, फार्मेसी, साफ-सफाई सहित अस्पताल में मरीजों को दी जाने वाली विभिन्न चिकित्सकीय सुविधाओं का जायजा लेते हुए अस्पताल उपाधीक्षक, चिकित्सकों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जल्द ही एक्टिव होगा लैब इन्फॉर्मेशन सिस्टम, मरीजों को मोबाइल पर मिलेगी जांच रिपोर्ट सदर अस्पताल में डायग्नोस्टिक और रेडियोलॉजिस्ट की कमी पर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि अस्पताल की आधारभूत संरचना और बेहतर कैसे हो इसके लिए डिस्ट्रिक हेल्थ सोसायटी की बैठक में रुप रेखा तय की जाएगी। अस्पताल उपाधीक्षक द्वारा बताया गया कि डायग्नोस्टिक के लिए अस्पताल में लैब इन्फॉर्मेशन सिस्टम जल्द ही एक्टिव होगा, फिलहाल ये ट्रायल फेज में है। छक्टर के एक्टिव होने के बाद वार्ड और मरीज के मोबाइल नंबर पर जांच रिपोर्ट उपलब्ध हो सकेगा। वार्ड में मरीजों से की बातचीत, व्यवस्था से संतुष्ट दिखे मरीज मंजूनाथ भजन्त्री ने सीसीयू और कार्डियो में इलाजरत मरीजों से बातचीत भी की। उन्होंने मरीजों से चिकित्सकीय सुविधाएं, साफ-सफाई एवं कैंटीन सर्विस की जानकारी ली। मरीजों ने अस्पताल में मिलनेवाली सुविधाओं पर संतुष्टि जतायी। कई मरीज दूसरे जिलों से इलाज के लिए सदर अस्पताल रांची आये थे। उनके द्वारा भी यहां की व्यवस्था को बेहतर बताया गया। उपायुक्त ने अस्पताल कर्मियों को इसी सेवा भाव से कार्य करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त से इलाज के लिए अस्पताल आए मरीज ने बताया कि उसे एक दवा बाहर से लाना पड़ा। इस पर उन्होंने तत्काल उपाधीक्षक से जानकारी लेते हुए दवा की अनुपलब्धता के संबंध में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने अस्पताल में जीवनरक्षक दवाइयों को हर हाल में उपलब्ध रखने का निर्देश उपाधीक्षक को दिया गया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में जो दवाईयां उपलब्ध है उसे डिस्प्ले बोर्ड में प्रदर्शित करें।

# फरार वारंटी अभियुक्त के खिलाफ न्यायालय ने इश्तेहार निर्गत किया



**मुरी/सिल्ली।** मुरी ओपी थाना में दर्ज दिनांक 17. 5.2022 को कांड संख्या 50/22 भा.द.वि. परिवर्तित धारा 363/377 /323/ 504/ 506 भा.द.वि.एवं 4/8 पोक्सो एक्ट के अप्राथमिकी अभियुक्त पारस साह, पिता स्वर्गीय मकसूदन साव, ग्राम गौरा, थाना कोचस, जिला रोहतास (बिहार) के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा पूर्व में निर्गत वारंट के आलोक में अभियुक्त के घर पर गिरफ्तारी हेतु कई बार पुलिस बल द्वारा छापेमारी किया गया लेकिन अभियुक्त को फरार पाया गया जिसके आलोक में माननीय न्यायालय द्वारा उक्त अप्राथमिकी उपयुक्त के विरुद्ध विधि संवत कार्रवाई के लिए इश्तेहार निर्गत किया गया।

### ठाकुर गांव थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**बुढ़मू।** ठाकुर गांव थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई. बैठक में शांतिपूर्ण व भाईचारे के माहौल में त्योहार मनाने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गयी.ठाकुर गांव थाना प्रभारी विनित कुमार ने कहा कि सरस्वती पूजा शांति पूर्ण तरीके से मने, इसके लिए सबों की सहभागिता जरूरी है. पूजा-अर्चना के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया जाएगा। बैठक में एसआई दिलीप कुमार ने कहा कि पूजा-अर्चना के दौरान हुड़दंगियों पर नजर रहेगी अगर किसी तरह से कोई हुड़दंग करता है तो तुरंत पुलिस को सूचना दे ताकि इसमें पूर्ण करवाई की जाएगी, वहीं बैठक में एसआई अरविन्द कुमार ने कहा कि पूजा-अर्चना के दौरान आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाना चाहिए. पूजा-अर्चना के दौरान सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक फोटो या टिप्पणी करने वालों पर नजर रहेगी, पूजा-अर्चना के दौरान देर रात तक विसर्जन के क्रम में हुड़दंग न करें.

### इन-सीटू संरक्षण के लिए समझौता ज्ञापन पर हुआ हस्ताक्षर

**रांची।** सीएसबी-सीटीआरटीआई रांची के निदेशक डॉ एनबी चौधरी ने ओडिशा के सिमिलिपाल बायोस्फीयर में तसर रेशमकीट की मोदल इकोरेस के इन-सीटू संरक्षण के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। यह कार्य उत्कर्ष उड़ीसा मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव 2025 के तहत भुवनेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय रेशम बोर्ड के सदस्य सचिव पी शिवकुमार ने सहभागिता दिया। इस कार्यक्रम मे आयुक्त-सह-सचिव, हथकरघा, कपड़ा और हस्तशिल्प विभाग, ओडिशा के गुहा पुनम तापस कुमार ने कहा कि इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य सिमिलिपाल बायोस्फीयर में तसर रेशमकीट की मॉडल इकोरेस का संरक्षण, जैव विविधता संरक्षण, सतत विकास और वैज्ञानिक अनुसंधान सुनिश्चित करना है । इसके तहत क्षेत्र इन-सीटू संरक्षण द्वारा आवास क्षरण, अतिदोहन और जलवायु परिवर्तन जैसे खतरों को संबोधित करते हुए मॉडल इकोरेस के संरक्षण के लिए प्रोटोकॉल स्थापित करना और गतिविधियाँ संचालित करना है।

# सरना समाज के नेता सनिका पाहन को दी गई अंतिम विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** अखिल भारतीय सरना समाज के नेता और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्व जिला कार्यवाह का अंतिम संस्कार बुधवार को उनके पैतृक गांव चम्पाबाहा में किया गया। तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया, खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा पूर्व विधायक कोचे मुंडा, बीस सूत्री के उपाध्यक्ष जुबैर अहमद, अरएसएस के डॉ निर्मल सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने नम आंखो से उन्हें अंतिम विदाई दी। सानिक पाहन(80) का निधन मंगलवार को रेफरल अस्पताल में इलाज के क्रम में हो गया। वे विगत कई दिनों से बीमार थ। गांव के पास ही कब्र में उनको मिट्टी दी गयी। श्रद्धांजलि देने वालों में जिप सदस्य सुशांति कोनगाडी, मुखिया शिशिर तोपनो, पुष्पा गुड़िया, रौशनी गुड़िया तथा विमला डोडराय, मोजीर अंसारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रूबेन तोपनो, पूरेंद्र मांझी, सुहैल खान, निखिल कंडुलना, ब्रजेन्द्र हेमरोम, जय मंगल गुड़िया, मुरारी गुप्ता, चंद्रशेखर गुप्ता, उदय चौधरी, संतोषी तोपनो आदि शामिल हुए।

### स्कूल की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

# शिक्षा के साथ-साथ छात्र जीवन में खेलकूद भी जरूरी : आईजी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** कोलकाता पब्लिक स्कूल ओरमांझी की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता बुधवार को बच्चों के बीच पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुई। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि आईजी चंदन कुमार झा, पूर्व हॉकी ओलंपिक खिलाड़ी निक्की प्रधान, माउंट एवरेस्ट विजेता शशि शेखर और पूर्व ओलंपिक हॉकी खिलाड़ी मनोहर टोपनो शामिल हुए। खेलकूद प्रतियोगिता में स्कूल की 550 छात्राओं ने हिस्सा लिया। सफल प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर स्कूल के बच्चों ने रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया। खेलकूद के सफल प्रतिभागियों को आईजी चंदन कुमार झा ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद भी जरूरी है। वहीं निक्की प्रधान ने कहा कि विपरीत परिस्थिति में भी मैंने हॉकी खेलना बंद नहीं किया। इसी का परिणाम है कि झारखंड की पहली ओलंपिक महिला खिलाड़ी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। अभी मैं वर्तमान में साईं रांची में ट्रेनर है। एवरेस्ट फतह विजेता शशि शेखर, ओलंपिक खिलाड़ी मनोहर टोपनो राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार शिवम कुमार ने भी अपने विचारों को रखा। मौके पर स्कूल के अध्यक्ष प्रभास कुमार झा, प्राचार्य प्रियामदा झा आदि शामिल हुए।

# सरस्वती पूजा चंदा के नाम पर धांधली कर रहे युवा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** सरस्वती पूजा आने मे महज कुछ दिन है। पूजा की तैयरियां जोर-शोर से चल रही है। लेकिन पूजा के नाम पर सड़क किनारे ठेला लगाने वालों से मनमाने तरीके से चंदे की वसूली की जा रही है। कहीं 1000 रूपए तो कहीं उससे भी अधिक जबरन चंदा लिया जा रहा है। कम चंदा देने वालों को युवाओं द्वारा धमकी दी जा रही है कि ठेला नहीं लगाने देंगे। इस दौरान जब एक महिला पत्रकार ने इसका विरोध किया तो युवाओं के द्वारा उसे ही धमकी दी गई। मामले की जानकारी रांची एसएसपी और एसडीओ को दी गई जिसके बाद मौके पर मोरहाबादी टीओपी के द्वारा संज्ञान लिया गया। हालांकि पुलिस के ओर से अश्वासन दिया गया की ऐसे लोगों पर कारवाई की जाएगी।

# अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल ने पिकलबॉल प्रतियोगिता आयोजित की




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** कैंसर केयर नेटवर्क्स में से एक, एचसीजी ने विश्व कैंसर दिवस पर कैंसर सर्वाइवर्स और उनके परिवारों के लिए पिकलबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया। इस वर्ष की वैश्विक थीम यूनाइटेड बाय यूनिक के तहत, इस कार्यक्रम का उद्देश्य कैंसर सर्वाइवर्स की हिम्मत, सहनशक्ति और उनकी अनोखी यात्रा को सम्मान देना था, साथ ही खेल के माध्यम से एकजुटता की भावना को बढ़ावा देना था। इस टूर्नामेंट ने सर्वाइवर्स को एक-दूसरे से जुड़ने, दोस्ताना मुकाबले में हिस्सा लेने और अपने साहस का जश्न मनाने का अवसर दिया। इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल, रांची के मुख्य परिचालन अधिकारी सौरभ कांति मंडल उपस्थित रहे। सौरभ कांति मंडल ने कहा एचसीजी कैंसर सेंटर रांची में, हमारा प्रयास केवल कैंसर के शारीरिक प्रभावों का इलाज करना ही नहीं, बल्कि मरीजों की भावनात्मक और सामाजिक मजबूती को भी बढ़ावा देना है। पिकलबॉल टूर्नामेंट का आयोजन इसी दिशा में हमारा एक प्रयास है, जिससे एक जीवंत और सहयोगी समुदाय का निर्माण हो सके। इस विश्व कैंसर दिवस पर, हम अपने कैंसर चैंपियंस की साहसिक यात्रा को सम्मानित करते हैं और उनके दृढ़ संकल्प, एकता और आशा की भावना को सलाम करते हैं।
डॉ. एम. आफताब आलम अंसारी, सीनियर कंसल्टेंट - रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल, रांची ने कहा विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित यह पिकलबॉल टूर्नामेंट कैंसर सर्वाइवर्स की हिम्मत और आत्मविश्वास का प्रतीक है। शारीरिक गतिविधियां, जैसे पिकलबॉल, न केवल फिटनेस को बढ़ावा देती हैं बल्कि इलाज के बाद आत्मविश्वास और मानसिक संतुलन को पुनः स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## एक नजर

### बड़का चुंबा में मां रक्षा काली की पूजा का आयोजन

**गिद्दी।** बड़काचुंबा में मंगलवार की देर रात्रि में मां रक्षा काली की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद 801 बकरों की बली दी गई। बुधवार को भी दिन भर मां रक्षा काली की पूजा अर्चना करने वालों की तांता लगा रहा। अचार्य इंद्रजीत गांगुली, संतोष शार्मा, दीपक पाठक, गिरजा पाठक ने विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना कराया। इसके पहले बतौर मुख्य अतिथि मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो और बतौर विशिष्ट अतिथि गिद्दी थाना प्रभारी कुंदन कुमार ने फीता काटकर पंडाल का उद्घाटन किया। काली पूजा को लेकर दो दिवसीय मेला का भी आयोजन किया गया है। इसमें टॉवर झूला, ब्रेक डांस, टोटो-टोटो, खिलौना, मिठाइयां की चलंत दुकानें लगाई गई।

### महिलाओं को स्वावलंबी बनाना है उद्देश्य : प्रणय

**रामगढ़।** सीसीएल हजारीबाग क्षेत्र की केबीपी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड की सीएसआर मद से परियोजना अंतर्गत ग्राम बसंतपुर शिव मंदिर प्रांगण में सिलाई कढ़ाई सेंटर का उदघाटन अतिथियों ने संयुक्त रुप से फिता काट कर किया। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केबीपी परियोजना के चिफ ऑपरेटिंग ऑफिसर प्रणय लगदापति ने कहा कि सिलाई कढ़ाई में प्रशिक्षित महिलाओं के बीच 13 सिलाई मशीन का वितरण किया जा रहा है। जिसमें 10 पैर से चलाने वाले और तीन मशीन बिजली से चलने वाले हैं। अगर महिलाएं स्वावलंबी होगी तो घर, परिवार और समाज तेजी से विकास करेगा। वहीं सीओ मांडू बिमल कुमार सिंह ने कहा कि केबीपीएमपीएल की ओर से महिला सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन के दिशा में उठाया गया यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

### गोला में जंगली हाथियों ने मचाया उत्पात, फसलें रौंदी

**गोला।** गोला वन क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। बीती रात हाथियों ने रकुवा, लिपिया व गंधौनिया आदि गांवों में जमकर उत्पात मचाते हुए लालू महतो, विजय महतो, फुटेश्वर महतो, तनिक महतो, कौशल्या देवी, विनोद मांझी सहित दर्जनों किसानों के खेतों में लगे फसलों को रौंदने के साथ चट कर गए। वहीं फेमिली देवी के आलू के फसल सहित दर्जनों लोगों के खेतों में लगे प्याज, गेहूं, सरसो, मटर, फ्रेंचबीन, टमाटर, मिर्च आदि फसलों को रौंदकर बर्बाद कर दिया। इधर हाथियों के उत्पात मचाए जाने से ग्रामीणों में भय का माहौल है। किसानों ने बताया कि कड़ी मेहनत से हमलोग पूंजी लगाकर खेती करते हैं। लेकिन हाथियों का झुंड पल भर में सब बर्बाद कर जंगलों में चला जाता है।

संतोषी माता के मंदिर की वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई

# माता संतोषी श्रद्धालुओं पर कृपा बनाए रखें : ममता देवी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** दुलमी प्रखंड के सिरु गांव में संतोषी माता मंदिर की 10वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन स्थानीय विधायक ममता देवी एवं दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि ममता देवी ने कहा भगवान की भक्ति न केवल हमारे मन को शांति देती है बल्कि यह हमें नैतिक और सामाजिक मूल्यों को अपनाने के लिए भी प्रेरित करती है। संतोषी माता से मेरी यही प्रार्थना है कि वे सभी श्रद्धालुओं पर अपनी कृपा बनाए रखें और हमारे क्षेत्र को सुख, समृद्धि व शांति प्रदान करें। भक्ति जागरण में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और भक्तिगीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में श्रद्धालु भक्तों ने संकीर्तन और भजन-कीर्तन कर मां संतोषी की महिमा का गुणगान किया। मौके पर उतम कुमार, प्रदीप महतो, मनोज पुझर, बबलू कुमार, पुष्पा देवी, उर्मिला कुमारी, प्रभा कुमारी, रिभा देवी, दुलारी देवी, कान्ति देवी सरोज देवी सहित कई उपस्थित रहे।

जिला परिवहन पदाधिकारी ने किया टोल प्लाजा का निरीक्षण

# पदाधिकारी को जल्द से जल्द बचे हुए कार्योंको पूर्ण करने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** रामगढ़ जिला अंतर्गत चुट्टूपालू घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर बुधवार को जिला परिवहन पदाधिकारी रामगढ़ मनीषा वत्स ने चुट्टूपालू घाटी एवं पुनदाग टोल प्लाजा का निरीक्षण किया। चुट्टूपालू घाटी के निरीक्षण के क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी ने उपस्थित अन्य अधिकारियों के साथ चर्चा के क्रम में ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित गंडके मोड तथा ब्रेक फेल होने की स्थिति में सुरक्षा दृष्टिकोण से बालू के बैग्स रखने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं, जिला परिवहन पदाधिकारी ने टोल एवं एनएचएआई के पदाधिकारियों को पर्याप्त संख्या में घाटी में सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों से संबंधित साइनेज बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने उपायुक्त द्वारा बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में सीसीटीवी कैमरा, साइन बोर्ड, स्पीड गति बोर्ड, लाइट आदि का निरीक्षण किया गया इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी ने एनएचआई के संबंधित पदाधिकारी को जल्द से जल्द बचे हुए कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा पुनदाग टोल प्लाजा पर भारी वाहन चालकों को घाटी में प्रवेश करने के पूर्व एवं घाटी में वाहन संचालन करने के दौरान ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई वहीं उन्होंने सभी चालकों को वाहन चलाने के दौरान अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट लगाने सहित अन्य नियमों का पालन करने, वाहन के फिटनेस पर विशेष ध्यान देने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर जागरूक किया। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय चंदन कुमार वत्स, यातायात पुलिस कर्मी, टोल प्लाजा के कर्मी सहित अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज | बॉक्स

### आजसू नेता ने पत्रकारों से की शिष्टाचार भेंट, किया सम्मानित



**बरही।** हाल ही में आजसू का दामन थामने वाले युवा नेता संजय मेहता न्यु कॉलोनी स्थित अपने आवास पर स्थानीय पत्रकारों से शिष्टाचार मुलाकात कर वार्ता की. उन्होंने बताया कि यह इस वर्ष का पहला और एक शिष्टाचार भेंट है. राजनीति गतिविधियों और व्यस्तता के कारण पिछले कई महीनो से अपने लोगों से मुलाकात नहीं हो पाई थी, इस कमी को दूर करने के लिए यह मुलाकात भी उसी का एक हिस्सा है. इस दौरान उन्होंने सभी पत्रकारों को डायरी और कलम देकर स्वागत भी किया. संक्षिप्त परिचर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड की बदलते परिवेश में झारखंडियो की आवाज बुलंद करने की आवश्यकता है. इसके लिए आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो के विचार उनके विचारो से मिलते है. श्री महतो को राज्य चलाने का अनुभव और झारखंडियों की समस्या से पूरी तरह अवगत है. यही कारण है कि वह और उनके समर्थक समर्थन करता है. उन्होंने बताया कि शीघ्र ही रणनीति बनाकर झारखंड के विभिन्न जिलों में संगठन विस्तार और मजबूती को लेकर काम किया जाएगा. आजसू एक बार फिर से गांव गांव भ्रमण कर लोगो की समस्याओं का समाधान करने की पहल करेगा.

### बरकट्ठा के अडवार में आयोजित माघी काली पूजा का हुआ समापन



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अडवार के कोषो में माधी काली पूजा का आरंभ सोमवार को हुआ और मंगलवार दोपहर 3:00 भंडारे के साथ समापन हुआ। मौके पर पुजारी किशोर पांडेय और चंद्रिका पांडेय ने पूजा पाठ व हवन कराकर भंडारे का कार्यक्रम को समाप्त करवाया। वहीं कार्यकारिणी सदस्य पिंकू यादव ने बताया कि यहां पिछले कई वर्षों से माघी काली पूजा का आयोजन किया जाता है। हम सब ग्रामवासी मिलकर इस पूजा को करते हैं। इसमें बकरे की बलि देकर खिचड़ी के रूप में प्रसादी का वितरण किया जाता है। मौके पर अध्यक्ष जीबलाल लाल साव, कोषाअध्यक्ष उपेंद्र यादव, सचिव रामखेलावन यादव, उपाध्यक्ष विजय मोदी, भोलायादव के अलावे कई लोग मौजूद थे।

### झालोक्रां मोर्चा ने जीएम को मांग पत्र सौंपा

**गिद्दी।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को अरगड्डा जीएम संजय कुमार झा को 8 सूत्री मांग पत्र सौपा है। जिसमें मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने 10 दिनो के अंदर मांग को लेकर पहल करने की मांग की है। साथ ही तय समय के अंदर वार्ता के माध्यम से पहल नहीं किया जाने पर अनिश्चित कालीन आंदोलन करने की चेतावनी दिया गया है। मांग पत्र सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय संगठन महामंत्री कपिल देव महतो, केंद्रीय महामंत्री कुलदीप महतो बेदिया आदि शामिल थे।

### भारी मात्रा में नकली शराब बरामद




**हजारीबाग।** जिला के कटकमदाग थाना पुलिस ने मंगलवार देर रात भारी मात्रा में शराब बरामद की है। थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस कर पत्रकारों को इसकी जानकारी दी।पंकज कुमार ने बताया कि हुरूदाग गांव में एक व्यक्ति द्वारा नकली शराब बनाने का काम किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस द्वारा टीम गठित कर छापेमारी अभियान चलाकर पुलिस भारी मात्रा में शराब बरामद की है। इसी दौरान एक व्यक्ति को भी पुलिस पकड़ने में सफलता पाई। और दो फरार हो गया। पकड़े गए व्यक्ति का नाम क्रिस्टोपाल हंस (22) बताया गया है। इसके पास से एक मोटरसाइकिल, मोबाईल भी बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि शराब करीब 43 लाख रुपये का बरामद हुआ है। इसके अलावा कांच का खाली बोतल जिसमे नकली शराब भरकर बेचने का काम करते थे वह भी बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपित को बुधवार को जेल भेज दिया गया है।

सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

# लोगों तक सुविधा पहुंचाना हमारी प्राथमिकता : विधायक

*खासकर बारिश के दिनों में सड़क की खराब स्थिति के कारण गांवों से बाहर जाना मुश्किल हो जाता था*




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने बुधवार को कटकमसांडी प्रखंड के डांटोखुर्द पंचायत अंतर्गत ग्राम डांटो बाजार से आराभुसाई तक जाने वाली मुख्य सड़क (लंबाई- 1.00 किमी) के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इस बहुप्रतीक्षित सड़क का निर्माण रु 66,06,559 की लागत से किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र का विकास तेजी से होगा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस विकास कार्य के प्रति अपनी खुशी जाहिर की और कहा कि यह सड़क उनके लिए एक बड़ी सौगात साबित होगी। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस सड़क के न होने से उन्हें लंबे समय से असुविधा का सामना करना पड़ रहा था, खासकर बारिश के दिनों में सड़क की खराब स्थिति के कारण गांवों से बाहर जाना मुश्किल हो जाता था। अब इस निर्माण कार्य से न केवल यातायात सुगम होगा बल्कि क्षेत्र की अर्थव्यवस्था भी सशक्त होगी। विधायक प्रदीप प्रसाद ने उपस्थित जनसमूह और पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा की हमारा संकल्प है कि हजारीबाग क्षेत्र में आधारभूत संरचना को मजबूत किया जाए। सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं हर नागरिक तक पहुंचें, यह हमारी प्राथमिकता है। इस सड़क के निर्माण से स्थानीय निवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, जिससे विकास के नए द्वार खुलेंगे। आने वाले समय में हम इसी तरह क्षेत्र के अन्य गांवों को भी सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए कार्य करेंगे।

कृष्ण कुमार राणा सीएम के हाथों दूसरी बार हुए सम्मानित

# गैर कृषि कार्य में बढ़ावा देने का दी सलाह : कृष्णा



**बरही** बसरिया ऊर्फ पंचमाधव निवासी कृष्ण कुमार राणा सीएम हेमंत सोरेन के हाथों सम्मानित किए गए. जिसे मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन रांची में आयोजित सम्मान समारोह में दिया गया. श्री राणा ने बताया कि सम्मान कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न जिलों से कई युवा शामिल थे. जो राज्य सरकार को योजना और नीति बनाने में अपने बेहतर सुझाव दिए थे. उन्होने बताया कि ग्रामीण अर्थ व्यवस्था कैसे सुदृढ़ किया जाए इस विषय पर उन्होंने अपने महतपूर्ण विचार और सुझाव सत्कार को दिए थे. जो राज्य सरकार को अच्छा लगा. ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुधारने के लिए उन्होंने गैर कृषि कार्य को ग्रामीण स्तर पर बढ़ावा देने के सुझाव दिए हैं. विदित हो कि यह श्री राणा के लिए दूसरा मौका है जब राज्य सरकार ने उनके सुझाव के लिए सम्मानित करने का काम किया. इस सम्मान के लिए स्थानीय विधायक, पूर्व विधायक आदि सही स्थानीय प्रतिनिधि व प्रबुद्धजनों ने उन्हे शुभकामनाएं देते हुए बधाई दिया है.

# राजेश ने ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जीता गोल्ड मेडल



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल बरकट्ठा के छात्र राजेश कुमार ने लगातार चौथी बार राष्ट्रीय स्तर ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर परचम लहराया। राजेश का चयन 7वें कैडेट राष्ट्रीय स्तर ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए जमशेदपुर में हुआ था। रिजेश को अंडर 14.33 किलो वर्ग में झारखंड का नेतृत्व करने का अवसर मिला। 3 दिवसीय 7वें राष्ट्रीय कैडेट प्रतियोगिता जो कि 27जनवरी 24 से 30 जनवरी 24 तक विजय भास्कर इंदौर स्टेडियम हैदराबाद में हुई उसमें राजेश ने स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का हौसला बढ़ाया। स्कूल के ताइक्वांडो प्रशिक्षक मोहम्मद गुलाम हसन ने बताया कि राजेश की इस सफलता के पीछे उसकी कड़ी मेहनत है। साथ ही उसके पिता निरंजन प्रसाद और स्कूल के निर्देशक डॉ इंद्रदेव भारती है। जिन्होंने हमेशा राजेश को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। राजेश के इस बड़ी सफलता पर पूरे स्कूल में खुशी का माहौल है। साथ ही स्कूल के निर्देशक, प्रधानाचार्य स्वाती रंजन ताइक्वांडो प्रशिक्षक गुलाम हसन, सिनाई अशोक बरनवाल, हजारीबाग ताइक्वांडो संघ के सचिव हेमंत कुमार, सुमन तिवारी, और स्कूल के सारे शिक्षकों ने राजेश को बधाई दी और आगे इसी तरह आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

हजारीबाग प्रेस क्लब में 3 फरवरी को होगी सरस्वती पूजा

# प्रेस क्लब में गूंजेंगे श्रद्धा के स्वर गणयमान्य करेंगे मां की आराधना

*झील घाट में भव्य शोभायात्रा के साथ मां सरस्वती का विसर्जन किया जाएगा*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** हजारीबाग प्रेस क्लब में इस वर्ष भी बसंत पंचमी के अवसर पर माँ सरस्वती की भव्य पूजा का आयोजन किया जाएगा। पूजा को लेकर बुधवार को हजारीबाग प्रेस क्लब के सभागार में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सरस्वती पूजा कमेटी के अध्यक्ष दीपक सिंह ने किया, वही संचालन पूजा कमेटी के सचिव सागर कुमार के द्वारा किया गया। बैठक में विशेष रूप से मार्गदर्शन के रूप में क्लब के सचिव विस्मय अलंकार मौजूद रहें। यह आयोजन पूरी तरह से पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न होगा। पूजा के उपरांत, बीते वर्षों की तरह इस बार भी माता सरस्वती को हाथों में उठाकर झील घाट में विधिपूर्वक विसर्जित किया जाएगा। इस आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने और इसे ऐतिहासिक बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है, जो पूरी व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करेंगी। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा एवं हवन,माँ सरस्वती की प्रतिमा का भव्य श्रृंगार,समाज के सभी वर्गों की सहभागिता के साथ श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रसाद व्यवस्था एवं संस्कृतिक कार्यक्रम एवं भजन संध्या का आयोजन होगा। झील घाट में भव्य शोभायात्रा के साथ माँ सरस्वती का विसर्जन किया जाएगा। पूजा को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए कई समितियों का गठन किया गया है,जिनकी जिम्मेदारियां इस प्रकार हैं। स्वागत समिति के रूप में पूजा स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं और अतिथियों के स्वागत के लिए क्लब के अध्यक्ष मुरारी सिंह, अर्जुन सोनी, रंजन चौधरी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

श्री श्याम अरदास कीर्तन फाल्गुन निशान पूजा का 24 फरवरी को

# टाटानगर के भजन गायक अनुभव अग्रवाल अपने भजनों से बिखेरेंगे आध्यात्मिक रंग



## फाल्गुन मासः बाबा श्याम को समर्पित

फाल्गुन महीना बाबा श्याम को समर्पित होता है, और इस दौरान संपूर्ण देश-विदेश में बाबा श्याम की महिमा का गुणगान करते हुए भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी क्रम में हजारीबाग में भी यह दिव्य आयोजन किया जा रहा है, जो श्याम भक्तों को प्रभु श्याम के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करने और उनकी कृपा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेगा।

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** श्याम भक्तों के लिए हर्ष और उल्लास से भर देने वाली एक पल श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार द्वारा श्री श्याम फाल्गुन निशान पूजा का भव्य आयोजन 24 फरवरी को हजारीबाग शहर के मुनका बगीचा प्रांगण में किया जा रहा है। यह भक्तिमय पल संध्या 6:00 बजे से प्रारंभ होकर प्रभु की इच्छा तक चलेगी। इस आयोजन में फूलों की होली, अखंड ज्योत, बाबा श्याम का भोग, इत्र वर्षा, अखंड कीर्तन, एवं भव्य श्रृंगार जैसे विशेष आयोजन किए जाएंगे। जो श्रद्धालुओं को एक अलौकिक आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करेंगे। यह संपूर्ण आयोजन बाबा श्याम के प्रति अटूट श्रद्धा एवं समर्पण का प्रतीक होगा, जिसमें हजारों की संख्या में श्याम प्रेमी सम्मिलित होंगे। इस पावन अवसर को और अधिक भव्य बनाने के लिए टाटानगर के सुप्रसिद्ध भजन गायक अनुभव अग्रवाल अपनी सुमधुर वाणी में बाबा श्याम के भजनों की अनूठी प्रस्तुति देंगे। उनकी मंत्रमुग्ध कर देने वाली संगीतमय प्रस्तुति से समस्त श्रद्धालु भक्तिभाव में लीन होकर आनंदित होंगे और श्याम प्रेम की अनुभूति करेंगे। यह आयोजन श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के समर्पित नौ सदस्यों की एक छोटी लेकिन अत्यंत श्रद्धालु टीम द्वारा किया जा रहा है, जो समय-समय पर बाबा श्याम के विभिन्न धार्मिक एवं भक्ति कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है। इन आयोजनों को सफल बनाने में श्री श्याम परिवार तुलसी धाम, कोलकाता का विशेष सहयोग और आशीर्वाद प्राप्त होता रहता है, जिससे इस भव्य आयोजन की दिव्यता और बढ़ जाती है।

# सीएसपी केंद्र खुलने से ग्रामीणों को होगा लाभ : जिप सदस्य




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत के कोनहारा कला मस्जिद के पास भारतीय स्टेट बैंक का सीएसपी केंद्र का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया, बैंक शाखा प्रबंधक, मुखिया अब्बास अंसारी, समाजसेवी सी के पाण्डेय एवं पवन कुमार ने संयुक्त रूप से किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया ने कहा की य। केंद्र खुलने से ग्रामीणों को छोटा काम के लिए बैंक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, जरूरत के अनुसार पैसा जमा निकासी कर सकेंगे. सभी काम यही पर होगा। ग्रामीणों को अब दूर नही जाना पड़ेगा। मुखिया अब्बास अंसारी ने कहा कि सीएसपी केंद्र खुल जाने से गांव के लोगों को काफी सहुलियत होगी। मौके पर हाजी जमीर उद्दीन, जकिर अंसारी, शिवम कुमार आदि उपस्थित थे।

भारत जकात मांझी परगना महल के सदस्यों ने मंत्री से की मुलाकात

# विद्यालय व अस्पताल खोलने की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र के भारत जकात मांझी परगना महल के अध्यक्ष राम जी बेसरा और सचिव मनोज मुर्मू के अगुवाई में शिक्षा मंत्री राम दास सोरेन और कल्याण मंत्री से बुधवार दोपहर 3:00 बजे मुलाकात कर विभिन्न मांगों को रखा। इस निमित मुख्य रूप से सूरजकुंड धाम परिसर में अनुसूचित जनजातियों के लिए छात्रावास तथा आवासीय विद्यालय निर्माण और बाजू कोला ग्राम में पॉलिटेक्निक कॉलेज निर्माण, करणडो के गोरहर में मिडिल स्कूल का निर्माण, सूरजकुंड धाम में मांझी हाउस और मांझी थान का निर्माण, बरकट्ठा उत्तरी पंचायत प्रखंड मुख्यालय में मांझी हाउस और मांझी थान का निर्माण, चेचकपी के लाल मैदान में माझी हाउस मांझी थान का निर्माण की मांग किया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष रामजी बेसरा, सचिव मनोज मुर्मू, प्रखंड कोष अध्यक्ष सुनील कुमार मुर्मू, समाज सेवी छोटन किस्कू, महेन्द्र मुर्मू, रामू मरांडी, सहदेव मरांडी, शिवलाल मुर्मू, जीवलाल मरांडी कन्हैया बेसरा समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे। इस दौरान मंत्रियों ने उन्हें इन कार्यों को पूरा करने का आश्वासन दिया।

### मां रक्षा काली की पूजा का आयोजन, 801 बकरों की दी गई बली

**गिद्दी।** बड़काचुंबा में मंगलवार की रात्रि में मां रक्षा काली की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद 801 बकरों की बली दी गई। बुधवार को भी दिन भर मां रक्षा काली की पूजा अर्चना करने वालों की तांता लगा रहा। अचार्य इंद्रजीत गांगुली, संतोष शार्मा, दीपक पाठक, गिरजा पाठक ने विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना कराया। इसके पहले बतौर मुख्य अतिथि मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो और बतौर विशिष्ट अतिथि गिद्दी थाना प्रभारी कुंदन कुमार ने फीता काटकर पंडाल का उद्घाटन किया। काली पूजा को लेकर दो दिवसीय मेला का भी आयोजन किया गया है। इसमें टॉवर झूला, ब्रेक डांस, टोटो-टोटो, ड्रेगन ट्रेन, नोका स्मार्ट, थ्री वन झूला, मिक्की माउस, जहाज, जंपींग, मारूती, मनीनी टावर के साथ.साथ जादू, खिलौना, अरविंद गुप्ता, राजेश घटवार, अर्जुन भटेल, रौशन भटेन और प्रिंस भटेल सहित पूजा समिति के लोगों ने योगदान किया।

### नंगे पांव और पुराने पोशाक पहन कर स्कूल पहुंच रहे बच्चे

# अभिभावक और शिक्षक नहीं दे रहे हैं ध्यान

नवीन मेल संवाददाता



**बांसजोर।** आकांक्षी प्रखंड बांसजोर में अधिकतर बच्चे बिना जूता-चप्पल के नंगे पांव ही स्कूल और घर का सफर तय करने को मजबूर हैं। विकास योजनाओं के लिए प्राप्त राशि से स्कूलों का रंग - रोगन कर सुंदर बनाया जा रहा है। तथा इको क्लब बनाकर वृक्षा रोपण आदि कार्य किया जा रहा है। इन सभी गतिविधियों से स्कूलों में रौनक तो लौट आई लेकिन बच्चों के पैरों की ओर ध्यान देने वाला कोई नहीं है। बता दें कि बांसजोर प्रखंड में कक्षा 3-12वीं तक के सरकारी विद्यालयों में कुल 5636 बच्चे नामांकित हैं। जिनमें से अब तक 4801 बच्चों को ही जूता-मोजा की धनराशि भेजी गई है। अभी 835 बच्चों को जूता-मोजा के लिए पैसा नहीं मिला है। बताया गया कि यह धनराशि कहीं- कहीं पर बच्चों के खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी गई है तो कहीं पर बच्चों का बैंक खाता नहीं होने की स्थिति में अभिभावकों के बैंक खाते में भेजी गई है। यही नहीं बांसजोर में कई स्कूलों में आज भी बच्चे पुराने यूनिफॉर्म पहन कर स्कूल जाते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिरी बच्चों को भेजी गई धन राशि का क्या हुआ? पैसा भेजने के बाद जिम्मेदार शिक्षक क्यों मॉनिटरिंग नहीं कर रहे हैं।

### क्या कहते हैं जिला शिक्षा अधीक्षक

इस संबंध में जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक राम से बात करने पर उन्होंने कहा कि बच्चों के खाते में पैसा चला गया है। उन्हें जूता और पोषक खरीदवाने की जिम्मेदारी उनके माता पिता और स्कूल के शिक्षकों की है। हमने शिक्षकों को इस सम्बद्ध में पहले भी कहा है कि जिनके खाते में पैसा गया है उनका मॉनिटरिंग करते रहे। यदि ऐसा मामला है तो इस पर पुन: शिक्षकों को निर्देशित किया जाएगा।

## सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किए गए अजित कंडुलना

**बानो।** खूंटी लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद कालीचरण मुंडा के द्वारा द्वारा बानो कांग्रेस कमेटी के वर्तमान अध्यक्ष अजित कंडुलना को बानो प्रखंड के प्रखंड सांसद प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया गया है।उक्त जानकारी बानो कांग्रेस मीडिया प्रभारी अभिषेक बागे और हर्षित सांगा के द्वारा दी गई।वहीं संसद द्वारा निर्गत पत्र बानो प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी,अंचलाधिकारी रवि भूषण प्रसाद और बानो थाना प्रभारी विकास कुमार को मीडिया प्रभारी अभिषेक कुमार और हर्षित संग के द्वारा समर्पित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि अजित कंडुलना को प्रखंड सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी के लहर है।सांसद ने अपना प्रतिनिधि बनाकर क्षेत्र की समस्याओं को उन तक पहुंचाने की दिशा में सार्थक कार्य किया है।

# ग्राम पंचायत समसेरा में बाल सभा एवं महिला सभा सं पन्न

नवीन मेल संवाददाता



**बोलबा।** प्रखंड के समसेरा पंचायत में बुधवार को बालसभा एवं महिला सभा का आयोजन किया गया सभा में मुख्य रूप से पंचायत के मुखिया सुरजन बड़ाईक उपस्थित रहे जहां पर उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया । ज्ञात हो कि सरकार के निर्देशानुसार सर्व प्रथम मुखिया सुरजन बड़ाईक के द्वारा बाल सभा एवं महिला सभा की शुरुआत की एवं संबंधित जानकारी साझा की। बताया गया कि 9 थीम में अहम भूमिका बाल हितैषी गांव,एवं महिला हितैषी गांव का निर्माण के तहत महिला एवं बालकों के लिए भी ग्राम पंचायत विकास योजना में योजना लेते समय इनके प्राथमिकीकरण, प्रस्तुतीकरण, उन्मुखीकरण एवं दस्तावेजीकरण कर इनका जागरुकता अभियान चलाकर सामाजिक मानचित्र,एवं संसाधन मानचित्र का समेकन कर समस्याओं को दूर करना है। शिक्षक सुरेश महतो ने शिक्षा एवं स्वच्छता पर जोर देने की बात कहे। वहीं शिक्षक सुरेश प्रसाद द्वारा भी अभिभावक को बच्चों के प्रति सजग होकर बच्चों को नशापान से दूर होने की बात कहें।शिक्षा के पिरामल फोंडेशन के आशिष। ने बच्चों एवं महिलाओं को जागरूक करते हुए योजना का लाभ लेने संबंधी जानकारी साझा किये। साथ ही विभिन्न कार्यक्रम में शामिल होने की बात कहें। इस मौके पर सांप सीढी का खेल,घडा फोड़, शिक्षा से संबंधित गतिविधी करा कर बच्चों एवं महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन पंचायत सचिव द्वारा किया गया।मौके पर वार्ड सदस्य हीरालाल बडाईक, मानुएल ,विपिन जी,ग्रेस लकड़ा, सुमती देवी, रायमुनी,सरोज , फाल्गुन नायक, प्रतिमा डुंगडुंग, टकबर सिंह, ममता केरकेट्टा, ममता देवी के अलावे काफी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे मौजूद थे।

# 53 दिनों में हुई 1188 लोगों की टीबी जांच 421 लोगों ने कराया निशुल्क एक्स-रे

नवीन मेल संवाददाता

टीबी मुक्त भारत




**जलडेगा।** प्रखंड में 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलडेगा के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शुभम माथुर के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में घूम - घूम कर कार्यक्रम का निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान लोगों को टीबी के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। डॉ माथुर ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर सर्वे कर रहे हैं और टीबी की स्क्रीनिंग कर रहे हैं। इसके अलावा, स्वास्थ्य कर्मी टीबी के बारे में जागरूकता फैला रहे हैं और लोगों को इसके निदान व उपचार के बारे में जानकारी दे रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से कमजोर समूहों के लोगों का ध्यान रखा जा रहा है, जिनमें 60 वर्ष से अधिक आयु के लोग, मधुमेह बीमार व्यक्ति, शराब और धूम्रपान करने वाले, पिछले पांच साल के टीबी मरीज और पिछले 3 साल के टीबी मरीजों के सम्पर्क में आए हुए लोग आदि शामिल हैं। इन लोगों का निःशुल्क एक्स-रे किया जा रहा है, ताकि उन्हें टीबी के निदान व उपचार के लिए आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जा सकें।वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक सोनू कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) और आयुष्मान आरोग्य मंदिर के अंतर्गत कार्यरत, सहिया और एमपीडब्ल्यू शामिल हैं। कार्यक्रम के तहत अब तक 53 दिनों में 1188 लोगों का टीबी जांच और 421 लोगों का एक्स-रे किया जा चुका है। इस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन, प्रखंड प्रशासन, सिविल सर्जन, जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सहित मीडिया कर्मी भी सहयोग कर रहे हैं।बता दें कि सिमडेगा जिला में 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरुआत 07 दिसंबर 2024 को हुई थी, जो अभी भी जारी है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य टीबी के बारे में जागरूकता फैलाना और इसके निदान व उपचार के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना है।

# सबकी योजना सबका विकास अभियान कार्यक्रम के तहत प्रखंड कार्यालय में हुआ प्रशिक्षण




नवीन मेल संवाददाता

**सिमड़ेगा।** सिमडेगा प्रखण्ड सभागार में सबकी योजना सबका विकास अभियान 2025- 26 के सफल क्रियान्वयन हेतु ई ग्राम स्वराज के तहत संकुल स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उदघाटन प्रखण्ड प्रमुख सुशीला देवी,प्रखण्ड समन्वयक राकेश समद, जिला पंचायतती राज्य प्रबंधक निरंजन गुप्ता,मुखिया शिशिर टोप्पो ने दीप प्रज्वलित कर किया, ट्रेनिंग में सिमड़ेगा, कुरडेग, बोलबा, ठेठईटांगर, केरसई बांसजोर के पंचायत शिफ्टेड प्रज्ञा केन्द्र संचालक को ग्राम पंचायत विकास योजना के सफल संचालन के लिए प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण झारखंड स्टेट टीम के ट्रेनी प्रियंका कुमारी के द्वारा दिया गया। ट्रेनिंग में पंचायत में 15 वें वित्त की राशि किस मद में खर्च करना है कैसे योजनाओं का चयन कर ऑनलाइन पोर्टल में इंट्री करना है उसकी विस्तृत जानकारी दी साथ ही प्रोजेक्टर के माध्यम से वीडियो और पीपीटी के माध्यम से दिखाया।मौके पर सिमड़ेगा पंचायती राज्य पदाधिकारी शामू साहू ने बताया अब ई ग्राम स्वराज का सभी कार्य अपने पंचायत में किया जाएगा,ई डिजिटल पंचायत के तहत अब सभी कामों को पंचायत से कराने का आदेश आया है जिसके तहत पंचायत शिफ्ट प्रज्ञा केन्द्र संचालक को ट्रेनिंग दिया जा रहा है मौके पर पंचायत शिफ्ट प्रज्ञा संचालक उपस्थित थे।

# पढ़ाई के साथ खेल की डिग्री कैरियर निर्माण में बनेगा सहायक : मंगल सिंह

### सिमडेगा में अभाविप खेलो भारत कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सिमडेगा नगर इकाई द्वारा बुधवार को खेलो भारत कार्यक्रम के तहत फुटबाल, बाली बॉल और कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी मंगल सिंह भोगता ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल कूद भी जरूरी है। खेल कूद से शरीरिक मानसिक और बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। वर्तमान समय में पढ़ाई के साथ खेल की डिग्री कैरियर निर्माण में सहायक साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि छात्र शक्ति राष्ट्र की शक्ति है और खेल में टीम भावना होती है। लक्ष्य साधने के लिए युवाओं की टीम देश व समाज हित में मिल का पत्थर साबित होगा। विशिष्ट अतिथि सिमडेगा कॉलेज के प्राचार्य देवराज सर ने कहा कि हार जीत खेल में होती है। छात्रों को संस्कार और चरित्रवान बनना है। खेल का निरंतर अभ्यास करते हुए आगे बढ़ना है। जिला प्रमुख दीपक झा ने कहा कि छात्र अच्छा संस्कार लेकर समाज के किसी भी क्षेत्र में जाते हैं तो अच्छाइयां को आगे बढ़कर समाज का विकास करते हैं। विभाग संगठन मंत्री देवी सिंह ने कहा की विद्यार्थी परिषद विभिन्न प्रकार कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों के अंदर देशभक्ति व समाज के प्रति संवेदना जागृत करने का काम करती है। वह विद्यार्थी परिषद हमेशा छात्रों को अच्छा संस्कार देने का काम करती है जिसमें सिमडेगा कॉलेज कबड्डी गर्ल्स टीम में प्रथम विजेता हुई और पॉलिटेक्निक द्वितीय विजेता ,वॉलीबॉल प्रथम विजेता कुडे,द्वितीय विजेता सिलडेगा ,फुटबॉल में सिमडेगा कॉलेज प्रथम विजेता, द्वितीय विजेता पॉलिटेक्निक ,फुटबॉल गर्ल्स में प्रथम विजेता सिमडेगा कॉलेज ,द्वितीय विजेता संत फ्रांसिस स्कूल हुआ। विजेता टीमों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संतोषी कुमारी, शुभम केसरी, निखिल नायक ,वीर दास उपस्थित थे।

## शिवम हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर कोलेबिरा में 30 जनवरी को आएंगे हड्डी रोग विशेषज्ञ

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के चटक टोली में स्थित शिवम हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में 30 जनवरी दिन गुरुवार को हड्डी रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर नवीन कुमार के द्वारा सुबह 10:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक निशुल्क हेल्थ कैप का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुए अस्पताल के संचालक ललित प्रसाद ने बताया कि उक्त निशुल्क शिविर में हड्डी से संबंधित समस्या का मुफ्त उपचार तथा बीएमडी मशीन द्वारा हड्डी की गुणवत्ता की जांच की जाएगी, साथ ही साथ हड्डी कमजोर तथा हड्डियों में हमेशा दर्द चोट की वजह से हड्डी टूट जाती है आदि चीजों के बारे में विस्तार पूर्वक निशुल्क सेवा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि उक्त निशुल्क शिविर में अधिक से अधिक लोग पहुंचकर इसका लाभ ले सकते हैं।

# फाइलेरिया के कार्यक्रम को लेकर सीएचसी में हुआ प्रशिक्षण का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**कुरडेग।** फाइलेरिया उन्मुलन कार्यक्रम को लेकर सीएचसी के सभागार में एएनएम एवं स्वास्थ्य कुरडेग फाइलेरिया उन्मुलन कार्यक्रम को लेकर सीएचसी के सभागार में एएनएम एवं स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक विक्की कुमार एवं कुलदीप कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत 10 फरवरी से 25 फरवरी तक अभियान चलाकर दो वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को दवा खिलाई जाएगी।10 फरवरी को सभी आंगनबाड़ी केन्द्र में योग्य लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाई जाएगी और 11 से 25 फरवरी तक स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर घर एवं स्कूलों में जाकर दवा खिलाई जाएगी।प्रशिक्षक ने बताया कि फाइलेरिया एक वेक्टर जनित बीमारी है।जिसकी वजह से प्रभावित अंग जैसे हाथ,पांव का फुलना तथा हाइड्रोसिल होता है।उन्होंने बताया कि तीसरा चरण होने के बाद बीमारी ठीक नहीं होती है,इसलिए बीमारी होने से पूर्व ही सभी योग्य लोगों को डीईसी की गोली उम्र के अनुसार एवं आईवरमैक्टिन की दवा ऊंचाई के अनुसार साल में एक बार जरूर सेवन करना चाहिए।साथ ही कुष्ठ रोग को लेकर सहियाओं को भी प्रशिक्षण दिया गया।मौके पर बीपीएम राकेश रोशन केरकेट्टा,डॉ पीके बारीक देवनीश खलखो,एमपीडब्लयू एवं एएनएम उपस्थित थे।कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक विक्की कुमार एवं कुलदीप कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत 10 फरवरी से 25 फरवरी तक अभियान चलाकर दो वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को दवा खिलाई जाएगी।10 फरवरी को सभी आंगनबाड़ी केन्द्र में योग्य लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाई जाएगी और 11 से 25 फरवरी तक स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर घर एवं स्कूलों में जाकर दवा खिलाई जाएगी।प्रशिक्षक ने बताया कि फाइलेरिया एक वेक्टर जनित बीमारी है।जिसकी वजह से प्रभावित अंग जैसे हाथ,पांव का फुलना तथा हाइड्रोसिल होता है।उन्होंने बताया कि तीसरा चरण होने के बाद बीमारी ठीक नहीं होती है,इसलिए बीमारी होने से पूर्व ही सभी योग्य लोगों को डीईसी की गोली उम्र के अनुसार एवं आईवरमैक्टिन की दवा ऊंचाई के अनुसार साल में एक बार जरूर सेवन करना चाहिए।साथ ही कुष्ठ रोग को लेकर सहियाओं को भी प्रशिक्षण दिया गया।मौके पर बीपीएम राकेश रोशन केरकेट्टा,डॉ पीके बारीक देवनीश खलखो,एमपीडब्लयू एवं एएनएम उपस्थित थे।

# कालीकारण रोड से स्कूल टोली तक ग्रामीणों ने अपनी श्रमदान कर सडक का मरम्मत

नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** बानो प्रखंड के बिंजामर्चा में कालीकारण रोड से स्कूल टोली तक ग्रामीणों ने अपनी श्रमदान कर सडक का मरम्मत किया।मालुम हो कि विर्जामार्चा स्कूलटोली से कालीकरण सडक तक सडक काफी जर्जर हो गया था। जिसके कारण लोगो को आने जाने मे काफी परेशानी का सामना करना पडता था। क ई बार लोगो ने स्थानीय जनप्रतिनिध को सडक मरम्मत के लिए आग्रह किया लेकिन कोइ पहल नही हुआ। इसके बाद ग्रामीण ने गांव मे बैठक का आयोजन किया गया। तथा श्रमदान के माध्यम से सडक मरम्मत करने का निर्णय लिया गया। निर्णय बुधावर सुबह गांव के घर घर से एक एक व्यक्ति कुदाल फावडा आदि समान लेकर जमा हुए तथा श्रमदान से एक किमी सडक का मरम्मत किया। श्रमदान करने मे दशरथ बड़ाईक, मरकुश मरकी, बिन्देश्वर बड़ाईक, सूरज बड़ाईक, दिलीप बड़ाईक, सुकरा बड़ाईक, सुनीता मरकी, सुगंती देवी, मुकेश बड़ाईक, सुधनाथ बड़ाईक, चन्दन बड़ाईक, बालकिशुन बड़ाईक, सोहन बड़ाईक, छबिला बड़ाईक, पियुष मरकी गीता देवी, छटू बड़ाईक, मुनि देवी रुपन देवी अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# फिटर मशीनिस्ट प्रथम वर्ष को हरा फिटर मशीनिस्ट द्वितीय वर्ष बना चैंपियन

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेग।** आईटीआई कॉलेज बेरीटोली परिसर में आयोजित तीन दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन किया गया।प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रुप में खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार उपस्थित थे।प्रतियोगिता में फिटर मशीनिस्ट द्वितीय वर्ष ने फिटर मशीनिस्ट प्रथम वर्ष को हराकर चैंपियन बना। जबकि एमएमभी प्रथम वर्ष को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। विजेता टीमों को खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वहीं बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाडि़यों को मेडल और प्रशस्ती पत्र दिया गया। डीएसओ ने आईटीआई कॉलेज परिसर में खेल के विकास हेतु हर संभव सहयोग करने का भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि सिमडेगा में खिलाडि़यों की कमी नहीं है। यहां के खिलाड़ी काफी मेहनती है। ऐसे खिलाडि़यों को प्रशासक द्वारा मौका और सुविधा देने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि इन खिलाडि़यों की प्रतिभा में निखार आ सके। इससे पूर्व अतिथियों के कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर प्रभारी प्राचार्य नवीन निश्चल पासवान, पूर्व प्राचार्य सह मुख्य प्रशिक्षण अधिकारी यदुनाथ टुडू, बानो आईटीआई कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य ने डीएसओ एवं एथलेटिक्स कोच दिनेश विश्वा शर्मा को पौधा देकर सम्मानित किया। एथलेटिक्स कोच ने कहा कि जिले के खिलाड़ी बहुत ज्यादा मेहनती है। फुटबॉल, हॉकी, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल हर क्षेत्र में उभरने एवं अच्छाई प्रदर्शन करने की अदभुत क्षमता है।

## न्यूज बॉक्स

### पागल कुत्ते ने त्रिलोचन दास को काटकर किया गंभीर रूप से घायल



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के पाकरबहार गाँव मे एक पागल कुत्ता ने त्रिलोचन दास पुरोहित को काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया ।वही उन्हें इलाज के लिए लाया गया बोलबा अस्पताल।घटना के सम्बन्ध मे मिली जानकारी के अनुसार पाकरबहार गाँव मे एक पागल कुत्ता ने एक बकरी को काट रहा था,बकरी को कुत्ता से छुड़ाने के लिए वहाँ पहुंचा तो कुत्ता ने त्रिलोचन दास के ऊपर हमला करते हुए हाथ और छाती मे काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसी दौरान अगल बगल के ग्रामीणों ने पहुंचकर कुत्ता से छुड़ाया और इलाज के लिए बोलबा अस्पताल लाया गया. अस्पताल मे प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया गया।

### बानो में शांति समिति की बैठक आज

**बानो।** बानो थाना परिसर में आज सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक दोपहर 3 बजे से होगी। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि बैठक में शांतिपूर्ण तरीके से प्राप्त त्यौहार के सफल आयोजन से संबंधित शांति समिति के सदस्यों के साथ चर्चा की जाएगी ।बैठक में प्रखण्ड के विभिन्न पदाधिकारियों ,जनप्रतिनिधियों, सरस्वती पूजा समिति के अध्यक्ष, व प्रखण्ड के समाजसेवियों को बैठक में आमंत्रित किया गया है आप सभी समय पर बैठक में भाग लेकर उचित मार्ग दर्शन दें।

### पीड़ियापोंछ पंचायत में सांसद प्रतिनिधि ने किया ज्ञान केंद्र का उद्घाटन



**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड के पिड़ियापोंछ पंचायत भवन में ज्ञान केंद्र का सांसद प्रतिनिधि ने उदघाटन किया। इस मौक़े पर बोलबा प्रखण्ड के सांसद प्रतिनिधि सुनील टोप्पो एवं पिड़िया पोंछ पंचायत के मुख्या शांति देवी एवं अन्य लोगों कि मौजूदगी मे किया गया।सांसद प्रतिनिधि ने राज्य सरकार के महत्वकांक्षी योजना के बारे बताते हुए कहा कि हमारी गठबंधन सरकार पंचायती राज्य को मजबूत करने के उद्देश्य से राज्य के हर पंचायत में गरीबों एवं अमीरों सभी के लिए बिना भेदभाव के ज्ञान केंद्र खोलने का एक सराहनीय कार्य कर रहा है। इस केंद्र के खुल जाने से सभी तबके के लोगों के लिए फायदेमंद साबित होगा, वही पिड़ियापोंछ पंचायत सचिव दावले बाड़ा ने बताया कि इस ज्ञान केंद्र में क्लास 6 से लेकर 12 वीं तक की पुस्तक उप्लब्ध रहेगी और साथ में कमप्यूटर की भी व्यवस्था है। मुख्य शांति देवी ने पंचायत के लोगों से निवेदन किया कि वो अपने बच्चों को इस ज्ञान केंद्र का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर पंचायत के उप मुख्या सुरेश सिंह, सभी वार्ड सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित रहें।

### पीड़ियापोंछ पंचायत सचिव को दी गई विदाई



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के पीडियापोछ पंचायत में ग्राम पंचायत सचिव दावेल बाडा को दिया गया विदाई. इस मौक़े पर एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में स्वागत गीत के साथ माला पहनाकर विदाई किया गया, इस मौक़े पर मुखिया शांति देवी, उप मुखिया सुरेश सिंह, पंचायत सहायक द्रुपद मांझी अनुग्रहित डुंग डुंग वार्ड सदस्य बिरसमुनि देवी अनीता देवी एंम ग्रामीणों ने भारी संख्या में उपस्थित हुए।

### एस.एस स्कूल एनडीआरएफ की ओर से भूकंप के बचाव को लेकर किया मॉकड्रिल



**सिमडेगा।** एनडीआरएफ टी की ओर से बुधवार को एस.एस. +2 विद्यालय, सिमडेगा में भूकंप के बचाव को लेकर मॉकड्रिल किया. एस.एस.+2 विद्यालय में सैकड़ों विद्यालय के बच्चों की मौजूदगी में एनडीआरएफ की टीम ने भूकंप के बचाव राहत कार्यों का जीवंत प्रदर्शन किया। एनडीआरएफ टीम के कमांडेंट श्री सोहेल लखानी के नेतृत्व में टीम ने भूकंप के दौरान राहत और बचाव के विभिन्न तकनीकी तरीकों का प्रदर्शन किया. एनडीआरएफ टीम के कमांडेंट ने बताया कि टीम ने भूकंप के बचाव का जीवंत प्रदर्शन करते हुए क्लास रुम पर फंसे भूकंप पीड़ितों को कैसे रेस्क्यू किया जाता. साथ ही अन्य स्थानों पर फंसे लोगों को बचाने और भूकंप से प्रभावित लोगों को रेस्क्यू के साथ प्राथमिक उपचार कर अस्पताल पहुंचाने का अभ्यास किया गया। इसके अलावा सांप दंश, वज्रपात से बचाव, पानी में डूबने वालों लोगों का कैसे रेस्क्यू करना सहित अन्य आपदाओं में बचाव करने से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिक्षक व अन्य उपस्थित थे।

### रायकेरा में संकुल स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**बानो।** बुधवार को रायकेरा संकुल के सभी विद्यालयों के रसोईया का प्रतियोगिता आयोजित किया गया। रा.म.वि.रायकेरा,रा.प्रा. वि.रायकेरा,रा.प्रा.तुरीनटोली,रा.उ.म.वि.बिरहुली,रा.प्रा.वि.बोयसोर और उ.प्रा.पत्राटोली के रसोईया भाग लिए। संकुल में प्रथम स्थान के लिए बालमती देवी, बिरहुली और द्वितीय स्थान के लिए जायलेन जोजो प्रा.वि.रायकेरा का चयन किया गया। शिव शंकर सिंह ने कहा आज के समय में बच्चों पौष्टिक भोजन देना अति आवश्यक है।सभी रसोईया भोजन के साथ साथ रसोई घर साफ सफाई पर ध्यान दे ।गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक भोजन से विद्यार्थियों का स्वस्थ अच्छा रहेगा ।साथ ही बच्चों का पढ़ाई में मन लगेगा। कार्यक्रम में सिद्धार्थ कुमार नाग, शिवनारायण कुमार, शिवशंकर सिंह, प्रकाश सिंह, डेविड होरो,प्रेम प्यारेलाल और उषा देवी आदि शिक्षक उपस्थित थे।

### तीन दिनों से गायब युवक का नहीं मिला सुराग, सड़क जाम

# पुलिस के आश्वासन के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने हटाया जाम

## हर एंगल से पुलिस कर रही मामले की जांच : एसडीपीओ



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**

बीते 27 जनवरी की शाम से लापता सिंघो निवासी विजय यादव की अब तक कोई खबर नहीं मिलने से आक्रोशित ग्रामीणों ने बुधवार की सुबह गांवा - गिरिडीह मुख्य पथ को तिसरी थाना क्षेत्र के सिंघो में जाम कर दिया। परिजनों के संग ग्रामीण लापता विजय यादव की सकुशल बरामदगी और मामले के उद्भेदन की मांग को लेकर बीच सड़क पर ही धरने पर बैठ गए।हालांकि सड़क जाम की सूचना पर खोरीमहुआ एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद, तिसरी के प्रभारी थाना अध्यक्ष नंदजी राय,हिरोडीह थाना प्रभारी धर्मेंद्र अग्रवाल व गांवा पुलिस मौके पर पहुंची और समझाबुझा कर सड़क जाम हटवाया। बता दें कि तिसरी थाना क्षेत्र के सिंघो निवासी 42 वर्षीय विजय यादव सोमवार की शाम से लापता है। उसकी पत्नी गीता देवी ने मंगलवार की शाम तिसरी थाने में आवेदन देकर गांव के ही बाबूचंद यादव पर उनके पति का अपहरण करने का आरोप लगाया है। लापता शख्स का जूता आरोपी के घर के पास से मिलने की बात बताई जा रही है। तिसरी पुलिस आरोपी बाबूचंद यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जिप सदस्य रामकुमार राउत ने कहा कि बीते 36 घंटे से विजय यादव लापता है अब तक उसकी कोई खबर नहीं मिली है। आरोपी बाबूचंद यादव के घर के पास से लापता विजय यादव का जूता भी मिला है। उन्होंने बताया कि बाबूचंद यादव और विजय यादव में किसी बात को लेकर 5 साल से विवाद चल रहा है।

# आदर्श उवि का धूमधाम से मनाया गया 25वां स्थापना दिवस



**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय**

गांडेय प्रखंड के बुधुडीह स्थित आदर्श उच्च विद्यालय में बुधवार को 25वां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने गीत, संगीत व नृत्य की शानदार प्रस्तुति दे लोगों को हतप्रभ कर दिया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुरूआत बुद्धूडीह के मुखिया नवीन वर्मा भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण स्वर्णकार पूर्व सांसद प्रतिनिधि यदुनंदन पाठक ,महालाल सोरेन, फरदीन इम्तियाज अहमद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर की। विद्यालय के संस्थापक तारा प्रसाद वर्मा ने स्थापनकाल से वर्तमान समय तक विद्यालय की स्थिति पर विस्तृत जानकारी साझा की कहा कि सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में विद्यालय की स्थापना से आरंभ में कठिनाईयों का सामना करना पड़ा पर बेहतर शिक्षण व्यवस्था तथा शैक्षणिक माहौल ने अल्प समय में विद्यालय को बेहतर मुकाम दिया है।लेकिन आज भी यहां शिक्षक 3000 मानदेय पर कार्यरत है। नेताओं के साथ विधायकों से कई बार गुहार लगाई गई लेकिन इस तरह के विद्यालय के प्रति सरकार की उदासीनता स्पष्ट झलक रही है। उन्होंने कि कहा कि इस विद्यालय में अभी 505 छात्र छात्राओं का नामांकन है।विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है।

### सड़क दुर्घटना में पति और पत्नी हुए घायल

**बिरनी।** बिरनी प्रखंड के भरकट्टा ओपी क्षेत्र अंतर्गत बरहमसिया-कोवाड मुख्य मार्ग कस्कूटईया के पास शाम को हुए सड़क हादसे में 22 वर्षीय शिवानी भारती गंभीर रूप से घायल हो गईं। शिवानी, जो मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के लेदा की निवासी हैं, अपने पति पवन पांडेय के साथ आदर्श महाविद्यालय, राजधनवार में परीक्षा देकर घर लौट रही थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक चालक पवन पांडेय शराब के नशे में था और तेज रफ्तार से गाड़ी चला रहा था, जिससे संतुलन बिगड़ने पर शिवानी सड़क पर गिर गईं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों ने तत्काल 108 एंबुलेंस बुलाकर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बिरनी भेजा, जहां डॉ. साकिब जमाल ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही जिला परिषद सदस्य सूरज सुमन मौके पर पहुंचे और घायल के परिजनों को सूचना दी।

### बिरनी मुख्यालय में दिव्यांगों के बीच उपकरण वितरण



**बिरनी।** बिरनी प्रखंड मुख्यालय में दिव्यांगों के लिए आयोजित उपकरण वितरण समारोह में बगोदर विधायक श्री नागेंद्र महतो ने सहभागिता की और सभी दिव्यांग जनों को बैटरी युक्त ट्राई साइकिल, ट्राई साइकिल और व्हीलचेयर प्रदान किए। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि इन कृत्रिम उपकरणों से दिव्यांगजन अपनी दिनचर्या को अधिक सुगम बना सकेंगे और दूसरों पर निर्भरता कम होगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र के बाकी दिव्यांगों को भी शीघ्र ही उपकरण प्रदान किए जाएंगे और हर संभव मदद की जाएगी। विधायक नागेंद्र महतो ने इस अवसर पर कहा कि, ₹दिव्यांगजनों के जीवन को सुगम बनाने के लिए यह उपकरण अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इनकी सहायता से अब वे अपनी दिनचर्या में आत्मनिर्भर बन सकेंगे और किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। समारोह में बिरनी बीडीओ फनीश्वर रजवार, सीओ संदीप मधेशिया, जिला मंत्री देवनाथ राणा, मंडल अध्यक्ष राजदेव साव, जिला कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मण दास, मुखिया कुंवर नारायण सिंह, भाजपा नेता तुलसी यादव, मुखिया मुकेश यादव, मुखिया दिलीप दास, पूर्व मुखिया प्रेमचंद कुशवाहा, मनोज चंद्रवंशी, सुभाष दास, सुभाष बर्मा, प्रकाश सिन्हा, सरजू पासवान, रंजीत राय, विक्रम तरवे, मांझी तुरी, भरत बर्मा, छत्रधारी दास सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### लायंस क्लब ने निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का किया आयोजन



**डुमरी।** लायंस क्लब ऑफ इसरी-डुमरी के सभागार में बुधवार को लायंस क्लब और नारायण फाउंडेशन के सौजन्य से निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर का उद्घाटन क्लब के अध्यक्ष लायन पवन कुमार गुप्ता लायन अशोक कुमार गुप्ता लायन रामकिशोर शरण लायन कैलाश माथुर लायन विजय कुमार एवं लायन बलवंत कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस शिविर में महावीर हॉस्पिटल के संदीप कुमार गुप्ता,रवि कुमार विनीत महतो एवं प्रेम सुंदर मंडल के द्वारा 54 मरीज के आंखों की जांच की गई जिसके जांच उपरांत 23 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु उपयुक्त पाया गया।इन सभी मरीजों का ऑपरेशन 31 जनवरी को महावीर हॉस्पिटल पेटरवार में होगा।मरीजों को लाने व ले जाने एवं भोजन व दवा लायंस क्लब की ओर से निःशुल्क किया जाएगा।शिविर को सफल बनाने में लायन शक्ति बांका लायन दिलीप जायसवाल लायन शिवकुमार जायसवाल लायन उमेश उजाला लायन आनंद प्रकाश लायन मनोज अग्रवाल अमित कुमार की भूमिका सराहनीय रही।

# सलेडीह गांव के आठ वर्षीय मासूम की डांढ़ी में डूबने से मौत



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी**

बिरनी प्रखंड के भरकट्टा ओपी अंतर्गत सलेडीह गांव में डाढ़ी में फिसलने से आठ वर्षीय मासूम राहुल कुमार रजक की डूबकर मौत हो गई। मृतक सलेडीह गांव निवासी सुकर रजक का पुत्र था। बताया जाता है कि राहुल कुमार दोपहर तीन बजे शौच के लिए गया था, जिसके बाद वह पानी लेने के लिए डाढ़ी के पास गया। सीढ़ियों में कजरी (काई) लगी होने के कारण वह फिसलकर गहरे पानी में चला गया, जिससे उसकी डूबने से मृत्यु हो गई।घटना की खबर मिलते ही परिजन दौड़े और तुरंत शव को बाहर निकालकर बिरनी के स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टर साकिब जमाल ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस हादसे से परिवार में मातम छा गया है, और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।घटना की सूचना पाकर भरकट्टा ओपी के एसआई आनन्दी प्रसाद, चौकीदार शंकर तुरी और कार्तिक यादव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जाँच शुरू की। शव को पोस्टमार्टम के लिए गुरुवार को गिरिडीह सदर अस्पताल भेजा जाएगा। मृतक राहुल कुमार रजक की माता मंजू देवी ने भरकट्टा ओपी में लिखित आवेदन देकर किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

### प्रज्ञा केंद्र संचालकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित



**बरही।** आगामी 31 जनवरी से 1 फरवरी तक प्रखंड मुख्यालय में पंचायत भवन शिफ्टेड प्रज्ञा केंद्र संचालकों का संकुलस्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा. जिसमें बरही, पदमा और चौपारण प्रखंड के पंचायत भवन में कार्यरत 50 वीएलई हिस्सा लेंगे. प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार के सबकी योजना सबके विकास कार्यक्रम को पंचायत स्तर पर सफलता पूर्वक क्रियान्वित करने के लिए वीएलई को ई ग्राम स्वराज, टीएमपी, पीडीआई और जेम पोर्टल के संचालन की जानकारी देना है.

### आदिवासी महासभा ने निकाला आक्रोश मार्च

# पुलिस के विरोध में की गयी नारेबाजी



**नवीन मेल संवाददाता। डुमरी**

निमियाघाट थाना काण्ड संख्या 05/2025 के विरूद्ध उचित कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाकर घटवार आदिवासी महासभा के जिला अध्यक्ष महावीर सिंह के नेतृत्व में बुधवार को आक्रोश मार्च निकाला गया जो कलाली रोड इसरी से निकल कर बस स्टैण्ड, बेरमो मोड़ होते हुए अनुमंडल कार्यालय परिसर पहुंच कर नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गया।आक्रोश मार्च में शामिल लोगों से जिलाध्यक्ष ने कहा कि मेरी स्वीफ्ट गाड़ी को 4 जनवरी की रात्रि जला दिया गया,जिसके चपेट में आकर एक अन्य वाहन भी जल गया।मामले को लेकर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर नामजद प्राथमिकी दर्ज भी किया लेकिन आरोपी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के बजाय वह मामले की लीपापोती में लगी है जिसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल लोगों के द्वारा पुलिस के विरोध में नारेबाजी की जा रही थी। अंत में एक ज्ञापन एसडीपीओ कार्यालय को सौंपा गया। पत्र में उक्त कांड के आरोपी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।इस दौरान घटवार आदिवासी महासभा के जिलाध्यक्ष बिनोद सिंह, अर्जुन सिंह, गोपाल राय, गोविंद राय, तेजलाल सिंह, चेतलाल सिंह, खुबलाल सिंह, प्रेम सिंह, फलेश्वर सिंह आदि दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे।

### शिक्षा का अलख जगाने वाले समाज सेवी तुलाराम महतो की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई



**रामगढ़।** बुधवार को शिक्षा का अलख जगाने वाले चेटर निवासी समाज सेवी तुलाराम महतो की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज सेवी तुलाराम महतो की तस्वीर और उनकी धर्मपत्नी श्रावणी देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर गांव के गांव के प्रबुद्ध लोगों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला के कई विद्वान अवर गण्यमान्य लोग उपस्थित हुए । मौके पर स्वर्गीय तुलाराम महतो के पुत्र निरंजन महतो,रामप्रसाद महतो, संजीव कुमार सुधांशु एवं डॉ सुनील कुमार कश्यप, पुत्रवधू पाटो देवी,शीला वाला, शीला कुमारी एवं कुमारी प्रतिमा, केदार कुमार महतो, मीणा कुमारी,संगीता कुमारी,पूनम महतो, अभिषेक आनंद, दीपिका कुमारी, गोलू कुमार महतो, शिक्षक रामटहल ओहदार, छोटा भाई भोलाराम महतो,छोटी बहन पुनिया देवी,पचु मुंडा, देवानंद महतो,इंद्रनाथ ओहदार ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस दौरान वसंत कुमार,रजनीश रंजन,ईशा रामलाल महतो, अजय कुमार महतो,जुगल महतो,पोखलाल करमाली,गंगाराम मुंडा आदि कई लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### सुरेन्द्र कुमार महतो कोषाध्यक्ष व शंकर मेहता बने जिला उपाध्यक्ष

**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ इकाई के मांडू प्रखंड के वरीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो को जेएलकेएम रामगढ़ जिला का कोषाध्यक्ष तथा शंकर कुमार मेहता को जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर दोनों को जेएलकेएम रामगढ़ परिवार की ओर से बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी गई है । कहा गया है की निश्चित तौर पर आपलोगो के नेतृत्व में पार्टी/ संगठन सशक्त एवं मजबूत बनेगी ऐसा उम्मीद है। सुरेंद्र कुमार महतो ने कहा की पार्टी ने मुझे जिस आशा और विश्वास के साथ दायित्व दिया है उसपर शत प्रतिशत खरा उतारने का प्रयास करूंगा और संगठन हित में मैं कार्य करूंगा। जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा की बहुत ही कम ऐसे संगठन के कार्यकर्ता है जो कम समय में अधिक जिम्मेवारी प्राप्त करते हैं। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं जिला अध्यक्ष ने सोच समझ कर ही यह निर्णय लिए हैं।

### मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

# आवेदनों की जांच कर योग्य लाभुकों को लाभ पहुंचाने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर चौधरी के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित समिति के अन्य सदस्यों को जानकारी दी गयी की वित्तीय वर्ष 2024 -25 में वर्तमान में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए जिला स्तर पर प्राप्त आवेदनों की जानकारी दी गई एवं अब तक दिए गए लाभुकों के लाभ के संबंध में भी जानकारी दी। उपायुक्त ने प्राप्त आवेदनों का दस्तावेज को अच्छे से जांच उपरांत ही योग्य लाभुकों को लाभ देने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जिन लाभों का राशि स्वीकृत हो चुकी है उन्हें अभिलंब लाभ देने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जिन-जिन लाभुकों का स्वीकृति उपरांत भी लाभ नहीं ले रहे हैं उन सभी को नोटिस करें तत्पश्चात लाभुक स्वीकृत राशि योजना का लाभ नहीं लेते हैं तो संबंधित राशि को अन्य लाभुकों में स्वीकृति प्रदान करने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने अब तक जितने भी लाभुक लाभ ले चुके हैं उन सभी की जानकारी लेने के क्रम में दिए गए रोजगार हेतु लाभ का सही उपयोग कर रहे हैं कि नहीं इसकी जांच करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स, एलडीएम दिलीप महली सहित अन्य उपस्थित थे।

### यूसिल की अधिकारी सुष्मिता सिन्हा का हुआ अंतिम संस्कार

**जादूगोड़ा।** यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसिल) की जादूगोड़ा यूनिट की एडिशनल मैनेजर सुष्मिता सिन्हा के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार मंगलवार को जादूगोड़ा मुकति धाम में किया गया. उनके पति सह यूसिल के डीजीएम (कार्मिक) राकेश कुमार ने मुखाग्नि दी. अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में कंपनी के अधिकारी, कर्मी व सेवानिवृत्त अधिकारियों ने भाग लिया. महिला अधिकारी सुष्मिता सिन्हा का निधन सोमवार को सीएमसी वेल्लोर में इलाज के दौरान हुआ था. वह पिछले 2 साल से कैंसर बीमारी से पीड़ित थीं. उनके निधन की खबर सुनकर पूरे यूसिल के अधिकारियों व कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ गई.

### बड़ाजामदा में बड़े पैमाने पर चल रहा अवैध आयरन ओर का कारोबार

**चाईबासा।** चाईबासा के बड़ाजामदा थाना क्षेत्र के कंदेनाला क्षेत्र में अवैध आयर ओर का कारोबार बड़े पैमाने पर शुरू हो गया. इस अवैध कारोबार में लगे लोगों द्वारा खादानों से अवैध उत्खनन किया जा रहा है और अवैध तरीके से ढुलाई की जा रही है. अवैध कारोबार 23 जनवरी की रात से शुरू होने की सूचना है. सूत्रों ने बताया कि इस काम में लगे लोगों द्वारा अवैध आयरन ओर को चांडिल व चौका की फैक्टरियों में पहुंचाया जाता है.


**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**Agriculture, Animal Husbandry & Co-operative Department**
**(Co-Operative Division)**
**OFFICE OF THE REGISTRAR, CO-OPERATIVE SOCIETIES JHARKHAND, RANCHI**
**INTEGRATED CO-OPERATIVE DEVELOPMENT,PROJECT (I.C.D.P.) CELL, RANCHI**

**Short e-Tender Notice**

Tender Reference No:- ICDP/RANCHI/13/2024-25 DATE:- 29.01.2025

| SL No. | Name of work | Estimated Value of Work (in Rs) | Cost Of BoQ (in Rs) | Earnest Money (in Rs) | Time Of Completion Of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | Construction of Sal Leaf Plate and Cup Making Unit (Civil Work) At Ichak & Garsulla Block, Hazaribag, Belabagan block, Deoghar, Richugutta block Latehar & Lohardaga Block, Lohardaga. | 69,59,000.00 | 10,000.00 | 3,48,000.00 | 06 Months |
| 02. | Date Of Publication of on Website | 31.01.2025 AT 11:00 AM | | | |
| 03. | Last Date & Time of Submission of bids | 07.02.2025 AT 05:00 PM | | | |
| 04. | Name & Address of Office Inviting Tender | State Monitoring Officer, ICDP Cell, 4th Floor Pasupalan-Sahkarita Bhawan Singh More, Hatia, Ranchi. 834003 | | | |
| 05. | Contact No of Procurement Officer | 7979760612, 7250895727 | | | |

06. Bid document with details terms and conditions will be available online on e-tendering portal, http:// Jharkhandtenders.gov.in from 31.01.2025 at 11:00 AM to 07.02.2025 up to 05:00 PM. Bids must be Submitted online only at the e- tendering portal http:// Jharkhandtender.gov.in on or before 05:00 PM on 07.02.2025. Tender Fee and EMD Will be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of tender fee and EMD. Alternatively, bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from jharhandtenders.gov.in portal. Technical Bid received online will be Opened at 05:00 PM on 08.02.2025.
07. Estimate Cost May Vary.
08. Corrigendum/Amendment if any will be published only on the above mentioned website.

Sd/-
State monitoring Officer
ICDP Cell, Ranchi.

PR 345399 Co-opretive(24-25).D


### वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल

**जादूगोड़ा।** जेवियर पब्लिक स्कूल डोरकसाई का 27वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया. सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने खूब धमाल मचाया. कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि साईं सरस्वती इंग्लिश स्कूल की अध्यक्ष जयंती शांता, मुखिया कृष्णा मुंडा, विद्यालय के ग्रुप डायरेक्टर सुनील सिंह व गोविंदपुर ब्रांच की प्रधानाचार्य निभा सिंह ने संयुक्त रूप से किया. ग्रुप डायरेक्टर सुनील सिंह स्वागत भाषण दिया. उन्होंने कहा कि स्कूल में बच्चों को आधुनिक सुविधाएं व गुणवत्तायुक्त शिक्षा देना हमारी पहली प्राथमिकता है. मुख्य अतिथि जयंती शांता कहा कि स्कूल के बच्चे सीनियर के मार्गदर्शन में रहें. उनसे सीखें.

# एक दशक के बाद भी बरही रेलवे स्टेशन पर अब तक नहीं हुआ आरक्षण काउंटर प्रारंभ

### फिलहाल इस दिशा में कोई आदेश भी नही है. विदित हो कि बरही एक व्यवरिक और औद्योगिक केंद्र है




**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

लगभग एक दशक के बाद भी बरही रेलवे स्टेशन पर आरक्षण काउंटर अब तक प्रारंभ नहीं हुआ है. टिकट आरक्षित करवाने के लिए यात्रियों को या तो अपने निकटस्थ स्टेशन जाना पड़ता है अथवा अनाधिकृत रूप से दलालों का सहारा लेना पड़ता है. जिससे समय और पैसे की बबार्दी होती है. साइबर कैफे वाले अनाधिकृत रूप से अधिक दर पर टिकट बनाते है. वही कई अधिकृत प्रज्ञा केंद्रों पर भी टिकट बुकिंग के नाम पर अधिक राशि वसूलने की शिकायत मिली है. इससे यहां के लोगो को परेशानितो का सामना करना पड़ रहा है. आरक्षण काउंटर के संबध में पूछे जाने पर प्रभारी स्टेशन मास्टर चंदन केसरी ने बताया कि आरक्षण काउंटर के लिए कमरा बनाए गए है. परंतु सिस्टम और ऑपरेटर के अभाव में यह संचालित नही किया जा रहा है। फिलहाल इस दिशा में कोई आदेश भी नही है. विदित हो कि बरही एक व्यवरिक और औद्योगिक केंद्र है. इस क्षेत्र से सैकड़ो लोगों को दिल्ली, मुंबई आदि जगहों को बराबर सफर करने की आवश्यकता होती है. ऐसे में आरक्षण काउंटर नहीं होने से लोगो को बरही रेलवे स्टेशन का समुचित लाभ नही मिल पा रहा है. इस रेलवे स्टेशन से ट्रेन का परिचालन हजारीबाग रेलवे स्टेशन के उद्घाटन के दौरान ही 2015 में प्रारंभ है. इस्तहे दिन बाद भी अब तक किसी प्रतिनिधि या समाजसेवी या प्रबुद्धजन ने इस दिशा में कोई ठोस पहल नही करना चिंता का विषय है. वर्तमान में वंदे भारत, पैसेंजर, इंटरसिटी आदि गाडियों का परिचालन इसी रेलवे खंड से हो रहा है.


**उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़ (खनन शाखा)**

**रामगढ़ जिलान्तर्गत टोकीसूद–I बालूघाट के MDO चयन हेतु अति–अल्पकालीन वित्तीय–निविदा आमंत्रण सूचना**

| क्र0 | बालू घाट का नाम | प्रखण्ड | खाता संख्या | प्लॉट नम्बर | रकवा (हेक्टयर में) | Tentative Yearly Production (tonne) | e-Tender reference no. | वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | ई–निविदा खुलने की तिथि | नियम एवं शर्तें | निविदा आमंत्रण करने वाले पदाधिकारियों के कार्यालय का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | टोकीसूद I | पतरातु | 64 | 160 | 0.93 | 12890 | SAND/MDO/ Cat A/Tokisud I/2025/II | 30.01.2025 | 10.02.2025 समय अपराह्न 2 बजे तक | 11.02.2025 समय अपराह्न 3 बजे | JSMDC द्वारा तैयार Model Tender documents के अनुरूप | उपायुक्त–सह– जिला दण्डाधिकारी, रामगढ़ |

नोट :– 1. JSMDC, Ranchi द्वारा Category- A के तहत चयनित Empanelled Agency के द्वारा www.jharkhandtenders.gov.in के वेबसाईट पर ही ई–निविदा स्वीकार किया जायेगा।
2. विभाग एवं JSMDC, Ranchi द्वारा निर्गत नियमावली, शर्तों एवं अद्यतन परिपत्र निविदा में लागू रहेंगे।
3. शर्तों एवं विस्तृत जानकारियों के लिये ई–निविदा वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी
रामगढ़

PR 345334 Mines and Geology (24-25)_D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जिस साहित्य से हमारी सुरुचि न जागे, आध्यात्मिक व मानसिक तृप्ति न मिले, हममें गति व शक्ति न पैदा हो, हमारा सौंदर्य प्रेम न जागृत हो, जो हममें संकल्प व कठिनाइयों पर विजय प्राप्त करने की सच्ची दृढ़ता न उत्पन्न करे, वह हमारे लिए बेकार है वह साहित्य कहलाने का अधिकारी नहीं है। - प्रेमचंद

## संपादकीय

## 40 साल में पंडितमुक्त कश्मीर से वंदे भारत तक

दुनिया की सबसे ऊंचाई पर पुल और असंभव लगते वंदे भारत ट्रेन को श्रीनगर तक पहुंचा कर भारत सरकार ने एक संदेश दिया है पर अतीत की कड़वी यादें अभी 40 साल बाद भी ताजा हैं। कश्मीर में स्वतंत्रता के समय घाटी में 15% कश्मीरी पंडितों की आबादी थी जो आज 1% से नीचे होकर 0% की ओर बढ़ गई है। इतिहास में 19 जनवरी 1990 दर्ज है जब कश्मीरी पंडितों को उनकी मातृभूमि से खदेड़ दिया गया था। इसकी भीषण और वीभत्स कथा 1989 में ही आकार लेने लगी थी जब पाकिस्तान पोषित और प्रायोजित आतंकवादी और अलगाववादी मानसिकता चरम पर पहुंचाई गई थी। भारत सरकार आतंकवाद की समाप्ति में लगी हुई थी तब के दौर में वहां रह रहे ये कश्मीरी पंडित भारत सरकार के मित्र और इन आतंकियों और अलगाववादियों के दुश्मन और खबरी सिद्ध हो रहे थे। इस दौर में कश्मीर में अलगाववादी समाज और आतंकवादियों ने इस शांतिप्रिय हिन्दू पंडित समाज के विरुद्ध चल रहे अपने धीमे और छदम संघर्ष को घोषित संघर्ष में बदल दिया। इस भयानक नरसंहार पर फारुक अब्दुल्ला की रहस्यमयी चुप्पी और कश्मीरी पंडित विरोधी मानसिकता केवल इस घटना के समय ही सामने नहीं आई थी। तब के दौर में तत्कालीन मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला अपने पिता शेख अब्दुल्ला के कदमों पर चलते हुए अपना कश्मीरी पंडित विरोधी आचरण कई बार सार्वजनिक कर चुके थे। 19 जनवरी 1990 के मध्ययुगीन, भीषण और पाशविक कृत्य दिन के पूर्व जमात-ए-इस्लामी द्वारा कश्मीर में अलगाववाद को समर्थन करने और कश्मीर को हिन्दू विहीन करने के उद्देश्य से हिज्बुल मुजाहिदीन की स्थापना हो गई थी। इस हिजबुल मुजाहिदीन नें 4 जनवरी 1990 को कश्मीर के स्थानीय समाचार पत्र में एक एक विज्ञप्ति प्रकाशित कराई जिसमें स्पष्टतः सभी कश्मीरी पंडितों को कश्मीर छोड़ने की धमकी दी गई थी। इस क्रम में उधर पाकिस्तानी प्रधानमंत्री बेनजीर नें भी टीवी पर कश्मीरियों को भारत से मुक्ति पाने का एक भड़काऊ भाषण दे दिया। घाटी में खुले आम भारत विरोधी नारे लगने लगे। घाटी की मस्जिदों में अजान के स्थान पर हिन्दुओं के लिए धमकियां और हिन्दुओं को खदेड़ने या मार-काट देने के जहरीले आव्हान बजने लगे। एक अन्य स्थानीय समाचार पत्र अल-सफा ने भी इस विज्ञप्ति का प्रकाशन किया था। इस भड़काऊ, नफरत, धमकी, हिंसा और भय से भरे शब्दों और आशय वाली इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के बाद कश्मीरी पंडितों में गहरे तक भय, डर घबराहट का संचार हो गया। यह स्वाभाविक भी था क्योंकि तब तक कश्मीरी पंडितों के विरोध में कई छोटी बड़ी घटनाएं वहां सतत घाट ही रही थी और कश्मीरी प्रशासन और भारत सरकार दोनों ही उन पर नियंत्रण नहीं कर पा रहे थे। 19 जनवरी 1990 की भीषणता को और कश्मीर और भारत सरकार की विफलता को इससे स्पष्ट समझा जा सकता है कि पूरी घाटी में कश्मीरी पंडितों के घर और दुकानों पर नोटिस चिपका दिए गए थे कि 24 घंटो के भीतर वे घाटी छोड़ कर चले जाएँ या इस्लाम ग्रहण कर कड़ाई से इस्लाम के नियमों का पालन करें।



*इतिहास में 19 जनवरी 1990 दर्ज है जब कश्मीरी पंडितों को उनकी मातृभूमि से खदेड़ दिया गया था।*

# वित्तीय वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट से मिल सकती हैं कई सौगातें




वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली छमाही (अप्रेल-सितम्बर 2024) में भारत की आर्थिक विकास दर कुछ कमजोर रही है। प्रथम तिमाही (अप्रेल-जून 2024) में तो सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर गिरकर 5.2 प्रतिशत के निचले स्तर पर आ गई थी। इसी प्रकार द्वितीय तिमाही (जुलाई-सितम्बर 2024) में भी सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। इससे वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह वृद्धि दर घटकर 6.6 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है, जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत की रही थी। वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम छमाही में आर्थिक विकास दर के कम होने के कारणों में मुख्य रूप से देश में सम्पन्न हुए लोक सभा चुनाव है और आचार संहिता के लागू होने के चलते केंद्र सरकार के पूंजीगत खर्चों एवं अन्य खर्चों में भारी भरकम कमी दृष्टिगोचर हुई है। साथ ही, देश में मानसून की स्थिति भी ठीक नहीं रही है।

केंद्र सरकार ने हालांकि मुद्रा स्फीति पर अंकुश लगाने में सफलता तो अर्जित कर ली है परंतु उच्च स्तर पर बनी रही मुद्रा स्फीति के कारण कुल मिलाकर आम नागरिकों, विशेष रूप से मध्यमवर्गीय परिवारों, की खर्च करने की क्षमता पर विपरीत प्रभात जरूर पड़ा है और कुछ मध्यमवर्गीय परिवारों के गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे परिवारों की श्रेणी में जाने का खतरा उत्पन्न हो गया है। किसी भी देश में मध्यमवर्गीय परिवारों की जितनी अधिक संख्या रहती है, उस देश की आर्थिक विकास दर ऊंचे स्तर पर बनी रहती है क्योंकि मध्यमवर्गीय परिवार ही विभिन्न प्रकार के उत्पादों (दोपहिया वाहन, चारपहिया वाहन, फ्रिज, एयर कंडीशनर जैसे उत्पादों एवं नए फ्लेट्स एवं भवनों आदि) को खरीदने पर अपनी आय के अधिकतम भाग का उपयोग करता है। इससे आर्थिक चक्र में तीव्रता आती है और इन उत्पादों की बाजार में मांग के बढ़ने के चलते इनके उत्पादन को विभिन्न कम्पनियों द्वारा बढ़ाया जाता है, इससे इन कम्पनियों की आय एवं लाभप्रदता में वृद्धि होती है एवं देश में रोजगार के नए अवसर निर्मित होते हैं।

आज की बात



**प्रह्लाद सबनानी**

भारत में पिछले कुछ समय से मध्यमवर्गीय परिवारों की व्यय करने की क्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है अतः दिनांक 1 फरवरी 2025 को केंद्र सरकार की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन से अब यह अपेक्षा की जा रही है कि वे वित्तीय वर्ष 2025-26 के केंद्र सरकार के बजट में मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए विशेष रूप से आय कर में छूट की घोषणा करेंगी। देश के कई अर्थशास्त्रियों का तो यह भी कहना है कि न केवल आय कर में बल्कि कारपोरेट कर में भी कमी की घोषणा की जानी चाहिए। इनफोसिस के संस्थापक सदस्यों में शामिल श्री मोहनदास पई का तो कहना है कि 15 लाख से अधिक की आय पर लागू 30 प्रतिशत की आय कर की दर को अब 18 लाख से अधिक की आय पर लागू करना चाहिए। आय कर मुक्त आय की सीमा को वर्तमान में लागू 7.75 लाख रुपए की राशि से बढ़ाकर 10 लाख रुपए कर देना चाहिए। आयकर की धारा 80सी के अंतर्गत किए जाने निवेश की सीमा को भी 1.50 लाख रुपए की राशि से बढ़ाकर 2 लाख रुपए कर देना चाहिए। मकान निर्माण हेतु लिए गए ऋण पर अदा किए जाने वाले ब्याज पर प्रदान की जाने वाली आयकर छूट की सीमा को 2 लाख रुपए से बढ़ाकर 3 लाख रुपए किया जाना चाहिए।

फरवरी 2025 माह में ही भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मोनेटरी पोलिसी की घोषणा भी होने जा रही है। भारतीय रिजर्व बैंक से अब यह अपेक्षा की जा रही है कि वे रेपो दर में कम से कम 25 अथवा 50 आधार बिंदुओं की कमी तो अवश्य करेंगे। क्योंकि, पिछले लगातार लगभग 24 माह तक रेपो दर में कोई भी परिवर्तन नहीं करने के चलते मध्यमवर्गीय परिवारों द्वारा मकान निर्माण एवं चार पहिया वाहन आदि खरीदने हेतु बैकों से लिए गए ऋण की किश्त की राशि का बोझ बहुत अधिक बढ़ गया है। बैकों से लिए गए इस प्रकार के ऋणों एवं माइक्रो फाइनैन्स की किश्तों की अदायगी में चूक की घटनाएं भी बढ़ती हुई दिखाई दे रही हैं। अब मुद्रा स्फीति की दर खाद्य पदार्थों (फलों एवं सब्जियों आदि) के कुछ महंगे होने के चलते ही उच्च स्तर पर आ जाती है जबकि कोर मुद्रा स्फीति की दर तो अब नियंत्रण में आ चुकी है। खाद्य पदार्थों की मंहगाई को ब्याज दरों को उच्च स्तर पर बनाए रखकर कम नहीं किया जा सकता है। अतः भारतीय रिजर्व बैंक को अब इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में सम्पन्न हुए लोक सभा चुनाव के चलते देश में पूंजीगत खर्चों में कमी दिखाई दी है। इसीलिए अब लगातार यह मांग की जा रही है कि देश में वन नेशन वन इलेक्शन कानून को शीघ्र ही लागू किया जाना चाहिए क्योंकि बार बार देश में चुनाव होने से केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा आचार संहिता के लागू होने के चलते अपने बजटीय खर्चों को रोक दिया जाता है जिससे देश का आर्थिक विकास प्रभावित होता है। अतः वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए लोक सभा में पेश किए जाने वाले बजट में पूंजीगत खर्चों को बढ़ाने पर गम्भीरता दिखाई जाएगी। हालांकि वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट में 7.50 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्चों का प्रावधान किया गया था, वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में 10 लाख करोड़ रुपए एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में 11.11 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्चों का प्रावधान किया गया था। अब वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कम से कम 15 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्चों का प्रावधान किये जाने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इससे देश में धीमी पड़ रही आर्थिक गतिविधियों को तेज करने में सहायता मिलेगी और रोजगार के करोड़ों नए अवसर भी निर्मित होंगे, जिसकी वर्तमान समय में देश को अत्यधिक आवश्यकता भी है।

विभिन्न राज्यों द्वारा चलायी जा रही फ्रीबीज की योजनाओं पर भी अब अंकुश लगाए जाने के प्रयास किए जाने चाहिए। इन योजनाओं से देश के आर्थिक विकास को लाभ कम और नुक्सान अधिक होता है। केरल, पंजाब, हिमाचल प्रदेश एवं दिल्ली की स्थिति हम सबके सामने है। इस प्रकार की योजनाओं को चलाने के कारण इन राज्यों के बजटीय घाटे की स्थिति दयनीय स्थिति में पहुंच गई है। पंजाब तो किसी समय पर देश के सबसे सम्पन्न राज्यों में शामिल हुआ करता था परंतु आज पंजाब में बजटीय घाटा भयावह स्थिति में पहुंच गया है। जिससे ये राज्य आज पूंजीगत खर्चों पर अधिक राशि व्यय नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि इन राज्यों की न तो आय बढ़ रही है और न ही बजटीय घाटे पर नियंत्रण स्थापित हो पा रहा है। पिछले कुछ समय से भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी कम हो रहा है। यह सितम्बर 2020 तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद का 4.3 प्रतिशत था जो अब गिरकर सकल घरेलू उत्पाद का 0.8 प्रतिशत के स्तर तक नीचे आ गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में इस विषय पर भी गम्भीरता से विचार किया जाएगा। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## दिल्ली में दलित और ओबीसी मत निर्णायक

दिल्ली विधानसभा चुनाव में दलित-ओबासी मत निर्णायक भूमिका में है। इस बार सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला नजर आ रहे है। आआपा चौथी बार सरकार बनाने के लिए संघर्षरत है। भाजपा दिल्ली में डबल इंजन सरकार का सपना पाले है। कांग्रेस को लगता है कि उसका वनवास खत्म होगा। कहने को तो दिल्ली केंद्रशासित प्रदेश है। यहां की सरकार व मुख्यमंत्री के पास अन्य प्रदेशों की तरह अधिकार नहीं होते हैं। मगर दिल्ली का मुख्यमंत्री होना अपने आप में बड़ी बात है। दिल्ली से ही देश की सरकार चलती है। ऐसे में दिल्ली में जो सरकार बनती है उसके महत्व को नकारा नहीं जा सकता है। दिल्ली के चुनाव में इस बार दलित, जाट व गुर्जर मतदाताओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होने जा रही है। दिल्ली में 12 विधानसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। यहां करीबन 18 प्रतिशत दलित मतदाता है। दिल्ली की आरक्षित 12 सीटों के अलावा 18 और ऐसी विधानसभा सीटे हैं जहां दलित मतदाताओं की संख्या 15 प्रतिशत से अधिक है। ऐसे में दिल्ली की 30 विधानसभा सीटों पर दलित मतदाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण रहने वाली है। बवाना, सुल्तानपुर माजरा, मंगोलपुरी, करोल बाग, पटेल नगर, मादीपुर, देवली, अंबेडकर नगर, त्रिलोकपुरी, कोंडली, सीमापुरी, गोकुलपुर विधानसभा सीट को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है। इसके अलावा करीबन 15 से 20 अन्य ऐसी सीटें है जहां दलित मतदाता निर्णायक भूमिका में रहते हैं। इसलिए दिल्ली विधानसभा की 70 में से करीबन 30 सीटों पर दलित मतदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। साल 2020 के विधानसभा चुनाव में सभी 12 आरक्षित सीटों पर आम आदमी पार्टी विजयी हुई थी। इसलिए आआपा का पूरा फोकस दलित मतदाताओं पर है। दिल्ली के अनुसूचित जाति के मतदाताओं में से 38 फीसदी जाटव और 21 फीसदी वाल्मीकि है। पिछले लोकसभा चुनाव में अनुसूचित जाति के मतदाताओं के लिए देश भर में आरक्षित 84 लोकसभा सीटों में से भाजपा मात्र 30 सीट पर ही चुनाव जीत पाई थी। इंडी गठबंधन के भाजपा द्वारा संविधान बदलने के नारे के कारण दलित मतदाता भाजपा से छिटककर विपक्षी खेमे में चले गए थे। इसी तरह दिल्ली में भी पिछले दो विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सभी 12 सीटों पर आआपा जीतती आ रही है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**रमेश सर्राफ धमोरा**

## नई शिक्षा नीति में कला का महत्व

शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं हो सकती, यह एक संपूर्ण व्यक्तित्व विकास की प्रक्रिया है। इस संदर्भ में कला की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, विशेष रूप से नाट्य कला, जो व्यक्तित्व निर्माण, संप्रेषण कौशल और रचनात्मकता को बढ़ावा देती है। आज के वैश्विक परिदृश्य और भारत की नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 में शिक्षा में कला के समावेश पर विशेष बल दिया गया है। यह नीति शिक्षा प्रणाली को अधिक समावेशी, व्यावहारिक और सृजनात्मक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आज की दुनिया तेजी से बदल रही है, जहाँ पारंपरिक शिक्षण पद्धतियाँ अकेले पर्याप्त नहीं हैं। वैश्विक स्तर पर शिक्षा में "कला-आधारित शिक्षण" को अपनाया जा रहा है, जो कि नाट्य कला, संगीत, चित्रकला और अन्य रचनात्मक गतिविधियों को शिक्षा में शामिल करता है। यह छात्रों की सृजनात्मकता, आलोचनात्मक सोच, आत्म-विश्वास और संचार कौशल को विकसित करने में मदद करता है। यूरोप और अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों में "थिएटर इन एजुकेशन" जैसी पद्धतियाँ अपनाई जा रही हैं, जिसमें नाट्य कला को शिक्षण का एक प्रभावी माध्यम बनाया जाता है। भारत में भी इस दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं, विशेषकर नई शिक्षा नीति 2020 के तहत। नई शिक्षा नीति 2020 का एक प्रमुख उद्देश्य है कि शिक्षा को अधिक समावेशी, आनंददायक और रचनात्मक बनाया जाए। इसके अंतर्गत कला, विज्ञान और व्यावसायिक शिक्षा के बीच की खाई को पाटने का प्रयास किया गया है। नाटक और अन्य कलाओं को पाठ्यक्रम में समाहित करना विद्यालयों और उच्च शिक्षा संस्थानों में नाट्य कला को एक सहायक शिक्षण पद्धति के रूप में अपनाने की सिफारिश की गई है। आनंददायक और व्यावहारिक शिक्षण पद्धति में रटने की बजाय "सीखने के अनुभव" पर बल दिया गया है, जिसमें नाटक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। छात्रों का समग्र विकास तभी संभव है जब वह केवल परीक्षा आधारित शिक्षा प्रणाली से आगे बढ़कर व्यक्तित्व विकास, रचनात्मकता और आलोचनात्मक चिंतन को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य किया जाए।

स्थानीय और पारंपरिक कलाओं को बढ़ावा मिलने पर भारतीय संस्कृति और परंपरा से जुड़ी नाट्य विधाओं, जैसे कि छाउ, कथकली, भरतनाट्यम, यक्षगान, और लोक नाट्य को शिक्षा में शामिल करने की पहल की जानी चाहिए। नाट्य कला छात्रों को अपने विचारों को प्रभावी ढंग से व्यक्त करने में मदद करती है। अभिनय, संवाद और प्रस्तुति के माध्यम से वे अपने अंदर आत्म-विश्वास विकसित करते हैं। साथ ही साथ नाट्य अभ्यास से छात्रों की कल्पनाशक्ति को बल मिलता है, जिससे वे समस्याओं के नए समाधान सोचने में सक्षम होते हैं। लोगों की धारणा में नाटक केवल एक मनोरंजन है। लेकिन हमें अपनी धारणा को बदलना होगा। नाटक केबल मनोरंजन का साधन ही नहीं, बल्कि यह एक प्रभावी शैक्षिक साधन भी है। यह समाज में व्याप्त विभिन्न मुद्दों जैसे कि पर्यावरण, लैंगिक समानता, और सामाजिक समरसता को समझाने का माध्यम बन सकता है। नाटक समूह में किया जाने वाला कार्य है, जिससे छात्रों में सहयोग, सहनशीलता और नेतृत्व जैसे गुण विकसित होते हैं। नाट्य कला न केवल व्यक्तित्व विकास के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह एक करियर विकल्प के रूप में भी उभर रही है। रंगमंच, सिनेमा, टेलीविजन और डिजिटल मीडिया में अभिनय, निर्देशन, पटकथा लेखन जैसी संभावनाएँ बढ़ रही हैं। नई शिक्षा नीति 2020 शिक्षा को केवल अंक आधारित प्रणाली से आगे ले जाकर समग्र विकास पर केंद्रित कर रही है, जिसमें नाट्य कला का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। वैश्विक स्तर पर भी कला-आधारित शिक्षा को अपनाया जा रहा है, जिससे छात्रों का बहुआयामी विकास संभव हो सके। इसलिए, शिक्षा में नाट्य कला को बढ़ावा देने के लिए शिक्षकों, नीति-निर्माताओं और अभिभावकों को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है, ताकि भारत का शैक्षिक परिदृश्य अधिक सृजनात्मक, व्यवहारिक और समावेशी बन सके।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**डॉ दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक

### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

जीभ निकाले घूमती भूख कि जैसे काल।
कभी नहीं शायद उगा, इतना बड़ा सवाल।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## परीक्षा का महीना : धैर्य, संकल्प और सफलता की कसौटी

परीक्षा का महीना हर छात्र के जीवन में एक निर्णायक अवसर होता है, जहाँ परिश्रम, धैर्य और संकल्प की कसौटी पर सफलता का भाग्य लिखा जाता है। यह केवल उत्तर लिखने की परीक्षा नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, समय प्रबंधन और मानसिक संतुलन की अग्निपरीक्षा भी होती है। परीक्षा जैसे-जैसे निकट आती है, मन में उत्साह और चिंता दोनों बढ़ने लगते हैं। लेकिन सही रणनीति, संयम और सकारात्मक सोच के साथ इस चुनौतीपूर्ण समय को न केवल सहज बनाया जा सकता है, बल्कि इसे सफलता की ओर बढ़ने का सुनहरा अवसर भी बनाया जा सकता है।

**तनाव प्रबंधन : आत्मसंयम और विजय की कुंजी**

परीक्षा का दबाव हर छात्र के मानसिक संतुलन पर प्रभाव डालता है, लेकिन इसे परास्त करने का पहला कदम है-तनाव को स्वीकार कर उसकी सही रणनीतियों से नियंत्रण प्राप्त करना। तनाव केवल एक मनोवैज्ञानिक प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि हमारी मानसिक शक्ति की परीक्षा भी है। माइंडफुलनेस और ध्यान जैसे उपाय मानसिक शांति प्रदान कर एकाग्रता को तीव्र बना सकते हैं। गहरी साँस लेने की 4-7-8 तकनीक (चार सेकंड साँस लेना, सात सेकंड रोकना, आठ सेकंड में छोड़ना) तनाव से मुक्ति दिलाने में अत्यंत प्रभावी सिद्ध होती है। सकारात्मक सोच विकसित करना भी अनिवार्य है। आत्मविश्वास को संबल देने के लिए सकारात्मक वाक्यों (पॉजिटिव एफर्मेशन्स) का अभ्यास करें। स्वयं से कहे-"मैं सक्षम हूँ, मेरी तैयारी श्रेष्ठ है, और मैं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करूंगा।" यह आत्म-प्रेरणा तनाव कम कर मानसिक सशक्तता को बढ़ाएगी।

**खेल और शारीरिक गतिविधियाँ : ऊर्जा, उत्साह और एकाग्रता का स्रोत**

परीक्षा के दौरान शारीरिक गतिविधियों से दूरी बनाना एक बड़ी भूल होती है। व्यायाम केवल शरीर ही नहीं, मस्तिष्क के लिए भी आवश्यक है। जब हम किसी शारीरिक गतिविधि में संलग्न होते हैं, तो मस्तिष्क अधिक ऑक्सीजन ग्रहण करता है, जिससे स्मरण शक्ति और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता बढ़ती है। केवल 30 मिनट का हल्का व्यायाम-तेज़ चाल, योग या खेल-तनाव कम करने और ऊर्जा बनाए रखने में सहायक होता है। शारीरिक गतिविधियों से एंडोर्फिन हार्मोन का स्राव होता है, जो मानसिक संतुलन और सकारात्मकता बनाए रखने में मदद करता है।

**मोबाइल का सीमित उपयोग : सफलता की राह में संयम**

डिजिटल युग में स्मार्टफोन ध्यान भटकाने वाला सबसे बड़ा कारक बन सकता है। सोशल मीडिया, वीडियो और गेम्स से दूरी बनाकर ही अध्ययन में एकाग्रता लाई जा सकती है। मोबाइल का सीमित उपयोग सुनिश्चित करने के लिए स्क्रीन टाइम सेट करें, ध्यान भंग करने वाले ऐप्स को अस्थायी रूप से ब्लॉक करें और केवल अध्ययन सामग्री के लिए इंटरनेट का उपयोग करें। पढ़ाई के दौरान मोबाइल को दूर रखना और केवल निर्धारित ब्रेक टाइम में ही उसका उपयोग करना अनुशासन बनाए रखने का सबसे प्रभावी तरीका है।

**समय प्रबंधन : सफलता की ठोस बुनियाद**

परीक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए समय प्रबंधन सबसे निर्णायक भूमिका निभाता है। एक सुव्यवस्थित अध्ययन योजना न केवल पढ़ाई को प्रभावी बनाती है, बल्कि तनाव को भी कम करती है। पोमोडोरो तकनीक (25 मिनट गहन अध्ययन और 5 मिनट का संक्षिप्त विश्राम) मानसिक थकान कम करने और ध्यान केंद्रित रखने में सहायक सिद्ध होती है। कठिन विषयों को अधिक समय देना और नियमित रिवीजन सुनिश्चित करना परीक्षा की सफलता का महत्वपूर्ण घटक है।

**अभिभावकों का संबल : सफलता की नींव**

परीक्षा के दौरान अभिभावकों का सहयोग संबल का कार्य करता है। वे न केवल मानसिक समर्थन प्रदान करते हैं, बल्कि एक अनुशासित अध्ययन वातावरण बनाने में भी सहायक होते हैं। परीक्षा के तनाव से मुक्त होने के लिए माता-पिता से संवाद करना, उनकी सलाह को आत्मसात करना और उनकी सकारात्मक ऊर्जा को अपने आत्मविश्वास का स्रोत बनाना आवश्यक है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# महाकुंभ नगर लगातार तोड़ रहा बड़े महानगरों की जनसंख्या का रिकॉर्ड



**3.74** करोड़ आबादी है जापान की राजधानी टोक्यो की

**2.93** करोड़ आबादी है दिल्ली की शंघाई की है **2.63** करोड़

**10** करोड़ श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या के दिन किया स्नान

**नवीन मेल संवाददाता**

**प्रयागराज।** महाकुंभ नगर कुछ दिन के लिए दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला शहर बनने का रिकार्ड बना रहा है। मौनी अमावस्या के दिन 29 जनवरी को तो दुनिया के तीन सबसे बड़े शहरों की कुल आबादी को पार कर गया। देश में सबसे ज्यादा आबादी दिल्ली की है, जो 2.93 करोड़ है। दिल्ली दुनिया का दूसरा सबसे अधिक जनसंख्या वाला शहर है। दिल्ली से ज्यादा आबादी जापान की राजधानी टोक्यो की है , जो 3.74 करोड़ है। मंगलवार (28 जनवरी) को दिन में चार बजे तक ही 3.90 करोड़ श्रद्धालु संगम स्नान कर चुके थे। इस तरह से गंगा की रेती पर 45 दिनों के लिए अस्थायी तौर पर बसाया गया महाकुंभ नगर मंगलवार को दिन में चार बजे ही दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला शहर बन गया। वहीं, जिले की आबादी 70 लाख से ज्यादा है। इस आबादी को भी जोड़ दिया जाए, तो टोक्यो की आबादी काफी पीछे छूट जाएगी। मौनी अमावस्या पर बुधवार को तो आबादी के सारे रिकॉर्ड ही टूट गए। इसमें 10 करोड़ लोगों के स्नान की बात कही जा रही है। वहीं, बुधवार को भोर होने से पहले संगम नोज के पास हुए भगदड़ में, अखबार द गार्जियन के मुताबिक लगभग 38 होने की बात कही जा रही है। लेकिन, सरकार ने अभी तक कोई आधिकारिक आंकड़ा नहीं जारी किया है। बुधवार को प्रयागराज महाकुंभ में जुटे लोगों की संख्या में जिले की आबादी 70 लाख जोड़ दिया जाए, तो उस दिन जिले में लोगों की संख्या लगभग 10.70 करोड़ हो जाती है।

वहीं, दुनिया के तीन सबसे ज्यादा आबादी वाले शहरों में टोक्यो, दिल्ली व शंघाई की कुल जनसंख्या 9.30 करोड़ के करीब है। शंघाई की आबादी 2.63 करोड़ है। इस तरह से मौनी अमावस्या पर महाकुंभ नगर की जनसंख्या विश्व के तीन बड़े शहरों की कुल आबादी से ज्यादा हो गई। दिल्ली के बाद मुंबई की आबादी दो करोड़ 16 लाख से ज्यादा है। तीसरे नंबर पर कोलकाता की आबादी एक करोड़ 55 लाख से ज्यादा है। इसके विपरीत रविवार को महाकुंभ नगर में 1.74 करोड़ लोगों ने स्नान किया था। जिले की आबादी जोड़ने पर 2.44 करोड़ जनसंख्या हो जाती है, जो दिल्ली के बाद दूसरे स्थान पर है। इसी तरह से सोमवार को भी एक करोड़ 55 लाख से अधिक लोगों ने पुण्य की डुबकी लगाई थी। इस तरह से सोमवार को जिले की आबादी सवा दो करोड़ से अधिक रही, जो दिल्ली से कम और मुंबई से अधिक रही। मकर संक्रांति के दिन प्रयागराज दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला जिला बना था। मकर संक्रांति के दिन साढ़े तीन करोड़ लोगों ने स्नान किया था। इस तरह से जिले की 70 लाख आबादी जोड़ने के बाद 4.20 करोड़ जनसंख्या हो गई थी, जो टोक्यो से ज्यादा है। माघी पूर्णिमा 13 जनवरी से महाकुंभ पर्व शुरू होने के बाद मंगलवार तक 16 दिनों में 16 करोड़ से अधिक लोगों ने स्नान किया। सोमवार तक 14.76 करोड़ लोग स्नान कर चुके थे। वहीं, मंगलवार को सुबह आठ बजे तक ही 55 लाख लोग स्नान कर चुके थे। इस तरह से महाकुंभ में 15 करोड़ लोगों के स्नान का आंकड़ा तो सुबह आठ बजे ही पार हो गया। बुधवार शाम तक महाकुंभ में 28.66 करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान कर लेने की बात कही जा रही है।

## भगदड़ से पहले लोगों को जगाकर स्नान करने के लिए कहा गया था

- रास्ते में सो रहे लोग नहीं उठे होते, तो मृतकों की संख्या ज्यादा होती
- इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से हो रहा है वायरल

**नवीन मेल संवाददाता**



**प्रयागराज।** 'जो सोवत है सो खोवत है, जो जागत है सो पावत है, उठें और स्नान करें, भगदड़ मच सकती है।' महाकुंभ में भगदड़ से पहले ही कमिश्नर ने लोगों को चेतावनी दे दी थी। रास्ते पर सोते हुए लोगों को उन्होंने जगाया और कहा कि आप यहां सोने नहीं आए हैं। आप सोए मत रहिए, जग जाइए और फटाफट स्नान कर लीजिए। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि अधिकारी माइक लेकर जोर-जोर से अनाउंसमेंट कर रहे हैं। वे लोगों का आगाह कर रहे हैं चेतावनी दे रहे हैं। दरअसल, संगम में हुई भगदड़ से पहले प्रयागराज मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने घाट के पहले सो रहे श्रद्धालुओं को एनाउसमेंट के जरिए उठाने का काम किया था। इसके बाद घाट पर सो रहे लोगों ने उठकर रास्ते को खाली कर दिया था। इसके बाद ही यह हादसा हुआ, गनीमत रही की सभी उठ गए थे, नहीं तो मरने वालो की संख्या ज्यादा हो सकती थी। बेकाबू हो रही भीड़ को देखकर कमिश्नर विजय विश्वास पंत को शायद पहले ही हादसे का अंदाजा हो गया था। इसीलिए वह लगातार अनाउंसमेंट कर श्रद्धालुओं से अपील कर रहे थे कि वे घाटों पर न सोएं और जल्द से जगकर स्नान कर अपने घरों को लौट जाएं। घाटों पर सोने की वजह से रास्ता ब्लॉक हो गया था। वे रास्ता खाली कराने के लिए लगातार अनाउंसमेंट कर रहे थे 'सोये नहीं, उठें और स्नान करें, भगदड़ मच सकती है।' वायरल वीडियो में वे श्रद्धालुओं से कहते नजर आ रहे हैं कि यहां सोते रहने से कोई फायदा नहीं है, क्योंकि जो सोवत है, वो खोवत है.. इसीलिए उठो और स्नान करो, सुरक्षित रहो। वे कह रहे हैं कि और भी लोग आएंगे तो भगदड़ मचने की संभावना है, जो लोग पहले आ गए हैं उनको पहले स्नान करके चले जाना चाहिए। वे लगातार अपील कर रहे हैं कि जो पहले आ गए हैं वह सोये नहीं, बल्कि उठें और जल्दी स्नान कर लें। भगदड़ से थोड़ी देर पहले का एक अन्य वायरल वीडियो सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि मौनी अमावस्या के दिन स्नान के लिए पहुंचने वाले लोग बैरिकेड से कूदकर भागते दिखाई दे रहे हैं। मेला क्षेत्र के इस वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे बेकाबू भीड़ ने बैरिकेड तोड़कर निकल रही है।

# यमुना को लेकर ओछी राजनीति कर रही आम आदमी पार्टी : मोदी

**नई दिल्ली (हि.स.)**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में चुनाव अभियान को गति देते हुए बुधवार को घोंडा विधानसभा क्षेत्र के करतार नगर में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दिल्लीवासियों ने मन बना लिया है कि 'आप-दा' (आम आदमी पार्टी की सरकार के लिए भाजपा की ओर से प्रयोग संबोधन) से काम नहीं चलेगा। अब लूट और झूठ से काम नहीं चलेगा। दिल्ली की जनता अब राज्य में 'डबल इंजन' भाजपा की सरकार चाहती है। भाजपा गरीबों के लिए घर बनाएगी, दिल्ली को आधुनिक बनाएगी, हर घर तक नल से जल पहुंचाएगी, टैंकर माफिया से मुक्ति दिलाएगी। प्रधानमंत्री ने आम आदमी पार्टी (आप) को यमुना में नदी के मुद्दे पर ओछी राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि गलती माफ करना भारतीयों का उदार चरित्र है, लेकिन जानबूझकर, बद इरादे से पाप करने वालों को दिल्ली एवं देश माफ नहीं करता। 'आप-दा' वाले कह रहे हैं कि हरियाणा वाले दिल्ली के पानी में जहर मिलाते हैं। यह हरियाणा ही नहीं, बल्कि भारतीयों का अपमान है। उन्हें पक्का विश्वास है कि ऐसी ओछी बातें करने वालों को दिल्ली इस बार सबक सिखाएगी। इन 'आप-दा' वालों की लुटिया यमुनाजी में ही डूबेगी। उन्होंने 'आप' और कांग्रेस पर पिछले 25 साल में दो जेनरेशन बर्बाद करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पहले 14 साल कांग्रेस का शासन रहा, फिर 11 साल 'आप' का शासन रहा, लेकिन दिल्ली की समस्याएं जैसी थी, वैसी ही बनी हुई हैं। प्रधानमंत्री ने कुंभ में हुई भगदड़ की घटना पर शोक जताया। उन्होंने कहा कि कुछ पुण्य आत्माओं ने इसमें अपनी जान गवाई है, कुछ घायल हुए हैं। वह पीड़ित परिवारों के प्रति दुख जताते हैं और घायलों के शीघ्र ठीक होने की कामना करते हैं। वे लगातार उत्तर प्रदेश सरकार के संपर्क में है। 'मौनी अमावस्या' के समय प्रयागराज में करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए थे। इसके चलते स्नान को भी कुछ समय के लिए रोक दिया गया, लेकिन अब श्रद्धालु आराम से डुबकी लगा रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने दिल्ली प्रदेश इकाई को दिल्ली की जनता को समर्पित संकल्प पत्र लाने के लिए बधाई भी दी।

## कांग्रेस ने दिल्ली चुनाव के लिए किया घोषणापत्र जारी

**नई दिल्ली (हि.स.)।** कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को अपना घोषणापत्र जारी किया। इसमें सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण, गरीब परिवार की एक महिला को प्रत्येक माह 2500 रुपए, रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपए में और सभी को सस्ते एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए 100 इंदिरा कैंटीन खोलने का वादा किया गया है।घोषणा पत्र में पार्टी ने पांच गारंटी दी हैं। इसमें प्यारी दीदी योजना के तहत प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला को हर महीने 2,500 रुपए की आर्थिक मदद, जीवन रक्षा योजना के तहत 25 लाख रुपए तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा कवरेज, युवा उड़ान योजना के तहत बेरोजगार युवक को एक साल तक प्रतिमाह 8,500 रुपए का स्टाइपेंड, महंगाई मुक्ति योजना के तहत 500 रुपए में एलपीजी सिलेंडर, मुफ्त राशन किट और घरों में 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का भी वादा किया है।

## दो व्यक्ति 50 लाख रुपये की बेहिसाबी नकदी के साथ पकड़े गए : पुलिस

**बहरोड़ ।** मीणा ने बताया कि आरोपी नकदी के बारे में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके, जिसके बाद नकदी जब्त कर ली गई। उन्होंने बताया कि आरोपियों से इतनी बड़ी मात्रा में नकदी के स्रोत और गंतव्य के बारे में पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बहरोड़ कस्बे में मंगलवार को दो व्यक्तियों को 50 लाख रुपये की बेहिसाबी नकदी के साथ पकड़ा। पुलिस के अनुसार, इन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। नीमराणा के थानाधिकारी राजेश मीणा के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर गश्त कर रही टीम ने दिल्ली से आ रही एक कार को रोका और उसमें से 50 लाख रुपये की नकदी से भरा एक थैला बरामद किया। उन्होंने बताया कि बैंक अधिकारियों को नोट गिनने की मशीन के साथ बुलाया गया, जिसके बाद नकदी जब्त कर ली गई। मीणा ने बताया कि आरोपी नकदी के बारे में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके, जिसके बाद नकदी जब्त कर ली गई। उन्होंने बताया कि आरोपियों से इतनी बड़ी मात्रा में नकदी के स्रोत और गंतव्य के बारे में पूछताछ की जा रही है।

## मर जाऊंगा लेकिन अपनी जन्मस्थली के बारे में गलत नहीं बोलूंगा : हिमंता

**केजरीवाल पर हिमंत बिस्वा सरमा ने साधा निशाना**

**एजेंसी । नई दिल्ली**



हिमंता ने कहा कि प्रदूषित यमुना नदी के मुद्दे को भटकाने के लिए अरविंद केजरीवाल ने एक नई कहानी शुरू की और कहा कि हरियाणा दिल्ली को प्रदूषित पानी दे रहा है। वह अपनी जन्मभूमि के लिए ऐसा कैसे बोल सकते हैं। उन्होंने कहा कि मैं मर जाऊंगा लेकिन अपनी जन्मस्थली के बारे में कभी गलत नहीं बोलूंगा। यमुना नदी के जल को लेकर अरविंद केजरीवाल के बयान पर सियासत जारी है। आज दिल्ली में प्रचार करते हुए असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा। हिमंता ने कहा कि प्रदूषित यमुना नदी के मुद्दे को भटकाने के लिए अरविंद केजरीवाल ने एक नई कहानी शुरू की और कहा कि हरियाणा दिल्ली को प्रदूषित पानी दे रहा है। वह अपनी जन्मभूमि के लिए ऐसा कैसे बोल सकते हैं। उन्होंने कहा कि मैं मर जाऊंगा लेकिन अपनी जन्मस्थली के बारे में कभी गलत नहीं बोलूंगा।

हिमंत बिस्वा सरमा ने साफ तौर पर कहा कि अरविंद केजरीवाल का यह बयान उनकी मानसिकता को दर्शाता है। मैंने कई राजनेता देखे हैं लेकिन ऐसा राजनेता कभी नहीं देखा जो इस जन्मभूमि के बारे में गलत बोलता हो। बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला ने आम आदमी पार्टी पर यमुना नदी के पानी में अमोनिया का स्तर अधिक होने के आरोप पर कहा कि अरविंद केजरीवाल और AAP की 'हिट एंड रन' और 'शूट एंड स्कूट' की राजनीति बंद होने वाली है। उन्हें दिल्ली चुनाव में हार होती दिख रही है। इसलिए, 'शीश महल' और शराब घोटाले जैसे असली मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए वे 'एबीसीडी' पर उतर आए हैं। ए से आरोप, बी से ब्लेम गेम, सी से कॉन्सपिरेसी थ्योरी और डी से डायवर्जन।

## आज का राशिफल

**मेष :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**वृष :** आय के अच्छे योग बनेंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है।

**मिथुन :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**कर्क :** कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आत्मचिंतन करें। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। योग्यताएं सम्मान दिलायेगी।

**सिंह :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लानए अवसाद रहेगा। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**कन्या :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**तुला :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। यात्रा परिणाम सुखद रहेगा।

**वृश्चिक :** कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेगी।

**धनु :** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। मन उदास रहेगा। कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**मकर :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा।

**कुंभ :** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**मीन :** कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी।

## महाकुंभ में मची भगदड़ पर राजनीति नहीं होनी चाहिए : मृत्युंजय तिवारी

**एजेंसी। पटना**



महाकुंभ भगदड़ पर आरजेडी प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने दुख जताते हुए इस पर राजनीति न करने की सलाह विभिन्न दलों को दी है। न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए उन्होंने कहा, समुचित व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की बनती थी। उन्होंने कहा, "महाकुंभ में मची भगदड़ में कई लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की खबर है। यह बहुत दुखद घटना है। इसमें राजनीति नहीं होनी चाहिए, लेकिन जब यह पता था कि मौनी अमावस्या पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ेगी, तो सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी बनती थी कि समुचित व्यवस्था की जाए। आरजेडी प्रवक्ता ने कहा कि योगी सरकार से व्यवस्था बरकरार रखने में चूक हुई है। हम श्रद्धालुओं से अपील करेंगे कि सतर्क रहें और कोई भी अफवाह पर ध्यान न दें। क्योंकि प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्था की पोल खुल गई है। योगी सरकार जो अब तक क्रेडिट ले रही थी, उन्होंने क्या यही व्यवस्था की है? महाकुंभ की व्यवस्था सिर्फ वीवीआईपी कल्चर और फोटोशूट के लिए बनी हुई थी इसलिए आम श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। योगी सरकार को गंभीर रूप से घायल लोगों को उचित इलाज कराना चाहिए। स्नान के दौरान श्रद्धालुओं को दिक्कत न हो, इसकी व्यवस्था की जानी चाहिए। लेकिन, जिस तरह की घटना हुई है, यह सीधे तौर पर योगी सरकार की विफलता है।

## स्कूल के पानी टंकी में असमाजिक तत्वो ने डाला सल्फॉस की गोली

**एजेंसी। पूर्वी चंपारण**

- असामाजिक तत्वों का मंसूबा पानी की टंकी में सल्फास डालकर बड़ा हादसा करने की थी

जिले के चकिया थाना क्षेत्र में एक बड़ा हादसा टल गया है। दरअसल चकिया केसरिया मार्ग पर स्थित कोयला बेलवा मध्य विद्यालय के पानी के टंकी में असमाजिक तत्वो ने सल्फास की गोली डाल दिया। गनीमत यह रही कि जिस दौरान पानी की टंकी में सल्फास की गोली डाली गई। उस दौरान स्कूल में बच्चे नहीं थे। जिस कारण किसी बच्चे ने उस जहरीली पानी को नहीं पिया।अन्यथा कोई बड़ा हादसा हो सकता था। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह जब स्कूल खुला तो बच्चों और शिक्षकों ने अजीब सी गंध महसूस किया। जिसके बाद आनन-फानन में स्कूल के सभी कमरे और छत की जांच की गई। इस दौरान जब पानी की टंकी को खोला गया तो टंकी में सल्फास का गोली रखा मिला।वही टंकी के आस पास सल्फॉस के पाउडर भी मिले। जिसके बाद टंकी के मेन नॉब को बंद किया गया ताकि सभी नल में पानी बंद हो सके। फिर टंकी की सफाई कराई गयी। इस अप्रत्याशित घटना को लेकर स्कूल के प्रधानाध्यापक प्रेम नारायण कुमार ने बताया कि शिक्षको और बच्चो की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। असामाजिक तत्वों का मंसूबा पानी की टंकी में सल्फास डालकर बड़ा हादसा करने की थी। स्कूल के छात्र-छात्राओ ने कहा कि हम लोग जब स्कूल पहुंचे तो अजीब सा गंध वाला पाउच नीचे गिर पड़ा था,जिसका गंध पूरे स्कूल में फैला था। उस गंध को शिक्षको ने भी महसूस किया। हम लोग जब पैकेट दिखाये तो उसकी पहचान सल्फॉस नामक जहर के रूप हुई।

## ममता बनर्जी, प्रियंका गांधी वाड्रा, सुप्रिया सुले, नीरज कुमार ने जताया दुख

**एजेंसी। नई दिल्ली**




उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बुधवार को महाकुंभ में मची भगदड़ को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा, एनसीपी-एसपी से सांसद सुप्रिया सुले, ओडिशा के पूर्व सीएम नवीन पटनायक और जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने दुख जताया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस संबंध में सोशल मीडिया हैंडल एक्स पोस्ट में कहा, "मुझे महाकुंभ में हुई भगदड़ के बारे में जानकर गहरा दुख पहुंचा है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। हमारे गंगासागर मेले से मेरी सीख यह है कि लोगों की विशाल सभा में तीर्थयात्रियों के जीवन से संबंधित मामलों में योजना और देखभाल अधिकतम होनी चाहिए। उधर, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर पोस्ट कर इस घटना को लेकर दुख जताया। अपने पोस्ट में उन्होंने कहा, "तीर्थराज प्रयाग में मौनी अमावस्या के अवसर पर हुए हादसे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के हताहत होने का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। शोक-संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। सरकार से अपील है कि घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो। मृतकों की पहचान कर उन्हें उनके परिजनों तक पहुंचाया जाए और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को सर्वोपरि रखकर त्वरित इंतजाम किए जाएं ताकि आगे के सभी स्नान सकुशल संपन्न हों। अखाड़ों के शाही स्नान की सदियों पुरानी परंपरा को भी संपन्न कराने का प्रयास किया जाना चाहिए। श्रद्धालुओं से विनती है कि धैर्य और शांति से स्नान-दान संपन्न करें। मां गंगा सबकी रक्षा करें। वहीं, सुप्रिया सुले ने भी प्रयागराज में मची भगदड़ को लेकर दुख जताया। उन्होंने कहा, "प्रयागराज में भगदड़ के कारण लोगों की मृत्यु से बहुत दुखी हूं। उन परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करती हूं , जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने इस घटना पर दुख जताते हुए कहा कि प्रयागराज में मची भगदड़ ने संवेदनाओं को झकझोर कर रख दिया है। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से संपर्क स्थापित किया है। राज्य सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता यह है कि वहां पर आने वाली भीड़ को कैसे व्यवस्थित और नियंत्रित किया जाए। उन्होंने कहा कि जो पीड़ित परिवार हैं, जिनके घर में दुखद मृत्यु हुई है, ईश्वर उनके अपने चरणों में स्थान दें और जो घायल हुए हैं, वो शीघ्र स्वस्थ्य हो। आस्था और विश्वास एक महत्वपूर्ण पक्ष होता है, लेकिन इसके नाम पर आम लोग हठधर्मिता ना करें।

## प्रयागराज में भगदड़ से श्रद्धालु अफवाह पर ध्यान न दें : महंत राजू

**एजेंसी। प्रयागराज**



मेला क्षेत्र की भगदड़ में कई श्रद्धालु घायल हो गए। घायलों का डॉक्टरों की निगरानी में इलाज किया जा रहा है। राजनीतिक दिग्गज से लेकर संत महात्मा तक लोगों को धैर्य रखने की सलाह दे रहे हैं। अयोध्या स्थित हनुमान गढ़ी के महंत राजू दास ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए श्रद्धालुओं से संयम बरतने की अपील की। महंत राजू दास ने कहा, "यह जो घटना हुई है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। हम अपील करना चाहते हैं कि जिस भी श्रद्धालु को जहां पर जगह मिल रही है, वहां पर जाकर स्नान करे। इसके साथ ही साथ अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की है कि स्नान करने के बाद घर लौट जाएं। भव्य कुंभ में सब कुछ ठीक है, सब कुछ नियंत्रण में है। सतुआ बाबा ने कहा कि आज महाकुंभ में अनुमान से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ आई। यह जो घटना हुई है, यह दुखद है। लेकिन, महाकुंभ में इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। हम श्रद्धालुओं से अपील करेंगे कि अफवाह पर ध्यान न दें। यहां पर घाट बनाए गए हैं, जहां भी जगह मिले, वहां स्नान करें। इस घटना को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने लिखा, "सभी पूज्य संतों, श्रद्धालुओं, प्रदेश एवं देशवासियों से मेरी अपील है कि अफवाह पर कोई ध्यान न दें, संयम से काम लें, प्रशासन आप सभी की सेवा के लिए तत्परता से कार्य कर रहा है। मां गंगा के जिस घाट के आप समीप हैं, वहीं स्नान करें, संगम नोज की ओर जाने का प्रयास न करें। आप सभी प्रशासन के निर्देशों का अनुपालन करें, व्यवस्था बनाने में सहयोग करें। संगम के सभी घाटों पर शांतिपूर्वक स्नान हो रहा है। किसी भी अफवाह पर बिल्कुल भी ध्यान न दें। बता दें कि महाकुंभ में अब स्थिति नियंत्रण में है और साधु संत आस्था के संगम में डुबकी लगा रहे हैं।

# विराट कोहली ने स्पिनरों के खिलाफ ध्यान केंद्रित किया

नई दिल्ली (आईएएनएस)

दिल्ली बनाम रेलवे रणजी ट्रॉफी लीग मैच को टीवी और लाइव स्ट्रीमिंग के लिए शुरुआती प्रसारण कार्यक्रम में तब तक शामिल नहीं किया गया था, जब तक कि विराट कोहली की भागीदारी की पुष्टि नहीं हो गई। गुरुवार को अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाले मैच में कोहली की भागीदारी की खबर ने आयोजन स्थल पर हलचल मचा दी है। बुधवार शाम तक, कैमरा क्रू स्टेडियम के भीतर अपना प्रसारण सेटअप पूरा कर लेंगे। इसके अलावा, दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) दर्शकों के लिए मुफ्त पीने के पानी की सुविधा प्रदान कर रहा है और अगले चार दिनों के लिए उत्तर और पुराने क्लब हाउस स्टैंड उपलब्ध कराए हैं। दर्शकों के लिए गेट 16 और संभावित रूप से नंबर छह को खोलना कोहली की घरेलू रेड-बॉल क्रिकेट में वापसी के प्रभाव को अच्छी तरह से दर्शाता है। कोहली, जो मंगलवार को दिल्ली के अभ्यास सत्र में आकर्षण का केंद्र थे, ने बुधवार को फिर से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मैच की पूर्व संध्या पर सुबह 8:00 बजे स्टेडियम में पहुंचने वाले कोहली लगभग एक घंटे लंबे जिम सत्र की शुरुआत करने वाले पहले दिल्ली के खिलाड़ी थे। हिल बी नेट्स पर बल्लेबाजी अभ्यास से पहले लगभग 15 मिनट का एक छोटा दोस्ताना फुटबॉल मैच खेला, जहां उनके साथ दिल्ली के मुख्य कोच सरनदीप सिंह भी थे। मंगलवार की तरह ही, कोहली ने पहले बल्ले से अभ्यास किया, जिस पर कोई स्टिकर नहीं था और यह उनके सामान्य बल्ले की तुलना में पतला था। हल्की धूप में, कोहली ने अभ्यास पिच पर 16 गज की दूरी से फेंके गए थ्रोडाउन का सामना करके दिन के लिए अपने बल्लेबाजी अभ्यास की शुरुआत की। इस सत्र में कोहली ने अपने रक्षात्मक और आक्रामक शॉट्स की हरकतों का मिश्रण किया, हालांकि उनमें से अधिकांश फ्रंट फुट स्ट्रोक थे। उन्होंने अपनी पलकों के नीचे ही बचाव किया, जबकि जमीन पर खेले गए कुछ पुल को बीच में से पकड़ा। ऑफ-साइड क्षेत्र की ओर कुछ ड्राइव और कट थे, जो उनके स्ट्रोकप्ले में सामान्य विशेषताएं नहीं हैं। अपने सामान्य एमआरएफ स्टिकर बैट को हाथ में लेकर कोहली नेट्स की ओर बढ़े, जहां नवदीप सैनी, मनी ग्रेवाल, सिद्धांत शर्मा और राहुल गहलोत जैसे तेज गेंदबाज खेल रहे थे।



## कोहली ने कुछ तस्वीरें खिंचवाईं

पहले पूर्व भारतीय क्रिकेटर गुरशरण सिंह के साथ, और फिर कुछ डीडीसीए अधिकारियों के साथ। पुरानी अच्छी कहानियों पर कुछ हंसी-मजाक के बीच, कोहली ने अपना किटबैग लेकर जाने से पहले एक तस्वीर और टी-शर्ट पर मार्कर से हस्ताक्षर भी किए। दूसरी ओर, कोहली के मंगलवार के अभ्यास को लेकर दिल्ली की युवा महिला क्रिकेटरों में उत्साह साफ देखा जा सकता था। वे आठ वर्षीय कबीर खान (कोहली के पूर्व साथी शावेज खान के बेटे) को भारत के लिए खेलने की चाहत में बेंचमार्क से आगे जाने के बारे में उनके प्रेरक शब्दों को याद करते रहे। जल्द ही, सुबह की ठंड ने दोपहर के सूरज को पूरी चमक के साथ बाहर आने दिया।

## विराट कोहली के आने के बाद हर कोई बहुत प्रेरित और उत्साहित है : आयुष

**नई दिल्ली।** गुरुवार से रेलवे के खिलाफ शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी मैच में दिल्ली के लिए विराट



कोहली की भागीदारी की पुष्टि होने के बाद से नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम के आसपास के माहौल में एक अलग ही रंगत आ गई है। ताकतवर कोहली ने आखिरी बार नवंबर 2012 में गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी में खेला था। अब गुरुवार से प्रतिष्ठित लाल गेंद की घरेलू प्रतियोगिता में उनके घर वापसी के साथ, माहौल में उत्साह और उम्मीद का मिश्रण होना स्वाभाविक है। "हम इस आगामी मैच को अच्छे नोट पर खेलना चाहते हैं। हम अंक तालिका (परिदृश्य) के बारे में नहीं सोच रहे हैं क्योंकि कुछ भी हो सकता है। लेकिन हम एक स्पष्ट परिणाम के लिए जा रहे हैं। विराट के आने के बाद हर कोई बहुत प्रेरित और उत्साहित है। मैच की पूर्वसंध्या पर दिल्ली के कप्तान आयुष बदौनी ने संवाददाताओं से कहा, "वह कल सभी को आश्वस्त रहने के लिए समझा रहा था। जैसे वह मैदान पर है, हर कोई जीत के बारे में सोच रहा है। इस मैच के लिए सभी बहुत प्रेरित हैं और विराट के आने से हम और भी अधिक प्रेरित हैं। बदौनी ने यह भी पुष्टि की कि कोहली अपने सामान्य चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे, जिसका मतलब है कि वह बल्लेबाजी क्रम में पांचवें नंबर पर उतर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली की प्लेइंग इलेवन अभी तय नहीं हुई है, उन्होंने कहा कि हरी विकेट तैयार होने के कारण तेज गेंदबाजों को शामिल किया जा सकता है। ऑलराउंडर बदौनी इस बात के लिए बहुत आभारी हैं कि वह ऋषभ पंत के कप्तान रहे हैं और अब कोहली दिल्ली रणजी टीम में हैं।

# हॉकी इंडिया ने प्रो लीग भुवनेश्वर चरण के लिए 24 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा की

नई दिल्ली (आईएएनएस)

हॉकी इंडिया ने बुधवार को एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के भुवनेश्वर चरण के लिए 24 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा की, जो 15 से 25 फरवरी तक कलिंगा हॉकी स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। भारत का सामना मेहमान टीमों इंग्लैंड, नीदरलैंड, स्पेन और जर्मनी से होगा, जिसमें प्रत्येक टीम दो बार खेलेगी। उनका अभियान 15 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ मैच से शुरू होगा। जबरदस्त मिडफील्डर सलीमा टेटे कप्तान के रूप में भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगी, जबकि फॉरवर्ड नवनीत कौर उप कप्तान होंगी। टीम में गोलकीपर सविता और बिचू देवी खारीबाम शामिल हैं, जबकि सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, उदिता, ज्योति, इशिका चौधरी और ज्योति छत्री को डिफेंडर के रूप में चुना गया है। मिडफील्ड में, टीम में वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, मनीषा चौहान, सलीमा टेटे, सुनीता टोप्पो, लालरेमसियामी, बलजीत कौर और शर्मिला देवी शामिल हैं। टीम में फॉरवर्ड खिलाड़ियों में नवनीत कौर, मुमताज खान, प्रीति दुबे, रुतजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग, संगीता कुमारी, दीपिका और वंदना कटारिया शामिल हैं। इसके अलावा, स्टैंडबाय सूची में गोलकीपर बनवारी सोलंकी, डिफेंडर अक्षता अबासो ढेकाले और ज्योति सिंह के साथ-साथ फॉरवर्ड साक्षी राणा, अन्नू और सोनम शामिल हैं।

विशेष रूप से, एफआईएच नियमों के अनुसार, यदि किसी टीम के पास एफआईएच प्रो लीग चरण के दौरान खेलने के लिए 4 से अधिक मैच निर्धारित हैं, तो वे पहले 4 मैचों के बाद अपने 24-सदस्यीय दल में संशोधन कर सकते हैं। हालांकि, कोई भी बदलाव उनकी पूर्व-स्वीकृत प्रतिस्थापन सूची के खिलाड़ियों का उपयोग करके किया जाना चाहिए।



### टीम

- **गोलकीपर :** सविता पुनिया, बिचू देवी खारीबाम
- **डिफेंडर :** निक्की प्रधान, सुशीला चानू पुखरंबम, उदिता, इशिका चौधरी, ज्योति छत्री, ज्योति
- **मिडफील्डर :** वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, सलीमा टेटे, मनीषा चौहान, सुनेलिता टोप्पो, लालरेमसियामी, शर्मिला देवी, बलजीत कौर
- **फॉरवर्ड :** नवनीत कौर, संगीता कुमारी, वंदना कटारिया, दीपिका, प्रीति दुबे, रुताजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग, मुमताज खान

# चक्रवर्ती टी20 रैंकिंग में 5वें स्थान पर पहुंचे

**राशिद फिर शीर्ष पर**

दुबई (आईएएनएस)

भारत के रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने आईसीसी पुरुष टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में सनसनीखेज छलांग लगाई है, जो इंग्लैंड के खिलाफ चल रही पांच मैचों की श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद 25 पायदान चढ़कर पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। चक्रवर्ती ने राजकोट में तीसरे टी20 के दौरान पांच विकेट चटकाए, जो अब तक श्रृंखला का मुख्य आकर्षण रहा, जिसमें उन्होंने अपनी विविधताओं और सटीकता से बल्लेबाजों को चकमा देने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। चक्रवर्ती के प्रदर्शन ने भारत के प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, हालांकि वे मैच 26 रनों से हार गए। शीर्ष पांच टी20 गेंदबाजों में उनका नया स्थान सफेद गेंद वाले क्रिकेट में एक महत्वपूर्ण ताकत के रूप में उनके उदय को रेखांकित करता है। चक्रवर्ती ने जहां धूम मचाई, वहीं इंग्लैंड के अनुभवी स्पिनर आदिल राशिद चुपचाप आईसीसी टी20 बॉलिंग रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए। राजकोट में 1/15 के किफायती स्पैल सहित श्रृंखला में राशिद के लगातार प्रदर्शन ने इंग्लैंड को श्रृंखला में बने रहने में मदद।





## 10,000 रन पूरा करके अच्छा लगा : स्मिथ

गाले (आईएएनएस)

श्रीलंका के खिलाफ गाले टेस्ट के पहले दिन टेस्ट क्रिकेट में 10,000 रन का आंकड़ा पार करने वाले चौथे ऑस्ट्रेलियाई बनने के बाद, स्टीव स्मिथ ने इसे शानदार अहसास बताया। स्मिथ इस विशिष्ट क्लब में दिग्गज रिकी पोंटिंग, एलन बॉर्डर और स्टीव वॉ के साथ शामिल हो गए, जिन्होंने केवल 205 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की - जो टेस्ट इतिहास में पांचवां सबसे तेज है। लंच के समय स्मिथ ने आधिकारिक प्रसारक चैनल सेवन से कहा, "इसे पूरा करके अच्छा लगा। एलन बॉर्डर, स्मिथ के साथ अब यह उपलब्धि साझा करने वाले खिलाड़ियों में से एक, ने उनके दृढ़ संकल्प और अनूठी शैली की प्रशंसा की। बॉर्डर को सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड ने यह कहते हुए उद्धृत किया, "वह ऐसा व्यक्ति नहीं है, जिसके बारे में आप अपने बेटे से कहें कि यह एक तकनीक है जिसका तुम्हें पालन करना है', लेकिन यह उसके लिए कारगर साबित हुई है, और यह एक अच्छा संकेत है कि आप अपने खेल को जानते हैं। उसने इसे बहुत अच्छे से किया है। उससे भी सुंदर खिलाड़ी हैं, लेकिन बहुत कम ऐसे हैं, जिनके पास यह रिकॉर्ड है। बॉर्डर ने स्मिथ की तुलना खेल के महान खिलाड़ियों से करते हुए कहा, "मैं (सचिन) तेंदुलकर और (ब्रायन) लारा का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं - वे असाधारण रूप से अच्छे क्रिकेटर थे, लेकिन स्टीव निश्चित रूप से उन सभी के साथ हैं। कार्यवाहक कप्तान 10000 टेस्ट रन के दुर्लभ मील के पत्थर तक पहुंचने वाले चौथे ऑस्ट्रेलियाई व्यक्ति और यह उपलब्धि हासिल करने वाले कुल 15वें व्यक्ति बन गए।

## चेन्नई में 23वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए लोगो और शुभंकर का अनावरण

**चेन्नई (आईएएनएस)।** 23वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के लिए आधिकारिक लोगो और शुभंकर का बुधवार को यहां अनावरण किया गया, जिससे भारत के प्रमुख पैरा-एथलेटिक्स इवेंट के लिए मंच तैयार हो गया। 17 से 20 फरवरी तक होने वाली इस चैंपियनशिप में देश भर से 1,700 से अधिक पैरा-एथलीट हिस्सा लेंगे, जो लचीलापन, दृढ़ संकल्प और खेल उत्कृष्टता का जश्न मनाएंगे। अनावरण समारोह में तमिलनाडु के अतिरिक्त मुख्य सचिव अतुल्य मिश्रा, एसडीएटी के सदस्य सचिव और आयोजन अध्यक्ष मेघनाथ रेड्डी, भारतीय पैरालंपिक समिति के सचिव जयवंत गुंडू, अर्जुन पुरस्कार विजेता और भारतीय पैरा-बैडमिंटन खिलाड़ी थुलसिमथी मुरुगेसन और तमिलनाडु पैरालंपिक खेल संघ के सचिव किरुबाकारा राजा सहित कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। इस गौरवपूर्ण क्षण में, सभी गणमान्य व्यक्तियों ने चैंपियनशिप का लोगो और शुभंकर उठाया, जिससे पैरा-एथलीटों के सशक्तिकरण के लिए तमिलनाडु की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए टिकट 31 जनवरी से बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे



दुबई (आईएएनएस)

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को घोषणा की कि लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के टिकट 31 जनवरी से आम बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। हाल ही में बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में भारत को 3-1 से हराकर मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने 2025 के निर्णायक मैच में अपनी जगह पक्की कर ली है, जबकि प्रोटियाज ने घरेलू धरती पर पाकिस्तान को 2-0 से हराकर यह सुनिश्चित किया है कि वे 11 जून को लॉर्ड्स में होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच में पहली बार खेलेंगे। एकतरफा टेस्ट के लिए टिकट 31 जनवरी को सुबह 10 बजे जीएमटी (यूके समय) और दोपहर 3:30 बजे (आईएसटी) से बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे, आईसीसी परिवार सहित प्राथमिकता वाले प्रशंसकों को टिकटों तक विशेष पहुंच का लाभ मिलेगा, जिसमें 29 जनवरी को 10 बजे जीएमटी से 48 घंटे की प्राथमिकता विंडो सक्रिय होगी। आईसीसी ने कहा कि इस साल के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के टिकट वयस्कों के लिए 45 पाउंड और अंडर-16 के लिए 15 पाउंड से शुरू होते हैं और इन्हें वर्ल्डटेस्टचैंपियनशिप.कॉम के माध्यम से खरीदा जा सकता है।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

## वर्ष 2030 तक 20 प्रतिशत होगी हिस्सेदारी

# भारत में तेजी से बढ़ रही है डिजिटल अर्थव्यवस्था

नई दिल्ली (आईएएनएस)

भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था की हिस्सेदारी कुल अर्थव्यवस्था में वर्ष 2030 तक बढ़कर करीब 20 प्रतिशत हो जाएगी। यह जानकारी सरकार द्वारा दी गई। बीते एक दशक से अधिक समय में देश में डिजिटल आधारित उद्योग 17.3 प्रतिशत की गति से बढ़े हैं। यह इस दौरान पूरी अर्थव्यवस्था की गति 11.8 प्रतिशत से अधिक थी। डिजिटल प्लेटफॉर्म का तेजी से विस्तार हुआ है और आने वाले वर्षों में यह प्लेटफॉर्म लगभग 30 प्रतिशत की दर से बढ़ सकते हैं। 'स्टेट ऑफ इंडिया डिजिटल इकोनॉमी रिपोर्ट' के अनुसार, वर्ष 2022-23 में डिजिटल अर्थव्यवस्था में 1.46 करोड़ कर्मचारी या भारत के कार्यबल का 2.55 प्रतिशत हिस्सा कार्यरत था। इनमें से ज्यादातर नौकरियां (58.07 प्रतिशत) डिजिटल आधारित उद्योगों में हैं। कार्यबल मुख्य रूप से पुरुष हैं। हालांकि, डिजिटल प्लेटफॉर्म ने महिलाओं के लिए नौकरी के अवसर बढ़ाने में योगदान दिया है। आईटी मंत्रालय ने कहा कि भारत, अर्थव्यवस्था के डिजिटलीकरण के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा डिजिटलीकृत देश है और व्यक्तिगत उपयोगकताओं में डिजिटलीकरण के स्तर में जी20 देशों में 12वां स्थान है। मंत्रालय के मुताबिक, भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था पूरी अर्थव्यवस्था की तुलना में लगभग दोगुनी तेजी से बढ़ने की उम्मीद है, जो वर्ष 2029-30 तक राष्ट्रीय आय में लगभग 20 प्रतिशत योगदान देगी। इसका मतलब यह है कि छह साल से भी कम समय में देश में डिजिटल अर्थव्यवस्था की हिस्सेदारी कृषि या मैन्युफैक्चरिंग से अधिक हो जाएगी। भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था आर्थिक विकास में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता के रूप में उभरी है, जो वर्ष 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 11.74 प्रतिशत (31.64 लाख करोड़ रुपए या 402 अरब डॉलर) थी। देश में डिजिटल अर्थव्यवस्था बढ़ने की वजह एआई, क्लाउड सर्विसेज का तेजी बढ़ना और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) का उभरना शामिल है। भारत दुनिया के 55 प्रतिशत जीसीसी की मेजबानी करता है। मंत्रालय ने कहा, डिजिटल प्लेटफॉर्म का तेजी से विस्तार एक निरंतर परिवर्तन का संकेत देता है और भारत में काम के भविष्य को आकार देने के लिए तैयार है।



**17.3 प्रतिशत की गति से पिछले एक दशक में बढ़े हैं डिजिटल आधारित उद्योग**

## 2030 तक 325 अरब डॉलर का होगा ई-कॉमर्स बाजार

नई दिल्ली (हि.स.)

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने बुधवार को नई दिल्ली में जनपथ स्थित डॉ अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में हथकरघा सम्मेलन 'मंथन' का उद्घाटन करने के बाद हथकरघा क्षेत्र से आधुनिकता, परंपरा और नवीनता के साथ प्रीमियम बाजारों को लक्षित करने का आग्रह किया। उन्होंने हथकरघा बुनकर ई-पहचान पोर्टल और हथकरघा पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन मॉड्यूल का भी शुभारंभ किया। केंद्रीय कपड़ा मंत्री ने कहा कि उभरते ई-कॉमर्स बाजार को लक्षित करने के लिए हथकरघा उत्पादों की टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल प्रकृति, प्राकृतिक रंगाई, जैविक फाइबर के लाभ और हथकरघा उत्पादों के डिजाइन की विशिष्टता के बारे में व्यापक जागरूकता पैदा करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक ई-कॉमर्स के 325 अरब डॉलर का बाजार बनने की उम्मीद है। गिरिराज सिंह ने संगठित या कॉरपोरेट क्षेत्र में कार्यरत कपड़ा उद्योग से हथकरघा बुनकरों के लिए सामाजिक सुरक्षा और उचित पारिश्रमिक सुनिश्चित करते हुए स्थायी आजीविका प्रदान करने के लिए एक मॉडल विकसित करने का भी आग्रह किया।



● कपड़ा मंत्री ने हथकरघा सम्मेलन 'मंथन' का किया उद्घाटन

## सौर फोटोवोल्टिक उत्पादों के लिए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश अधिसूचित

**नई दिल्ली (हि.स.)।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने सौर फोटोवोल्टिक उत्पादों के लिए संशोधित गुणवत्ता नियंत्रण आदेश को अधिसूचित किया है। यह संशोधित आदेश प्रकाशन की तारीख से 180 दिनों के बाद प्रभावी होगा। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) अधिनियम, 2016 के तहत 27 जनवरी को अधिसूचित राजपत्र में मौजूदा सौर फोटोवोल्टिक्स, प्रणाली, उपकरण और घटक वस्तु (अनिवार्य पंजीकरण के लिए आवश्यकताएं) आदेश, 2017 को संशोधित किया गया है।

**भारतीय रिजर्व बैंक का 'पेमेंट सिस्टम्स रिपोर्ट' जारी**

## रिटेल डिजिटल पेमेंट्स की संख्या 16,146 करोड़ हुई

**नई दिल्ली।** भारत के रिटेल डिजिटल पेमेंट सिस्टम में लेन-देन की संख्या बीते 12 वर्षों में 100 गुना बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 16,416 करोड़ हो गई है। वित्त वर्ष 2012-13 में लेन-देन की संख्या 162 करोड़ थी। सेंट्रल बैंक की 'पेमेंट सिस्टम्स रिपोर्ट' में बताया गया कि पेमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर और पेमेंट परफॉर्मेंस में मजबूत वृद्धि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा प्रकाशित डिजिटल पेमेंट इंडेक्स में भी स्पष्ट है, जिसमें पिछले छह वर्षों में चार गुना से अधिक वृद्धि देखी गई है, जो मार्च 2024 तक बढ़कर 445.40 हो गया है, जो कि मार्च 2018 में 100 था। भारत में डिजिटल पेमेंट्स में पिछले दशक में तेज वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में कहा गया, कैलेंडर वर्ष 2013 में 222 करोड़ डिजिटल लेन-देन हुए थे और इनकी वैल्यू 772 लाख करोड़ रुपए थी। कैलेंडर वर्ष 2024 में डिजिटल लेन-देन की वॉल्यूम बढ़कर 20,787 करोड़ और वैल्यू बढ़कर 2,758 लाख करोड़ रुपए हो गई है। बीते पांच वर्षों में भारत में डिजिटल पेमेंट्स की वॉल्यूम में 6.7 गुणा और वैल्यू में 1.6 गुणा का इजाफा हुआ है।


# शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन हरे निशान में बंद

मुंबई (आईएएनएस)

भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 631.55 अंक या 0.83 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,532.96 और निफ्टी 205.85 अंक या 0.90 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,163.10 पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र में मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में बड़ी खरीदारी देखने को मिली, जो निवेशकों के तेजी के रुझान को दिखाता है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,189.40 अंक या 2.31 प्रतिशत की तेजी के साथ 52,718.85 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 532.05 या 3.32 प्रतिशत की तेजी के साथ 16,540 पर बंद हुआ। ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंसियल सर्विसेज और फार्मा समेत सभी इंडेक्सों में खरीदारी देखी गई। केवल एफएमसीजी इंडेक्स ही लाल निशान में बंद हुआ।

व्यापक बाजार में तेजी का रुझान था। बांबे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2,979 शेयर हरे निशान में और 1,009 शेयर लाल निशान में और 94 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। शेयर बाजार में तेजी के कारण बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केटकैप करीब 10 लाख करोड़ रुपए बढ़कर 416 लाख करोड़ रुपए हो गया है।

सेंसेक्स पैक में जोमैटो, टाटा मोटर्स, इन्फोसिस, अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा, एमएंडएम, बजाज फाइनेंस, अदाणी पोर्ट्स, सन फार्मा और कोटक महिंद्रा बैंक टॉप गेनर्स थे। भारती एयरटेल, मारुति सुजुकी, एशियन पेंट्स, आईटीसी, एक्सिस बैंक और एचयूएल टॉप लूजर्स थे। च्वॉइस ब्रोकिंग के मुताबिक, निफ्टी ने 22,800 के अपने सपोर्ट जोन से मजबूत रिकवरी दिखाई है और 23,100 के ऊपर बंद होने में कामयाब रहा, जो कि मजबूती का संकेत है। अगर आने वाले सत्र में अगर निफ्टी 23,300 के ऊपर बंद होता है, तो 23,650 और 23,800 के भी स्तर देखने को मिल सकते हैं। सोमवार को बाजार लगातार दो दिनों की गिरावट के बाद तेजी के साथ बंद हुए थे। इस दौरान सेंसेक्स 535 अंक या 0.71 प्रतिशत की तेजी के साथ 75,901 और निफ्टी 128 अंक या 0.56 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,957 पर बंद हुआ।




● मिडकैप और स्मॉलकैप चमके

# योग्य लाभुकों को योजना का लाभ देना सुनिश्चित करें : उपायुक्त

## विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के तहत 346 आवेदनों का अनुमोदन

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना अंतर्गत कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन बुधवार को किया गया।

बैठक में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के अंतर्गत समिति के समक्ष 346 आवेदन पत्र जांच कर प्रस्तुत किये गये। उपायुक्त एवं समिति के सदस्यों द्वारा प्राप्त सूची पर विचार विमर्श के उपरांत सर्वसम्मति से कुल 346 आवेदनों का अनुमोदन प्रदान किया गया। उपायुक्त ने स्वीकृत आवेदन के आवेदकों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना से अच्छादित करने हेतु आवेदन पत्रों को अग्रसारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योग्य लाभुकों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना का लाभ देना सुनिश्चित करें। इस योजना के लाभ से पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को आर्थिक सहायता एवं उन्नत उपकरण प्रदान करते हुए उनके व्यवसाय में बढ़ोत्तरी करना है, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। उन्होंने इस योजना के तहत योग्य लाभुकों को आर्थिक सहायता प्रदान कर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ाने में सक्रियता से कार्य करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र राज कुमार पासवान, नगर प्रशासक, नगर पंचायत, लातेहार राजीव रंजन, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, श्रम अधीक्षक, अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक, जेएसएलपीएस डीपीएम संतोष कुमार, अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।




## पुलिस ने चलाया यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान।

**नावाबाजार।** नागरिकों में यातायात नियमों की जानकारी व सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए बुधवार को नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार के नेतृत्व में नावाबाजार परिसर में यातायात नियमों की जागरूकता को ले नेक नागरिक सम्मान कार्यक्रम चलाया गया। वहां नावाबाजार थाना के द्वारा ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता के प्रति जानकारी दी गई। यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया गया कि बिना हेलमेट पहने दो पहिया वाहन व बिना सीट बेल्ट बांधे चार पहिया वाहन नहीं चलाना चहिए। बिना ड्राइविंग लाइसेंस के कोई भी वाहन नहीं चलायें। वाहन के समस्त वैध दस्तावेज साथ रखना आवश्यक है। हमेशा सड़क के बाएं ओर वाहन चलाना चाहिए। आगे के वाहन को हमेशा दायीं ओर से ओवर टेक करना, नियमित गति से वाहन चलाना आदि नियमों की जानकारी दी। साथ ही भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही गुड सेमेरिटन योजाना की भी जानकारी दी, जिसमें सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की जान बचाकर 5 हजार की राशि ईनाम स्वरूप पाई जा सकती है।

# पंसस की बैठक में पेयजल और जनवितरण प्रणाली का मुद्दा छाया रहा

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड स्तरीय पंचायत समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख मनीषा उरांव की अध्यक्षता में बुधवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में संपन्न हुई। बैठक में सभी विभागीय पदाधिकारीयों,कर्मियों के साथ विभाग अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों एवं योजनाओं की विभागवार अद्यतन तथा प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में पेयजल,जनवितरण प्रणाली,बिजली समेत कई मुद्दे छाए रहे। बैठक में पंचायत समिति की बैठक में सदस्यों द्वारा उठाए गए समस्या समाधान के प्रति विभाग के अधिकारी व कर्मी द्वारा गंभीरता से नहीं लेने पर नाराजगी व्यक्त की गई। पंचायत सचिवालय में राजस्व कर्मी, रोजगार सेवक, पंचायत सचिव को सप्ताह में एक दिन बैठ कर जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र पंचायत सचिवालय से निर्गत करने, विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र में भोजन का मीनू का दीवार लेखन करने,सभी बच्चे स्कूल जाएं इसके लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। प्रखंड स्तरीय शिक्षा समिति द्वारा अनुमोदित कर जिस स्कूल में छात्रों की संख्या कम है और शिक्षकों की संख्या अधिक है, वैसे शिक्षकों को ज्यादा संख्या वाले छात्रों की स्कूल में पदस्थापित कर शिक्षकों की कमी दूर करने का भी निर्णय लिया गया। राशन कार्डधारियों को राशन वितरण सुनिश्चित कर उनके कठिनाईयों को दूर करने, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हर घर में शुद्ध पीने का पानी पहुंचाने के सपने को प्रखंड में गति देने व कृषि,आवास,पशुपालन, स्वास्थ्य,मनरेगा,शिक्षा,बिजली, पेयजल,धोती साड़ी,नाडेफ, बाल विकास सहित कई मामलों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद, उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, पंसस अयुब खान, बलकु मुंडा,शंकर गंझू,अनुरोध कुजूर, तारा देवी,सुशीला टोपनो,सुनीता देवी, मनोहर भगत, कमलेश उरांव, संगीता देवी, मनरेगा बीपीओ रतन कुमारी शाहदेव,अंचल निरीक्षक महेश सिंह,प्रखंड समन्वयक पंचायती राज रीतेश कुमार,प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार, कृषि पदाधिकारी मनीष पांडे, कनीय अभियंता निशांत कुमार, शिक्षा विभाग के प्रतीक सिंन्हा, सहायक अभियन्ता पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल सुनील कुमार,प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर सरोज, चिकित्सा से कृष्णकांत कुमार, प्रखण्ड समन्वयक आवास कुश ध्वज,बिजली विभाग फुलेश्वर महतो,राजू उरांव,करण लोहरा, अशोक भुइंया समेत कई लोग उपस्थित थे।

## झामुमो नेताओं ने किया सदस्यता अभियान की शुरूआत

**चंदवा।** जिले में झामुमो का सदस्यता अभियान की शुरूआत हो चुकी है। इसके निमित चंदवा प्रखंड में झामुमो नेताओं ने बैठक का आयोजन किया। बैठक के दौरान प्रखंड क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा लोगो को पार्टी से जोड़ने पर चर्चा की गई। नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे तौर पर ग्रामीणों को मिल रहा है। जिसके कारण लोगों का पार्टी के प्रति रुझान बढ़ा है। नेताओं ने कार्यकर्ताओं को पंचायत से लेकर जिला स्तर तक के लोगों को पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य दिया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए 10 रुपये का सदस्यता शुल्क भी जमा करना है। मौके पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष शितमोहन मुंडा,पूर्व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रंजीत उरांव,पूर्व प्रखंड 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, पूर्व प्रखंड सचिव मो. इजहार, जतरु कुमार मुंडा,मो. सरफराज, उमेश कुमार, अख्तर अंसारी समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

# अंचलाधिकारी ने इरकॉन के विरुद्ध जिला प्रशासन को सौंपी जांच रिपोर्ट

नवीन मेल संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** शिवपुर-कठौतिया सड़क निर्माण में संवेदक की लापरवाही से संबंधित मामला दिशा की बैठक में छाने के बाद अंचल प्रशासन ने अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु विभागीय जांच रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंप दिया है। बता दें पिछले दिनों मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह ने इरकॉन एजेंसी द्वारा अपने कार्य किये जाने के दौरान धनगड़ा पंचायत के रक्शी में आवागमन वाले दोनों रास्तों को काट दिये जाने से ग्रामीणों को हो रही परेशानियों पर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया था। उक्त मामले में जिला प्रशासन के निर्देश पर अंचल अधिकारी विजय दास ने जांच रिपोर्ट सौंपा है। बता दें कि राजस्व उप-निरीक्षक के स्थलीय जांच में उक्त मामला पूरी तरह से सही पाया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कच्चे रास्तों में 5 से 6 इंच का भारी धूल जमा है। जिससे वाहनों के परिचालन के दौरान उड़ने वाली भारी धूल व बरसात के दिनों में जमा होने वाला कीचड़ आमलोगों को चलना व जीना दूभर कर दिया है।

## मुखिया ने स्कूली बच्चों बांटे ड्रेस

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत स्तरोन्नत उच्च विद्यालय टोटी हेसला में मुखिया शांति देवी ने 64 छात्र छात्राओं के बीच ड्रेस वितरण किया। प्रथम व द्वितीय वर्ग के छात्रों के बीच जूता, बैग, स्वेटर, मौजा दिया गया। ड्रेस पाकर छात्र काफी उत्साहित थे। मौके पर उप मुखिया जीतेन्द्र प्रसाद, प्रधानाध्यापक शिव शंकर कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष शंकरानन्द प्रसाद साव, उपाध्यक्ष नीलू सिंह, सहयोगी शिक्षक श्यामनंदन राम, बिरजू राम अभिभावक दीपु प्रसाद, मनराज उरांव, रमेश उरांव, नीरज कुमार पासवान, मनोज कुमार, आकाश यादव, पूनम देवी, अविनाश प्रजापति, दुलारी देवी सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

# पुलिस ने अफीम की खेती नहीं होने देने का दिलाया संकल्प



नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने आम लोगों को अफीम की खेती नहीं करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने संकल्प पत्र को पढ़कर सुनाते हुए कहा कि किसी भी गांव टोलों में अफीत की खेती नहीं करने देने। इसकी जानकारी मिलने पर संबधित व्यक्ति को सर्वप्रथम समझाकर इस काम को छोड़ने को प्रेरित करने में सहयोग करना होगा। उनके स्तर से इस काम को नहीं छोड़ने वाले लोगों की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को हर हाल में देना होगा। जिससे क्षेत्र में शांति के साथ विधि व्यवस्था सतत बेहतर कायम रह सके। उन्होंने कहा कि इसकी खेती में संलिप्त लोगों को पकड़े जाने पर कानून सम्मत कार्रवाई पुलिस करने को बाध्य होगी। जिसमें क्षेत्र जनहित में हस्तक्षेप करना किसी भी हाल में उपयुक्त नहीं है। उन्होंने इसकी खेती की रोकथाम में प्रखंड के सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्यों व वार्ड सदस्यों को गंभीरता से लेने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में इसकी उपज नहीं होने दी जायेगी। कहीं भी इसकी जानकारी मिलती है तो उन्हें सूचना देने में सहयोग करने को भी कहा गया है।

## हाइवा वाहन मालिकों ने किया संगठन विस्तार

**टंडवा (चतरा)।** विस्थापित-प्रभावित हाइवा वाहन मालिकों ने सेरनदाग फुटबॉल मैदान में बैठक कर संगठन का विस्तार किया। सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष कामाख्या प्रसाद साहू, सचिव कृष्णकांत कुमार, उप सचिव छोटेलाल कुमार, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार व मीडिया प्रभारी जितेन्द्र कुमार का चयन सर्वसम्मति से किया गया। नव निर्वाचित सदस्यों को अध्यक्ष होरिल कुमार साहू व मौजूद लोगों ने माला पहनाकर स्वागत किया।

## विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

कुंदा (चतरा)। बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के जिला सचिव के निर्देश पर निःशुल्क सहायता केंद्रों में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाल मजदूरी,घरेलू हिंसा एवं सरकार द्वारा मिलने वाले विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अधिकार मित्र के द्वारा दिया गया। साथ ही नालशा के द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 15100 के बारे में जानकारी दी गई।

# विधायक ने ओरसापाठ व अक्सी पंचायत में किया शिलान्यास



नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** विधायक रामचंद्र सिंह ने बुधवार को महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत अतिसुदूरवर्ति क्षेत्र ओरसापाठ पंचायत के ओरसा, शीशाडीह, कुकुद, अक्सी पंचायत के अक्सी, बांसकरचा में कई योजनाओं का शिलान्यास किया। विधायक ने विधिवत रूप से पंडित-पुरोहित की मौजूदगी में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कर शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने सभी संवेदकों को गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने की निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि किसी भी हाल में विकास की गति नहीं रुकेगी। हर गांव हर जगह पर जरुरतमंदों को सुविधा दी जाएगी। कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि इफ्तखार अहमद, महुआडांड़ उपप्रमुख सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अभय मिंज, कांग्रेस वरिष्ठ नेता रामनरेश ठाकुर, आदिवासी जिला अध्यक्ष अजीत पाल कुजूर, कांग्रेस नेता रानू खान, नुरुल अंसारी, बसारत अली, नसीम अंसारी, रिंकू खान, भानु प्रसाद, जमुना प्रसाद, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर सुहैल, युवा कांग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष सुबोध खलखो, शकील खान, युवा कांग्रेस प्रखंड सचिव तनवीर आजाद, स्पोर्ट्स प्रभारी शहीद अख्तर, कांग्रेस मीडिया प्रभारी राजेश ठाकुर, श्याम बिहारी सिंह, सलमान अहमद, रहमान अहमद, हदीश खान सहित अन्य मौजूद थे।

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत मैराथन दौड़ का आयोजन

# यातायात नियमों का पालन हर नागरिक की जिम्मेदारी : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत बुधवार को सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए समाहरणालय परिसर से मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि यातायात नियमों का पालन हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने हेलमेट, सीट बेल्ट, गति सीमा और ट्रैफिक सिग्नलों के पालन पर विशेष जोर दिया। मैराथन दौड़ समाहरणालय परिसर से कारगिल चौक होते, जिला खेल स्टेडियम में पहुंच कर समाप्त हो गया। मैराथन के दौरान प्रतिभागियों ने नारे लगाकर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। दौड़ के दौरान जिला स्तरीय पदाधिकारी, स्टूडेंट्स, खिलाड़ी ने उत्साह से हिस्सा लिया। मैराथन के समापन के अवसर पर गुड सेमेरिटन पॉलिसी के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को पहुंचने वाले मनिका प्रखंड के अख्तर अंसारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने आमजन से अपील की कि वह सड़क सुरक्षा नियमों का गंभीरता से पालन करें और यातायात के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनें। साथ ही सभी प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई। इस दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा के बारे में जानकारी दी गई। नुक्कड़ नाटक टीम के सदस्यों ने लोगों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, अत्यधिक रफ्तार से गाड़ी नहीं चलने व जेबरा क्रॉसिंग पर गाड़ी धीरे करने की जानकारी दी। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर (एक घंटे के अंदर) हॉस्पिटल लेकर जाने पर सरकार द्वारा संचालित गुड स्मेरिटन योजना अंतर्गत सहायता पहुंचाने वाले व्यक्ति को प्रोत्साहन राशि के रुप 5000 रुपए दिया जाता है इसकी भी जानकारी लोगों को दी गई।




# कर्तव्य पथ पर महुआडांड़ के मुखिया ने लिया भाग, झारखंडी सांस्कृतिक की झलक दिखी

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** नई दिल्ली में 26 जनवरी को झारखंड से आए प्रतिनिधियों ने पहली बार कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस समारोह का प्रत्यक्ष अनुभव किया, जहां उन्होंने अद्वितीय जोश और देशभक्ति के साथ इस ऐतिहासिक आयोजन का आनंद लिया। भव्य परेड, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सैन्य प्रदर्शन को देखकर वे गर्व और उत्साह से भर गए। भारत के 76वें गणतंत्र दिवस पर दिल्ली के कर्तव्य पथ (पूर्व में राजपथ) पर आयोजित ग्रैंड परेड समारोह में महुआडांड़ प्रखंड के नेतरहाट पंचायत के मुखिया राम बिशुन नगेसिया ने भाग लिया। यह समारोह देश की सांस्कृतिक विविधता और लोकतांत्रिक मूल्यों को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर था। गौरतलब है कि राम बिशुन नगेसिया जो नेतरहाट पंचायत के प्रगतिशील और समर्पित मुखिया के रूप में जाने जाते हैं, को गणतंत्र दिवस का परेड देखने के लिए आमंत्रित किया गया था। उन्होंने इस अवसर पर पारंपरिक वेशभूषा पहनी और झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाया। रामबिशुन नगेसिया ने कहा यह मेरे लिए एक गर्व का क्षण है कि मुझे इस महान राष्ट्रीय समारोह में भाग लेने का अवसर मिला। यह दिन हमें हमारे संविधान और लोकतंत्र की मजबूती की याद दिलाता है। मैं अपने पंचायत और महुआडांड़ प्रखंड के लोगों की ओर से इस समारोह में शामिल होकर बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं।



# पेज एक के शेष

## महाकुंभ में भगदड़...

न्यायिक आयोग इस पूरे मामले को देखकर एक समय सीमा के अंदर राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट देगा। इस घटना की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री भावुक हो गए। महाकुंभ हादसे की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग की अध्यक्षता पूर्व न्यायाधीश हर्ष कुमार को बनाया गया है। पूर्व डीजीपी वीके गुप्ता और सेवानिवृत्त आईएएस बीके सिंह आयोग के सदस्य हैं। न्यायिक आयोग इस पूरे मामले को देखकर एक समय सीमा के अंदर राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट देगा। बुधवार को मेला अधिकारी विजय किरन आनंद एवं डीआईजी मेला वैभव कृष्ण ने संयुक्त प्रेस वार्ता की। डीआईजी वैभव कृष्ण ने बताया कि भारी भीड़ के दबाव में बैरिकेड्स टूटने से यह हादसा हुआ। जमीन पर लेटे हुए श्रद्धालु दौड़ते श्रद्धालुओं के कदमों तले कुचले गए। उन्होंने बताया कि हादसे में 90 श्रद्धालु घायल हुए, जिसमें से 30 श्रद्धालुओं की मौत हुई। 25 मृतकों की पहचान हो चुकी है। शेष पांच की पहचान के प्रयास जारी हैं। 24 घायलों को घर भेज दिया गया है। 36 घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में जारी है। मेलाधिकारी विजय आनंद ने बताया कि आज कोई वीवीआईपी या वीआईपी प्रोटोकाल नहीं था। आज किसी प्रकार के वीआईपी वाहन का प्रवेश नहीं था। उन्होंने बताया कि आगे भी अमृत स्नान के पर्व पर कोई वीआईपी प्रोटोकॉल नहीं होगा। मेलाधिकारी ने बताया कि ग्रीन कॉरिडोर बनाकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। मेला प्रशासन ने मृतकों व घायलों की जानकारी के लिए हेल्प लाइन नंबर 1920 जारी किया है। इधर, प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, यह दर्दनाक हादसा मंगलवार की रात करीब दो बजे संगम तट के पास हुआ। राहत कार्य करीब एक घंटे बाद शुरू हुआ। मौनी अमावस्या के लिए मंगलवार सुबह से ही अपार जन समूह उमड़ा हुआ था। रात में स्नान शुरू होने के बाद संगम में भीड़ अधिक बढ़ गई। संगम तट और उसके आसपास लाखों श्रद्धालु जमा हो गए। आधी रात के बाद स्नानार्थियों की भीड़ संगम तट के करीब ठहर गई, जिससे स्थिति बिगड़ने लगी। रात करीब दो बजे स्थिति नियंत्रण से बाहर हुई तो भगदड़ मच गई।

## सलीमा टेटे और...

मैच के साथ-साथ कई बड़ी-बड़ी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन सफलतापूर्वक कर दिखाया है। ऐसे खेल आयोजनों से यहां के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का बेहतर मौका मिल रहा है। खेल स्वस्थ मानसिकता को विकसित करने का एक बेहतर माध्यम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सलीमा टेटे एवं निक्की प्रधान को रांची में भूखंड देने का निर्णय हमारी सरकार का ही था। आज ये वादा हम पूरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने भूखंड देने के साथ-साथ यह भी घोषणा की कि इन दोनों खिलाड़ियों को अपना आशियाना बनाने के लिए राज्य सरकार खेल नीति के तहत 35-35 लाख रुपए उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि समय के साथ भले हमारी ये स्टार बेटियां आर्थिक रूप से मजबूत हुई हों, परंतु संघर्ष के दिनों में जब मैं इनके गांव-घर पहुंचा था, तब इनकी आर्थिक स्थिति को देखा था, उस समय किया गया वादा आज मैं पूरा कर रहा हूं। आज हमारी इन बेटियों को मिल रहा सम्मान राज्य के अन्य बेटियों एवं युवा वर्ग के लिए आशा और अवसर का प्रतीक बनेगा, इनसे प्रेरित होकर राज्य के अन्य खिलाड़ी अपने हुनर और प्रदर्शन को बेहतर करने का काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम में राज्य की स्टार हॉकी प्लेयर सलीमा टेटे एवं निक्की प्रधान के संघर्षों से सफलता की कहानी ऑडियो-विजुअल के माध्यम से दिखाई गई। इसमें हमारी भी कुछ तस्वीरें हैं, हमारी यह तस्वीरें उस समय की हैं, जब हम सरकार में नही थे। इन बेटियों से हमारी मुलाकात तब हुई थी, जब ये भी अपने मंजिल को हासिल करने के लिए मेहनत और संघर्ष कर रहे थीं और मैं भी अपनी मंजिल को पाने के लिए संघर्ष और मेहनत कर रहा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि समय के साथ हम सभी अपने रास्ते पर आगे बढ़ते रहे और आज अपने-अपने मंजिल पर पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि बड़े-बुजुर्गों ने हमें यह सिखाया है कि मेहनत हमेशा रंग लाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी लक्ष्य को हासिल करने का कोई शॉर्टकट रास्ता नहीं होता है। मुख्यमंत्री ने राज्य के युवाओं से अपील की कि अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए निरंतर परिश्रम, त्याग और समर्पण के साथ आगे बढ़ाने की जरूरत है, तभी सर्वोच्च स्थान पर पहुंचा जा सकता है। आप सभी जिस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं, एक निर्धारित लक्ष्य के साथ आगे बढ़े हमारी सरकार सदैव आपके साथ खड़ी रहेगी। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि झारखंड के खिलाड़ियों ने विगत कई वर्षों से अपने प्रदर्शन से राज्य का नाम रोशन किया है। हमारी सरकार ने राज्य में एक बेहतर खेल पॉलिसी बनाकर खिलाड़ियों को हर संभव मदद और प्रोत्साहित कर रही है। कई राज्य अपने सीमित संसाधनों की वजह से जाना जाता है, इन्हीं सीमित संसाधनों से संघर्ष के रास्ते इन राज्यों ने अपनी अलग पहचान भी बनाई है।

**सीएनटी एक्ट उल्लंघन...**

उन्होंने बताया कि झारखंड उच्च न्यायालय, डब्ल्यूएस नंबर 4074/2016, रश्मि प्रसाद बनाम राज्य सरकार एवं अन्य तथा डब्लूपीएस नंबर 4418/2016, दीपक कुमार बनाम राज्य सरकार एवं अन्य वाद में 23 जनवरी 2024 को पारित आदेश के अनुपालन में वादी की स्नातक प्रशिक्षित वेतनमान में नियुक्ति के अनुमोदन के लिए गैर-सरकारी सहायता प्राप्त भाषायी अल्पसंख्यक विद्यालय, श्री डोरंडा बालिका उच्च विद्यालय, में सहायक शिक्षकों के दो छाया पद, 26 फरवरी, 2009 से 31 दिसंबर, 2017 तक की अवधि के लिए सृजन की स्वीकृति दी गई।

## इसरो का 100वां

यह नई पीढ़ी के नेविगेशन उपग्रहों में से दूसरा है। इसरो के प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने वाले वी. नारायणन के लिए यह पहला प्रक्षेपण है। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से इस प्रक्षेपण की निगरानी की। यह उपग्रह प्रक्षेपण भौगोलिक, हवाई और समुद्री नेविगेशन सेवाओं के लिए उपयोगी होगा। कृषि में प्रौद्योगिकी, विमान प्रबंधन, मोबाइल उपकरणों में स्थान-आधारित सेवाएं उपलब्ध करवाने सहयोग देगा। चेयरमैन नारायणन ने इस सफलता के लिए इसरो वैज्ञानिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस साल किया गया पहला प्रयोग सफल रहा। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ जितेंद्र सिंह ने इसरो को ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई है। सिंह ने एक्स हैंडल पर लिखा, श्रीहरिकोटा से 100वें प्रक्षेपण की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के लिए इसरो को बधाई।

## जेडसीए विनय गंझू...

आत्मरक्षार्थ सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख नक्सली दस्ते के सदस्य पहाड़ एवं घने जंगल का लाभ लेते हुए भाग खड़े हुए। मुठभेड़ के बाद आसपास के क्षेत्रों में सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान एक पुरुष और एक महिला नक्सली का शव बरामद किया गया। इसके साथ ही, हथियार भी बरामद किया गया। मृत नक्सलियों की पहचान भाकपा माओवादी के जेडसीए विनय गंझू उर्फ संजय गंझू उर्फ बारिया उर्फ भुखन उर्फ संजय और एसीएम हेमंती मंझियाईन के रूप में की गई। सर्च अभियान के दौरान दो इंसास रायफल, 313 जिंदा गोली, नौ इंसास का मैगजीन, पांच पीस मेट्रोला सेट, 28 डेटोनेटर, दो मैगजीन पाउच, चार पीस काला वर्दी पेंट सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि पुलिस ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया है। उन्होंने बताया कि कि सुरक्षा बलों को गुप्त सूचना मिली थी कि 15 लाख रुपए का इनामी नक्सली अमित मुंडा अपने दस्ते के साथ हिंसक विध्वंसक नक्सली गतिविधियों के लिए सोनुआ इलाके में सक्रिय है। इस सूचना पर सुरक्षा बल सोनुआ थाना क्षेत्र के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र लोंजो नचलदा में सर्च ऑपरेशन चलाया। कार्रवाई में शामिल ऑपरेशन टीमों को अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय चक्रधरपुर स्थित सीआरपीएफ 60 बटालियन मुख्यालय में डीजीपी सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया।

## नेशनल क्रिटिकल मिनरल...

अर्थव्यवस्था और युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करने के लिए कई फैसले लिए गए हैं। इसी श्रृंखला में आज प्रधानमंत्री ने ह्यनेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशनह्ण को मंजूरी दी है। यह प्रोजेक्ट हमारी अर्थव्यवस्था के लिए काफी महत्वपूर्ण है। नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन में 16,300 करोड़ रुपये खर्च होंगे, जिसे छह वर्ष के लिए मंजूरी दी गई है।

## सऊदी अरब में सड़क दुर्घटना में नौ भारतीयों की मौत, विदेश मंत्री जयशंकर ने जताया शोक



**जेद्दा (आईएएनएस)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को सऊदी अरब में सड़क दुर्घटना में नौ भारतीय नागरिकों की दुखद मौत पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने पीड़ितों के परिवारों को पूर्ण सहायता का आश्वासन दिया। विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पर लिखा, "इस दुर्घटना और जानमाल के नुकसान के बारे में जानकर दुख हुआ। जेद्दा में हमारे महावाणिज्यदूत से बात की, जो संबंधित परिवारों के संपर्क में हैं। वह इस दुखद स्थिति में उन्हें पूरा सहयोग दे रहे हैं। इससे पहले, जेद्दा में भारत के महावाणिज्यदूतावास ने जानकारी दी कि यह दुर्घटना सऊदी अरब के पश्चिमी क्षेत्र में जीजान के पास हुई। महावाणिज्यदूतावास मक्का, मदीना, यानबू, ताइफ, तबुक, कुनफुदा, अलबहा, आभा, जीजान और नजरान शहरों को भी कवर करता है। महावाणिज्यदूतावास ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा गया, "हमारी संवेदनाएं प्रभावित परिवारों के साथ हैं। जेद्दा में भारतीय महावाणिज्य दूतावास पूरी सहायता प्रदान कर रहा है और अधिकारियों तथा परिवारों के संपर्क में है। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

## 'डीप सी नंबर 1' ने 10 अरब क्यूबिक मीटर प्राकृतिक गैस का उत्पादन किया



**बीजिंग (आईएएनएस)।** चीन के पहले अल्ट्रा-डीपवाटर गैस क्षेत्र 'डीप सी नंबर 1' ने 10 अरब क्यूबिक मीटर से अधिक प्राकृतिक गैस और 10 लाख क्यूबिक मीटर से अधिक कंडेन्सेट तेल का उत्पादन किया है, जिसमें प्राकृतिक गैस का उत्पादन 3 अरब क्यूबिक मीटर से ऊपर बना हुआ है। वर्ष 2024 में यहां पर प्राकृतिक गैस का उत्पादन 3 अरब 20 करोड़ क्यूबिक मीटर से अधिक रहा। हाल के वर्षों में, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, पीक डेटा और क्लाउड कंप्यूटिंग जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के तेजी से विकास के साथ, चीन का अपतटीय तेल व गैस अन्वेषण और विकास क्षेत्र सक्रिय रूप से डिजिटल परिवर्तन की खोज कर रहा है। चीन के पहले अल्ट्रा-डीपवाटर इंटेलिजेंट गैस क्षेत्र के रूप में, 'डीप सी नंबर 1' का निर्माण यह दर्शाता है कि चीन की समुद्री तेल और गैस विकास तकनीक ने दुनिया के उन्नत देशों की श्रेणी में प्रवेश किया है।

## बामियान में 10.5 टन अवैध ड्रग्स को नष्ट किया गया



**बामियान (आईएएनएस)।** अफगानिस्तान के बामियान प्रांत में काउंटर-नारकोटिक्स डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने 10.5 टन अवैध ड्रग्स नष्ट की। प्रांतीय पुलिस कार्यालय ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया कि अफीम, हशीश, हेरोइन बनाने में इस्तेमाल होने वाली चीजों और अन्य जहरीली वस्तुओं सहित प्रतिबंधित सामान को मंगलवार को सार्वजनिक रूप से जला दिया गया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, बामियान पुलिस ने प्रांत में अफीम की खेती, ड्रग्स की प्रोसेसिंग और तस्करी पर प्रतिबंध लगाया है। इससे पहले 14 जनवरी को पुलिस ने पूर्वी अफगानिस्तान के खोस्त प्रांत में 43 किलोग्राम अवैध ड्रग्स बरामद किया था। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता ताहिर एहरार के अनुसार, ड्रग तस्करी में शामिल होने के आरोप में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। प्रांतीय राजधानी खोस्त शहर के बाहर 43 किलोग्राम हशीश और एके-47 सहित प्रतिबंधित सामान बरामद किया गया था। एहरार ने बताया, पुलिस ने स्पष्ट किया कि वे प्रांत में किसी को भी हशीश, पोस्त या हेरोइन के निर्माण में इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं का उत्पादन या तस्करी करने की अनुमति नहीं देंगे। आंतरिक मंत्रालय ने इस महीने की शुरुआत में खुलासा किया था कि काउंटर-नारकोटिक्स पुलिस ने मेथमफेटामाइन सहित 64 किलोग्राम अवैध ड्रग्स का भी पर्दाफाश किया था।

# अमेरिका जाएंगे नेतन्याहू, गाजा युद्ध विराम समझौते पर करेंगे चर्चा

**यरूशलम (आईएएनएस)**

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निमंत्रण पर अगले सप्ताह वाशिंगटन की यात्रा करेंगे। नेतन्याहू के कार्यालय की ओर से यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि ट्रंप ने नेतन्याहू को "4 फरवरी को व्हाइट हाउस में एक बैठक" के लिए आमंत्रित किया है। इजरायल के सरकारी स्वामित्व वाले 'कान' टीवी न्यूज ने बताया कि बैठक में गाजा युद्ध विराम समझौते के दूसरे चरण पर ध्यान केंद्रित करने की उम्मीद है। समझौते के तहत, पहले चरण के दौरान 19 जनवरी को छह सप्ताह का युद्ध विराम शुरू हुआ। इस युद्ध विराम के 16वें दिन, गाजा पट्टी में बंद शेष इजरायली बंधकों की रिहाई और एन्क्लेव से इजरायली सेना की वापसी के उद्देश्य से अगले चरणों पर बातचीत शुरू होगी।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि नेतन्याहू पर दक्षिणपंथी गठबंधन सरकार के प्रमुख सदस्यों की ओर से पहले चरण के समझौते के बाद गाजा में लड़ाई फिर से शुरू करने का राजनीतिक दबाव है। 'कान' के अनुसार, व्हाइट हाउस ने नेतन्याहू को इस समझौते को आगे बढ़ाने के लिए एक प्रोत्साहन पैकेज तैयार किया है। कथित तौर पर इस पैकेज में हेग में अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय को टारगेट करने वाले प्रतिबंध शामिल हैं। इसमें पिछले साल नवंबर के अंत में गाजा संघर्ष के दौरान "मानवता के खिलाफ अपराध और युद्ध अपराधों" के लिए नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था।



### इजरायल गाजा में फिलिस्तीनियों को उत्तरी क्षेत्र में उनके घरों में लौटने की अनुमति देगा

इजरायली सरकार ने घोषणा की थी कि हमास इस सप्ताह छह बंधकों को रिहा करेगा, जबकि इजरायल गाजा में फिलिस्तीनियों को उत्तरी क्षेत्र में उनके घरों में लौटने की अनुमति देगा। इजरायल के प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान के अनुसार, "प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के नेतृत्व में जोरदार और दृढ़ वार्ता के बाद, हमास पीछे हट गया है। साथ ही इस गुरुवार को बंधकों को रिहा करने का एक और चरण पूरा करेगा।

> ट्रंप ने नेतन्याहू को "4 फरवरी को व्हाइट हाउस में एक बैठक" के लिए किया है आमंत्रित

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी रहे समारोह में मौजूद

# विजय चौक पर बीटिंग रिट्रीट ने बांधा समां

- कार्यक्रम के साथ हुआ 76वें गणतंत्र दिवस समारोह का समापन

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



नई दिल्ली के विजय चौक पर बुधवार की शाम को आयोजित बीटिंग रिट्रीट के साथ देश के 76वें गणतंत्र दिवस समारोह का समापन हो गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत तमाम गण्यमान्य लोगों ने आम लोगों के साथ इसका आनंद उठाया। बीटिंग रिट्रीट की शुरुआत रायसीना हिल्स पर डूबते सूरज की लालिमा की पृष्ठभूमि में भारतीय सैन्य बलों के बैंडों के धुनों से हुई। इस दौरान दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विजय चौक पर राष्ट्रध्वज फहराया।

बीटिंग रिट्रीट समारोह में लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल संगीतबद्ध देशभक्ति गीत 'ऐ वतन तेरे लिए' की धुन भी बजाई गई। देश भक्ति की भावना से ओत-प्रोत समारोह में थल सेना, नौसेना, वायु सेना और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के बैंड ने एक साथ मिलकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित विशिष्ट दर्शकों के सामने 30 फुट-टैपिंग भारतीय धुन बजाया। 'बीटिंग रिट्रीट' की शुरुआत 1950 के दशक आरंभ में हुई थी, जब भारतीय सेना के मेजर रॉबर्ट्स ने सामूहिक बैंड द्वारा प्रदर्शन का अनूठा समारोह स्वदेशी रूप से विकसित किया था। यह सदियों पुरानी सैन्य परंपरा का प्रतीक है। यह समारोह बीते समय की याद दिलाता है, जिसमें सूरज ढलने के बाद सैनिक लड़ाई बंद कर देते थे, अपने हथियार रख देते थे और रिट्रीट की आवाज सुनकर अपने शिविरों में लौट जाते थे। यह समारोह हर साल गणतंत्र दिवस के तीन दिन बाद 29 जनवरी को नई दिल्ली के विजय चौक पर आयोजित किया जाता है। इसमें भारतीय सेना, नौसेना, वायु सेना, दिल्ली पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के बैंड द्वारा संगीतमय प्रदर्शन किया जाता है। भारत के राष्ट्रपति सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर के रूप में इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हैं। इससे पहले 26 जनवरी को 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली के कर्तव्य पथ पर मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस विशेष कार्यक्रम के लिए इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे। इस साल परेड में 16 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और 10 मंत्रालयों/विभागों की झांकियां निकाली गई थीं।

# अब पीजी मेडिकल एडमिशन में नहीं लागू होगा मूल निवासी वाला आरक्षण

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा, आरक्षण का लाभ एक निश्चित डिग्री तक ही दिया जा सकता है**

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस हृषिकेश रॉय, सुधांशु धूलिया व एसवीएन भट्टी की बेंच ने देशभर के मेडिकल कॉलेज में एडमिशन के लिए जारी आरक्षण व्यवस्था पर फैसला सुनाया कि मेडिकल कॉलेजों में पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स में डोमिसाइल के आधार पर आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। कोर्ट ने इसे असंवैधानिक बताते हुए कहा कि राज्य कोटे के भीतर पीजी चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए निवास-आधारित आरक्षण असंवैधानिक है, क्योंकि यह अनुच्छेद 14 के तहत समानता के अधिकार का उल्लंघन करता है।

बेंच ने कहा कि हम सभी भारत के निवासी हैं। यहां राज्य या प्रांतीय डोमिसाइल जैसा कुछ नहीं है। केवल एक डोमिसाइल है, वह है हम सभी भारत के निवासी हैं। हमें भारत में कहीं भी निवास चुनने व देश में कहीं भी व्यापार व पेशा करने का अधिकार है। संविधान हमें पूरे भारत में शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश चुनने का अधिकार भी देता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी विशेष राज्य में रहने वाले छात्रों के लिए एमबीबीएस पाठ्यक्रमों में एक निश्चित डिग्री तक आरक्षण की अनुमति हो सकती है, लेकिन पीजी मेडिकल पाठ्यक्रमों में यह अस्वीकार्य है। कोर्ट ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों सहित शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण का लाभ किसी विशेष राज्य में रहने वालों को एमबीबीएस पाठ्यक्रमों में एक निश्चित डिग्री तक ही दिया जा सकता है। लेकिन, पीजी मेडिकल पाठ्यक्रमों में विशेषज्ञ डॉक्टरों के महत्व को देखते हुए, निवास के आधार पर उच्च स्तरों में आरक्षण संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन होगा। सर्वोच्च न्यायालय ने चंडीगढ़ सरकारी मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में पीजी प्रवेश के संबंध में पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय के एक फैसले के खिलाफ अपील पर सुनवाई करते हुए वर्ष 2019 में दो न्यायाधीशों की पीठ द्वारा किए गए संदर्भ का जवाब दिया।

## कांगो में द. अफ्रीकी शांति सेना के 4 और सैनिक मारे गए, संख्या बढ़कर हुई 13

**जोहान्सबर्ग (आईएएनएस)**

डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) में दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रीय रक्षा बल (एसएएनडीएफ) के चार और सैनिक मारे गए। दक्षिण अफ्रीका के रक्षा विभाग (डीओडी) ने पुष्टि की है। इसके साथ ही एसएएनडीएफ सैनिकों की मृत्यु की संख्या 13 हो गई है। विभाग ने एक बयान में कहा, "सोमवार, 27 जनवरी को गोमा हवाई अड्डे के पास, जहां एसएएनडीएफ (कांगो की डिफेंस फोर्स ) का बेस स्थित है। वहां और एम23 (मार्च 23 मूवमेंट) के बीच मोर्टार बम दागे गए। जिसमें एसएएनडीएफ के तीन सदस्य मारे गए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, एम23 विद्रोहियों ने गोमा हवाई अड्डे की दिशा में कई मोर्टार बम दागे, जो एसएएनडीएफ बेस पर गिरे और परिणामस्वरूप मौतें हुईं। बयान के अनुसार, पिछले तीन दिनों में हुई लड़ाई में लगी चोटों के कारण चौथे शांति सैनिक की मौत हो गई। अन्य घायल एसएएनडीएफ सदस्यों को डीआरसी के पूर्वी प्रांत नॉर्थ किवु की राजधानी गोमा के एक अस्पताल में चिकित्सा सहायता मिल रही है।

## तुर्की : सुरक्षाबलों का बड़ा एक्शन, 100 आईएस संदिग्धों को हिरासत में लिया

- पुलिस ने छापेमारी के दौरान संगठनात्मक दस्तावेज और डिजिटल सामग्री जब्त की

**अंकारा (आईएएनएस)**



तुर्की के आंतरिक मंत्री अली येरलिकाया ने मंगलवार को कहा कि पिछले सप्ताह में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के 100 संदिग्ध सदस्यों को हिरासत में लिया गया है। मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि 'गुर्ज-41' और 'गुर्ज-42' नामक अभियान राजधानी अंकारा और तुर्की के सबसे अधिक आबादी वाले शहर इस्तांबुल सहित 24 प्रांतों में चलाए गए। मंत्री ने कहा कि अधिकारियों ने पाया कि संदिग्ध संगठन के भीतर गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे। ग्रुप को वित्तीय सहायता प्रदान कर रहे थे और सोशल मीडिया पर आतंकवादी संगठन के लिए प्रचार कर रहे थे। सिन्हुआ समाचार एजेंसी के मुताबिक येर्लिकाया ने कहा कि पुलिस ने छापेमारी के दौरान संगठनात्मक दस्तावेज और डिजिटल सामग्री जब्त की। तुर्की ने 2013 में आईएस को आतंकवादी संगठन घोषित किया था और देश में हुए कई घातक हमलों के लिए इसे जिम्मेदार ठहराया था। अंकारा ने इसके सदस्यों और गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए देश और विदेश में आतंकवाद विरोधी अभियान चलाए हैं। इससे पहले पुलिस ने देश भर में ड्रग्स तस्करी विरोधी अभियान में 2,795 संदिग्धों को हिरासत में लिया। आंतरिक मंत्री अली येरलिकाया ने पिछले हफ्ते यह जानकारी दी।

येरलिकाया ने 23 जनवरी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अभियान का समय बताए बिना बताया कहा, 'नार्कोकापन-9' नामक अभियान में पुलिस ने एक टन से अधिक मादक पदार्थ और 13.8 मिलियन मादक गोलियां जब्त कीं। येरलिकाया ने बताया कि 77 तुर्की प्रांतों में चलाए गए अभियान में कुल 4,192 टीमें, 10,480 कर्मचारी, 47 यूएवी और हेलीकॉप्टर, 98 ड्रग्स खोजी कुत्तों ने हिस्सा लिया। एशिया और यूरोप के चौराहे पर स्थित तुर्की कई वर्षों से अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी से जूझ रहा है।

### भारत ने श्रीलंकाई उच्चायुक्त को किया तलब

## मछुआरों पर गोलीबारी को लेकर 'कड़ा विरोध' कराया दर्ज

**नई दिल्ली ।** भारत ने मंगलवार को श्रीलंकाई उच्चायुक्त को तलब किया। नई दिल्ली ने डेल्फट द्वीप के पास 13 भारतीय मछुआरों को पकड़ने के दौरान श्रीलंकाई नौसेना द्वारा की गई गोलीबारी की घटना पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। विदेश मंत्रालय ने श्रीलंका के कार्यवाहक उच्चायुक्त प्रियंगा विक्रमसिंघे को तलब किया। कोलंबो में भारतीय उच्चायोग ने भी इस मामले को श्रीलंका के विदेश मंत्रालय के सामने उठाया। भारत सरकार ने बताया कि मछली पकड़ने वाली नाव पर सवार 13 मछुआरों में से दो गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनका इलाज जाफना टीचिंग अस्पताल में चल रहा है। तीन अन्य मछुआरों को मामूली चोटें आईं हैं। भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारी अस्पताल जाकर घायल मछुआरों से मिले और उन्हें हर संभव मदद देने का वादा किया। गिरफ्तार किए गए मछुआरे तमिलनाडु के रामेश्वरम और पुदुकोट्टई के हैं।

## 2025 वसंत महोत्सव में नई ऊंचाई पर बॉक्स ऑफिस कलेक्शन



**बीजिंग।** ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के डेटा के अनुसार, 29 जनवरी को 13:50 तक, 2025 चीनी चंद्र नववर्ष के पहले दिन बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 1 अरब 37 करोड़ 50 लाख युआन तक पहुंच गया, जो पिछले साल के इसी समय के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की तुलना में अधिक रहा। 29 जनवरी को 13:52 तक, 2025 वसंत महोत्सव (28 जनवरी - 4 फरवरी) के लिए कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन (प्री-सेल्स सहित) 1.8 अरब युआन से अधिक हो गया, जिसने नया रिकॉर्ड तोड़ दिया।

## उत्तर कोरियाई अधिकारियों पर शराब पीने और अन्य गड़बड़ियों का आरोप, किम जोंग उन बोले- ये बड़ा अपराध

**एजेंसी । सोल**



उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने पार्टी के अधिकारियों को शराब पीने और अन्य गड़बड़ियों को लेकर सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने इसे 'बड़ा अपराध' बताया। उनके इस कदम को आंतरिक अनुशासन को सख्त बनाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। किम जोंग-उन ने सोमवार को वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया की आठवीं केंद्रीय समिति की 30वीं बैठक में पार्टी का अनुशासन तोड़ने और गलत तरीके से विशेषाधिकारों का इस्तेमाल करने के गंभीर मामलों पर बात की। यह जानकारी योनहाप समाचार एजेंसी ने कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केएनसीए) के हवाले से दी है। केसीएनए ने बताया कि बैठक में ओनचोन काउंटी, नम्फो नगर पालिका और जगांग प्रांत के एक काउंटी के अधिकारियों के 'गलत कामों' का खुलासा हुआ।

## आर्थिक संकट में उलझा पाकिस्तान

# आईएमएफ या व्यापारी, किसकी सुनेगी शहबाज सरकार ?

**एजेंसी । इस्लामाबाद**



आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए परेशानियां कम नहीं हो रही हैं। एक तरफ उसे अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने आगाह किया कि वह अपनी बेलआउट योजना और प्रतिबद्धताओं पर कायम रहे, वहीं देश के निजी व्यापार क्षेत्र की ओर से सार्वजनिक-निजी भागीदारी कार्यक्रमों के जरिए नए अवसर खोलने और रोजगार सृजन की मांग बढ़ रही है। वहीं सरकार धैर्य रखने की सलाह दे रही है।

पाकिस्तान के लिए नए आईएमएफ रेजिडेंट प्रतिनिधि माहिर बिनिसी ने इस्लामाबाद से सुधारों को लागू करने की अपील की, जो लंबे समय में लोगों के लिए फायदेमंद साबित हो सकेत हैं। पाकिस्तान बार काउंसिल (पीबीसी) में 'अर्थव्यवस्था पर संवाद' नामक एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए बिनिसी ने कहा, "पाकिस्तान की नजरें अपने लक्ष्य पर होनी चाहिए उसे आईएमएफ कार्यक्रम के उद्देश्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने की जरुरत है। साथ ही उसे सुधारों को लागू करने के लिए धैर्य रखने की जरुरत है, ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। आईएमएफ के रेजिडेंट प्रतिनिधि का बयान ऐसे समय में आया जब पाकिस्तान का व्यापारिक समुदाय प्रांतीय और संघीय सरकार के पास शिकायतें, चिंताएं और सिफारिशें लेकर जा रहा है। सार्वजनिक-निजी भागीदारी के अधिक रास्ते खोलने की मांग की जा रही है। प्रसिद्ध शेयर व्यापारी और आरिफ हबीब ग्रुप के संस्थापक आरिफ हबीब ने शहबाज शरीफ सरकार से अपील की कि वह तत्काल सार्वजनिक-निजी भागीदारी ढांचे के साथ आगे बढ़ने के महत्व को समझे।

हबीब ने कहा, "पहली तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर केवल 0.92 प्रतिशत रही। बेरोजगारी तेजी से बढ़ रही है और व्यापारिक समुदाय के लिए ज्यादा मौके नहीं हैं। वास्तव में, घाटे के कारण व्यवसाय बंद हो रहे हैं या अपना परिचालन कम कर रहे हैं।" उन्होंने यह बात सिंध प्रांत के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के नेता बिलावल भुट्टो जरदारी के साथ व्यापारिक समुदाय की एक बैठक के दौरान कही।

### स्थिरता से विकास की ओर कोई ऑटोमैटिक बदलाव नहीं होता

हबीब ने कहा, "सरकार को सार्वजनिक-निजी भागीदारी पर विचार करना चाहिए, जिससे व्यवसायियों के लिए दरवाजे खुलेंगे और नौकरियां पैदा होंगी, बेरोजगारी की समस्या से निपटा जा सकेगा। हालांकि, सरकार का कहना है कि आर्थिक संकट को तुरंत हल नहीं किया जा सकता है और सुधारों के सकारात्मक प्रभाव आने वाले दिनों में दिखाई देंगे। वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने कहा, "स्थिरता से विकास की ओर कोई ऑटोमैटिक बदलाव नहीं होता। हमें अर्थव्यवस्था के डीएनए को बदलने की जरूरत है, ताकि आर्थिक विकास में किसी भी नए उछाल के बाद भुगतान संतुलन के किसी भी नए संकट से बचा जा सके। अर्थशास्त्री शाहबाज राणा के मुताबिक, "आईएमएफ चाहेगा कि पाकिस्तान अपनी प्रतिबद्धता को समझे और उसके कार्यक्रम को पूरा करे। यह ऐसे किसी भी नए उपाय की अनुमति नहीं देगा जो कार्यक्रम को पटरी से उतार सकता है। बिनिसी ने पाकिस्तान सरकार को याद दिलाया कि उसका ध्यान सुधार एजेंडे पर बना रहना चाहिए।

## सार्वजनिक स्कूल में नामांकन के समय पूछी जा सकती है आव्रजन स्थिति

### ओक्लाहोमा राज्य शिक्षा बोर्ड का प्रस्ताव

**ह्यूस्टन (आईएएनएस)**

ओक्लाहोमा के राज्य शिक्षा बोर्ड ने एक नियम को मंजूरी दी है जिसके तहत सार्वजनिक स्कूलों में छात्रों का नामांकन करते समय अभिभावकों को इमिग्रेशन या नागरिकता स्टेटस की जानकारी देनी होगी। मंगलवार को सर्वसम्मति से 6-0 से इस नियम को स्वीकृत किया गया। हालांकि दक्षिण-मध्य अमेरिकी राज्य में लागू होने के लिए राज्यपाल और राज्य विधानमंडल की तरफ से इसका अनुमोदन होना चाहिए।

अगर इन दोनों जगह से इस नियम को स्वीकृति मिल जाती है तो प्रत्येक स्कूल डिस्ट्रिक्ट को उन छात्रों की संख्या दर्ज करनी होगी जिनके माता-पिता या अभिभावक 'छात्र की सिटीजनशिप या लीगल इमिग्रेशन स्टेट्स की कमी के कारण' नागरिकता या कानूनी आव्रजन स्थिति का प्रमाण नहीं दे सके। बोर्ड के रिपब्लिकन सदस्य और पब्लिक इंस्ट्रक्शन के अधीक्षक रयान वाल्टर्स ने कहा, "अवैध अप्रवासियों के बारे में हमारा नियम बस यही है। इसका उद्देश्य यह है कि हमारे स्कूलों में कितने अवैध अप्रवासी छात्र हैं, इसका हिसाब रखा जाए।

शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने स्थानीय मीडिया के हवाले से बताया कि मंगलवार को ओक्लाहोमा सिटी में दर्जनों स्टूडेंट्स ने वाल्टर्स की अप्रवास नीतियों का विरोध किया। उन्होंने निर्वासन एजेंटों को स्कूल परिसरों से दूर रखने की मांग की।